हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
रायपुर, सोमवार 8 जून 2026

SHOWROOMS: CHHATTISGARH: RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.

ट्रेन के खाने पर अब एआई की नजर, 2400 कैमरे गंदगी देखते ही करेंगे अलर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। अब रेलवे खाने की गुणवत्ता और साफ-सफाई पर पहले से ज्यादा सख्ती बरत रहा है। आईआरसीटीसी ने ट्रेनों में परोसे जाने वाले खाने की सफाई और गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखने के लिए नई व्यवस्था शुरू की है। यात्रियों की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए आईआरसीटीसी ने देशभर की सैकड़ों रसोइयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया है। जिसके तहत देशभर के 800 से ज्यादा बेस किचन में एआई कैमरे लगाए गए हैं। आईआरसीटीसी के मुताबिक इससे किचन की साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा पर बेहतर नियंत्रण रखने में मदद मिल रही है। आईआरसीटीसी ने कहा कि अगर तय समय के भीतर समस्या का समाधान नहीं किया जाता, तो संबंधित अधिकारियों द्वारा आगे की कार्रवाई भी की जा सकती है।

रात-दिन कैमरे रखेंगे रसोई पर नजर

रेलवे के अनुसार, देशभर में 800 से अधिक बेस किचन को एआई आधारित निगरानी प्रणाली से जोड़ा गया है। इसके लिए हजारों स्मार्ट कैमरे लगाए गए हैं, जो दिन-रात किचन की गतिविधियों पर नजर रखते हैं। इन कैमरों का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि यात्रियों तक साफ और सुरक्षित खाना पहुंचे और किसी प्रकार की शिकायत न हो।

रोजाना सैकड़ों अलर्ट हो रहे जारी

रेलवे का मानना है कि इससे कर्मचारियों की जवाबदेही बढ़ेगी और यात्रियों को बेहतर सेवा मिलेगी। जानकारी के अनुसार, यह सिस्टम रोजाना सैकड़ों अलर्ट जारी करता है। पिछले महीने ही हजारों मामलों में सफाई और सुरक्षा से जुड़ी कमियों की पहचान की गई, जिन पर तुरंत ध्यान दिया गया।

गुणवत्ता में सुधार, यात्रियों को सुविधाएं

नई तकनीक के इस्तेमाल से खाने की गुणवत्ता में सुधार आएगा और यात्रियों का भरोसा भी मजबूत होगा। आने वाले समय में इस तरह की आधुनिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की योजना है, ताकि ट्रेनों में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता लगातार बेहतर होती रहे।

ट्रेन यात्रियों की सुविधा के लिए आईआरसीटीसी ने लगाए स्मार्ट कैमरे

दिल्ली स्थित मुख्यालय में कंट्रोल रूम

इन सभी कैमरों की निगरानी के लिए नई दिल्ली स्थित आईआरसीटीसी मुख्यालय में एक आधुनिक कंट्रोल सेंटर बनाया गया है। यहां से 24 घंटे लाइव फीड पर नजर रखी जाती है। जैसे ही किसी किचन में कोई समस्या दिखाई देती है, वहां के मैनेजर को तुरंत सूचना भेजी जाती है ताकि जल्द से जल्द सुधार किया जा सके।



इस तरह की गड़बड़ियों को पकड़ेंगे कैमरे

एआई कैमरे किचन में कई तरह की गड़बड़ियों को पहचान सकते हैं। अगर खाना बनाते समय आसपास मक्खी, कॉकरोच, चूहा या अन्य कीड़े दिखाई देते हैं तो सिस्टम तुरंत इसकी जानकारी भेज देता है। इतना ही नहीं, अगर कोई कर्मचारी बिना हेयरनेट या ग्लव्स के काम करता हुआ दिखाई देता है, तब भी अलर्ट जारी हो जाता है। रेलवे का दावा है कि यह तकनीक बहुत छोटे कीड़ों को भी पहचान सकती है।

खबर संक्षेप

बरेली में हवाला रैकेट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में पुलिस ने रविवार को एक कथित हवाला गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 35 लाख रुपये नकद और फर्जी आधार कार्ड बरामद करने के बाद दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने संवाददाताओं को बताया कि आरोपियों की पहचान बरेली के हजियापुर चुंगी के रहने वाले जमीर अहमद और राजस्थान के बीकानेर के रहने वाले जगदीश चोटिया के रूप में हुई है।

क्रिकेट के विवाद में युवक की मौत, एक गिरफ्तार

बागपत। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में क्रिकेट खेलने को लेकर हुए विवाद में गंभीर रूप से घायल एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बड़ौत थाना क्षेत्र के बावली ग्राम में हुई इस घटना के संबंध में नामजद एक आरोपी सुहेल को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुक्रवार को क्रिकेट खेलने के दौरान दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया था। झगड़े के दौरान सुहेल ने क्रिकेट बैट से राशिद पर हमला कर दिया था जिसकी मौत हो गई। मृतक के पिता की लिखित तहरीर के आधार पर शनिवार को बड़ौत थाने में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

अब संपत्ति की जंग, ईरान की खजाने पर अमेरिका की नजर

जब्त ईरानी संपत्तियों से खाड़ी देशों के नुकसान की भरपाई करेगा अमेरिका

सीजफायर लागू होने के बावजूद अमेरिक और ईरान के बीच तनाव कम होने के बजाय बढ़ता जा रहा है। अमेरिका अब ईरान की फ्रीज की गई संपत्तियों को खाड़ी देशों के नुकसान की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए प्रयोग करने की योजना बना रहा है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, ईरान द्वारा कुवैत और बहरीन पर किए गए ड्रोन-मिसाइल हमलों के बाद वाशिंगटन इस कदम पर गंभीरता से विचार कर रहा है।

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

रॉयटर्स के अनुसार, शनिवार को सूत्रों ने बताया कि अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने एक विशेष टीम को ईरान द्वारा खाड़ी सहयोगी देशों को पहुंचाए गए नुकसान का विस्तृत आकलन करने का निर्देश दिया है। टीम भविष्य में होने वाले किसी भी हमले या विनाश की मरम्मत के लिए ईरानी संसाधनों के उपयोग पर भी मंथन करेगी। बताया जा रहा है कि यह मामला ईरान के सर्वोच्च नेता के सलाहकार मोहसेन रेजाई के उस बयान के ठीक एक दिन बाद सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि तीन महीने से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका द्वारा फ्रीज की गई 24 अरब डॉलर की ईरानी संपत्तियों को रिहा करना जरूरी है।

अमेरिकी ने नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने एक टीम को ईरान द्वारा खाड़ी देशों को पहुंचाए गए नुकसान की लागत का आकलन करने और यह विचार करने का निर्देश दिया है कि क्या उन मरम्मत कार्यों के लिए ईरानी संपत्तियों का उपयोग किया जा सकता है। अमेरिकी सरकार ईरानी हमलों के परिणामस्वरूप भविष्य में होने वाले नुकसान की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए ईरानी संपत्तियों को निर्देशित करने का प्रयास करेगी। हाल ही में ईरान के सर्वोच्च नेता के सलाहकार मोहसेन रेजाई ने कहा कि शांति समझौते की दिशा में प्रगति अमेरिका द्वारा फ्रीज की गई ईरानी संपत्तियों की रिहाई पर निर्भर करती है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि प्रशासन इस बात की जांच कर रहा है कि क्या ईरानी संपत्तियों का उपयोग न केवल भविष्य के पुनर्निर्माण के लिए, बल्कि खाड़ी सहयोगियों को हो चुके नुकसान की भरपाई के लिए भी किया जा सकता है।

ईरान बोला- मोजतबा और ट्रंप की मुलाकात संभव नहीं

ईरान के नेतृत्व ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के बीच मुलाकात की संभावना को खारिज कर दिया है। ईरानी नेता के एक वरिष्ठ सलाहकार ने कहा है कि जब तक तेहरान और वाशिंगटन के बीच बातचीत ठप है, तब तक ऐसी मुलाकात नहीं होगी। रेजाई ने कहा, ऐसा नहीं होगा। अभी हम बातचीत के पहले चरण में हैं और ट्रंप ने इस प्रक्रिया को रोक दिया है। इसलिए ऐसी कोई बैठक नहीं होगी।

पाकिस्तानी गृह मंत्री तेहरान पहुंचे

ईरानी सरकारी मीडिया ने बताया कि पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी शनिवार को तेहरान पहुंचे और उन्होंने विदेश मंत्री अब्बास अराघची समेत ईरानी अधिकारियों से बातचीत की। रिपोर्ट के मुताबिक, नकवी ने कहा कि वे अपने देश के सेना प्रमुख और प्रधानमंत्री का सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के लिए एक 'विशेष पत्र' लेकर आए हैं। पाकिस्तान दोनों देशों के बीच टकराव को खत्म करने के लिए अहम मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है।

नेपाल के विदेश मंत्री खनाल मिले जयशंकर से

हम एक ही नदियों की संतान भारत के साथ रिश्ते मजबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने रविवार को भारत के साथ विकास-केंद्रित साझेदारी की बात कही। उन्होंने कहा कि काठमांडू एक उभरते हुए भारत के साथ मिलकर काम करने का इच्छुक है, जिसने खुद को एक बड़ी आर्थिक और तकनीकी ताकत के रूप में स्थापित किया है। भारत की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान एक मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए खनाल ने दोनों देशों को जोड़ने वाले गहरे सभ्यतागत और सांस्कृतिक संबंधों पर जोर दिया और कहा कि यह रिश्ता केवल भौगोलिक सीमाओं से कहीं आगे का है। खनाल ने कहा, हम सिर्फ नक्शे पर पड़ोसी नहीं हैं, बल्कि एक ही नदियों की संतानें हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि दोनों देशों के आपसी संबंधों के बारे में जनता की समझ बनाने में प्रेस अहम भूमिका निभाता है।

डिजिटल पेमेंट से जुड़े दोनों देश

नेपानी मंत्री खनाल ने नेपाल की एनसीएचएल और भारत की एनपीसीआई के बीच हुए समझौते के तहत सीमा-पार डिजिटल पेमेंट ट्रांजैक्शन शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस पहल से दोनों देशों के पेमेंट सिस्टम सफलतापूर्वक जुड़ जाएंगे और यूपीआई -जैसे क्रॉस-बॉर्डर ट्रांजैक्शन संभव हो सकेंगे, जिससे सीमा के दोनों ओर के उद्यमियों, पर्यटकों और आम नागरिकों को सीधे फायदा होगा। विकास के क्षेत्र में मजबूत साझेदारी को और आगे बढ़ाते हुए खनाल ने नेपाल में स्वास्थ्य क्षेत्र की 72 परियोजनाओं और सांस्कृतिक क्षेत्र की पुनर्निर्माण से जुड़ी 12 परियोजनाओं को औपचारिक रूप से सौंपने की घोषणा की।

'हम उम्मीदों वाले भारत से जुड़ना चाहते हैं'

खनाल ने कहा, जब हम सीमा के उस पार देखते हैं, तो हमें भारत एक आर्थिक महाशक्ति के तौर पर दिखाई देता है। उन्होंने आगे कहा, हम एक ऐसे उभरते हुए भारत को देखते हैं जिसने वैश्विक मंच पर खुद को एक गतिशील, तेजी से बढ़ती टेक्नोलॉजी और आर्थिक शक्ति के रूप में नई पहचान दी है। हम उम्मीदों, इनोवेशन और काम को अंजाम देने की क्षमता वाले इस भारत के साथ जुड़ना चाहते हैं।

मोदी बोले- देश की बेटियों के लिए प्रेरणा

भारत की मेजर अभिलाषा को मिला यूएन में अवॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की मेजर अभिलाषा बराक को संयुक्त राष्ट्र का 'मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर' पुरस्कार से नवाजा गया है। मेजर अभिलाषा बराक इस समय लेबनान में संयुक्त राष्ट्र के मिशन में अपनी सेवाएं दे रही हैं। उन्हें लेबनान में अपनी तैनाती के दौरान महिलाओं और लड़कियों के बीच सुरक्षा और सहयोग बढ़ाने के लिए इस 'मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। मेजर अभिलाषा के नाम एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज है। वो भारतीय सेना की पहली महिला कॉम्बैट हेलीकॉप्टर पायलट भी हैं।

बता दें कि संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशनों में सैनिक और पुलिस भेजने के मामले में भारत दुनिया के सबसे बड़े देशों में शामिल है। आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी 2026 तक लेबनान में संयुक्त राष्ट्र के इस मिशन में 48 देशों के कुल 7,538 शांति सैनिक तैनात हैं। इस मिशन में भारत के 642 सैनिक शामिल हैं।

बेटियों के लिए प्रेरणा : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'यूएन मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित होने पर मेजर अभिलाषा बराक को बहुत-बहुत बधाई। ये सम्मान मेजर अभिलाषा की सेवा और संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में भारत के ऐतिहासिक योगदान की पहचान है। उनकी ये कामयाबी अनगिनत युवा भारतीय बेटियों के लिए एक बड़ी प्रेरणा है।

हंगामा देख गुस्से में निकाली थी पिस्टल

हड़बड़ाहट में चली गोली से भाजपा महिला नेत्री की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जबलपुर

शहर में शनिवार देर रात एक सनसनीखेज हादसा सामने आया है। रांझी थाना क्षेत्र के न्यू शोभापुर में भाजपा की महिला नेत्री संगीता रजक की अपनी ही लाइसेंसी पिस्टल से दुर्घटनावश चली गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, रात करीब 1 से 2 बजे के बीच संगीता के घर के बाहर कुछ अज्ञात लोग गाली-गलौज और शोर-शराबा कर रहे थे। आवाज सुनकर संगीता अपने पति बंटी रजक (पूर्व विधायक प्रतिनिधि) के साथ बाहर आईं और बदमाशों को फटकारा। माहौल तनावपूर्ण होने पर संगीता गुस्से में घर के अंदर गईं और अपनी लाइसेंसी पिस्टल लेकर बाहर निकलीं। इसी हड़बड़ाहट के बीच अचानक पिस्टल का ट्रिगर दब गया और गोली सीधे उनके पेट में जा लगी। गंभीर हालत में परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस शुरुआती तौर पर इसे मिस फायरिंग का हादसा मान रही है, लेकिन हर एंगल को खंगाला जा रहा है।

■ ट्रिगर दबने से गोली सीधे उनके पेट में जा घुसी

नहर में नहाते तीन भाइयों की डूबने से मौत

एटा/कासगंज। उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले की नदरई हजारा नहर में नहाने के दौरान डूबे हाथरस के तीन सगे भाइयों के शव लगभग 20 घंटे तक चले खोज एवं बचाव अभियान के बाद बरामद कर लिए गए। पुलिस के अनुसार टिकरी नगला गांव निवासी जयप्रकाश, अजय और छोटू (22) शनिवार को अपने मित्र सुमित के साथ नदरई हजारा नहर में नहाने आए थे।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
नकली माल से सावधान

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
स्किन क्लिनिक
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसलटेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑंकोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
› प्रसूति › नवजात › शिशु रोग › बांझपन › सोनोग्राफी › आयुष्मान कार्ड › बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन › अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव*
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹112983/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹137990/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹150629/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
aNaND Jewels
Pandri, Raipur

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 8 जून 2026

दुनिया से विदा होने के पहले 12 साल की सुमना ने बचाई दो जिंदगी, एम्स में हुआ किडनी का प्रत्यारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुनिया से विदा होने से पहले 12 साल की सुमना कुंडु किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित दो मरीजों को नई जिंदगी दे गई। एम्स के आईसीयू में 9 दिन चले उपचार के बाद उसके ब्रेनडेड होने पर माता-पिता ने कठिन परिस्थितियों में अंगदान का फैसला लिया और उसके बाद करीब पांच साल से पिक्नोडाइसोस्टोसिस की गंभीर बीमारी से पीड़ित सुमना के अंगों से जरूरतमंदों को नया जीवन दिया गया।

खास खबर

एम्स में पिछले दो-तीन सालों से चल रहा था सुमना का इलाज

समाज के लिए प्रेरक उदाहरण

बच्ची के अंगदान में एम्स की अंग प्रत्यारोपण एवं रिट्रीवल टीम छत्तीसगढ़ अंग एवं उतक प्रत्यारोपण संगठन (सोटो) की प्रमुख भूमिका रही। सोटो के संयुक्त संचालक डॉ. वरुण अग्रवाल ने कहा कि अंगदान केवल चिकित्सा प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानवता की सर्वोच्च अभिव्यक्ति है। छत्तीसगढ़ की आईसी एवं मीडिया कंसल्टेंट गीतिका ब्रह्मभट्ट त्रिपाठी ने कहा कि सुमना का अंगदान समाज में ▶▶| शेष पेज 5 पर

15 और 45 साल के मरीज को मिली किडनी

सुमना की पहली किडनी टाटीबंध निवासी 15 वर्षीय लड़के में प्रत्यारोपित किया गया जो तीन वर्षों से डायलिसिस पर था। दूसरा गुर्दा राजधानी के ही 45 वर्षीय मरीज को प्रत्यारोपित किया गया। वह मूल रूप से मध्य प्रदेश के बालाघाट का निवासी है और पांच वर्षों से डायलिसिस पर था। दोनों प्रत्यारोपण सफल रहे और दोनों प्राप्तकर्ता गुर्दा प्रत्यारोपण आईसीयू में स्थिर हैं और स्वस्थ हो रहे हैं। प्रत्यारोपण प्रक्रियाएं यूरोलॉजी विभाग द्वारा डॉ. अमित आर. शर्मा के नेतृत्व में, डॉ. दीपक बिस्वाल ▶▶| शेष पेज 5 पर

टाटीबंध में करीब 25 साल से रहने और फास्ट फूड का काम करने वाले लक्ष्मण कुंडू एवं सरस्वती कुंडू की 12 साल 4 महीने की बेटी सुमना को गंभीर रूप से अनुवांशिक बीमारी थी। यह बीमारी हड्डियों को प्रभावित करता है जिससे खोपड़ी के अंदर अत्याधिक दबाव बढ़ता है। बेटी के इलाज के लिए देश के कई बड़े अस्पतालों का चक्कर लगाने के बाद वे एम्स पहुंचे थे। यहां पिछले दो-तीन सालों से उसका इलाज चल रहा था। समस्या बढ़ने पर लगातार 9 दिनों तक आईसीयू में उपचार एवं वेंटिलेटर सपोर्ट पर रहने के बाद चिकित्सकों के अथक प्रयासों के बावजूद भी उसे ▶▶| शेष पेज 5 पर

खबर संक्षेप

अटारी सीमा पर प्रस्तुति देकर बीएसएफ को दी सलामी

अमृतसर। ऑस्कर पुरस्कार विजेता संगीतकार ए. आर. रहमान ने रविवार को पंजाब में अटारी सीमा चौकी पर पहली बार लाइव प्रस्तुति देकर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को संगीत के माध्यम से सलामी दी। संयुक्त जांच चौकी स्टेडियम में आयोजित बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान जय हो -वीर जवानों को संगीतमय सलामी शीर्षक के साथ यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नीट-यूजी के प्रस्तावित परीक्षा शहर घोषित

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने 21 जून को होने वाली नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा के लिए रविवार को परीक्षार्थियों को प्रस्तावित परीक्षा शहरों की जानकारी दी। एनटीए ने 'एक्स' एक पोस्ट में कहा कि उम्मीदवार अब नीट-यूजी 2026 के लिए आवंटित परीक्षा शहर की जानकारी देख सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपने आवेदन संख्या और पासवर्ड से लॉग-इन करके अपनी पर्ची देखनी और डाउनलोड करनी होगी।

साइकिल चलाने गई छात्रा का शव मिला

जयपुर। राजस्थान के जयपुर में 16 वर्षीय एक स्कूली छात्रा का शव शनिवार सुबह अपार्टमेंट के बाहर मिला। पुलिस ने बताया था कि छात्रा शुक्रवार शाम साइकिल चलाने के लिए घर से निकली थी लेकिन देर रात तक नहीं लौटी, जिसके बाद परिजनों ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। प्रताप नगर थाना प्रभारी पूरनमल ने बताया कि मृतका की मां अपार्टमेंट के पास साड़ी की दुकान चलाती हैं और छात्रा वहीं साइकिल चलाने गई थी। उन्होंने बताया कि लड़की की चप्पल और चश्मा इमारत की छत पर मिले।

प्रदेश के ढाई हजार पंपों की जांच, रायगढ़, रायपुर और कोरबा जिले में सबसे ज्यादा गड़बड़ी

आम आदमी के डीजल पर उद्योगों का डाका, इसलिए बल्क खरीदी में 35 फीसदी की कमी, अब जांच

छत्तीसगढ़ में मई में जब लोग डीजल संकट से जूझ रहे थे, तभी अंदर ही अंदर राज्य के उद्योग एक बड़े खेल में लगे हुए थे। दरअसल, औद्योगिक उपयोग का कार्मिशियल डीजल 53 रुपए महंगा हो गया था, तब राज्य के उद्योग आम जनता के उपयोग के कम रेट वाले डीजल की अंधाधुंध खरीदी में लगे थे। इसका नतीजा ये हुआ कि औद्योगिक बल्क डीजल की बिक्री में फरवरी से मई के बीच 35 प्रतिशत की कमी आ गई। अब राज्य सरकार प्रदेश के ढाई हजार से अधिक पेट्रोल पंपों की जांच करवा रही है कि इन्होंने जनता के हिस्से का डीजल उद्योगों को बेचा था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में डीजल की आपूर्ति और खपत को लेकर राज्य सरकार की समीक्षा में एक बड़ा संकेत सामने आया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार औद्योगिक और थोक उपभोक्ताओं द्वारा खरीदे जाने वाले कमर्शियल डीजल की खपत फरवरी की तुलना में अप्रैल-मई के दौरान 35 प्रतिशत तक घट गई है। इसके बाद सरकार ने आशंका जताई है कि कुछ औद्योगिक उपभोक्ता महंगा कमर्शियल डीजल खरीदने के बजाय आम उपभोक्ताओं के लिए निर्धारित खुदरा पेट्रोल पंपों से डीजल उठा रहे हैं। इसी आशंका की जांच के निर्देश भी दिए गए हैं।

खास खबर

अब हो रही है ये जांच: राज्य सरकार ने इस मुद्दे को गंभीर मानते हुए सभी जिलों को औद्योगिक और खुदरा ▶▶| शेष पेज 5 पर

औद्योगिक बल्क डीजल की बिक्री में फरवरी से मई के बीच 35 प्रतिशत की कमी



रायगढ़, रायपुर और कोरबा सबसे अधिक निगरानी में

जिलावार आंकड़ों से पता चलता है कि रायगढ़, रायपुर और कोरबा में ऐसे औद्योगिक या थोक उपभोक्ताओं की संख्या सबसे अधिक है जिनका डीजल उठाव पिछले वर्ष की तुलना में कम हुआ है। रायगढ़ में अप्रैल में 25 और मई में 16, रायपुर में 22 और 18, जबकि कोरबा में 20 और 17 उपभोक्ता इस श्रेणी में पाए गए। ये तीनों जिले बड़े औद्योगिक केंद्र हैं, इसलिए यहां की स्थिति पर विशेष नजर रखी जा रही है।

35% की गिरावट ने बढ़ाई चिंता

सरकारी जांच से ये तथ्य सामने आया कि राज्य में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के कुल 248 औद्योगिक एवं थोक उपभोक्ताओं ने फरवरी 2026 में 60,721 किलोलीटर डीजल खरीदा था। यह मात्रा अप्रैल-मई में घटकर 39,692 किलोलीटर और मई में 23,533 किलोलीटर रह गई। फरवरी की तुलना में कुल बिक्री में 35 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। सबसे बड़ी गिरावट इंडियन ऑयल के उपभोक्ताओं में दर्ज की गई, जहां बिक्री में 46 प्रतिशत की कमी आई। भारत पेट्रोलियम में 24 प्रतिशत और हिंदुस्तान पेट्रोलियम में 11 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई।



उद्योगों के लिए अलग व्यवस्था

सरकार ने स्पष्ट किया है कि पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों और थोक उपभोक्ताओं को अपनी आवश्यकता का डीजल सीधे बल्क लोडिंग प्वाइंट या अपने कंज्यूमर पंप से वाणिज्यिक दर पर लेना होगा। आवश्यकता पड़ने पर औद्योगिक बल्क लोडिंग प्वाइंट की क्षमता बढ़ाने के लिए तेल कंपनियों से समन्वय करने को भी कहा गया है। इससे सार्वजनिक खुदरा पेट्रोल पंपों पर दबाव कम होगा और जमाखोरी या डीजल डायवर्सन जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकेगा।

कलेक्टरों को समीक्षा और कार्रवाई के निर्देश

राज्य सरकार ने जिलों को असामान्य रूप से अधिक डीजल बेचने वाले पेट्रोल पंपों की आकस्मिक जांच करने और नियमों के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिला कलेक्टरों को तेल विपणन कंपनियों ▶▶| शेष पेज 5 पर

महंगाई पर सियासी घमासान

विपक्ष ने घेरा, सरकार का दावा अन्य देशों से सस्ता रसोई गैस

नई दिल्ली। पेट्रोल डीजल के बाद रविवार से घरेलू सिलेंडर के दामों में 29 रुपए प्रति सिलेंडर का इजाफा हो गया। इसके बाद सियासी घमासान शुरू हो गया है। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस से लेकर समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों ने सरकार पर निशाना साधा है। वहीं, केंद्र सरकार ने अपने

फैसले का बचाव करते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों में तेज उछाल के बावजूद भारत में परिवारों को रसोई गैस दुनिया के अन्य देशों की तुलना में सस्ती कीमत पर मिल रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने पूछे तीन सवाल

- **पहला सवाल** - संसद में पीएम मोदी ने लंबी-चौड़े दावे किए थे कि वे पश्चिम एशिया युद्ध के चलते 41 देशों से फ्यूल डाइवरसिफिकेशन कर रहे हैं। उसका क्या हुआ?
- **दूसरा सवाल** - 2025-26 में उज्ज्वला योजना में 5.56 करोड़ परिवारों ने सिर्फ एक या एक भी रिफिल नहीं करवाया। क्या ये मोदी सरकार की लूट का नतीजा नहीं है?
- **तीसरा सवाल** - मोदी जी और भाजपा नेता यूपीए के दौरान महंगाई का शोर मचाते थे। क्या ये सच नहीं है कि मोदी सरकार ने 12 सालों में घरेलू एलपीजी के दामों में 530 रुपए की बढ़ोतरी की?

क्या कहती है सरकार

सरकार का कहना है कि घरेलू उपभोक्ता केवल 942 का भुगतान कर रहे हैं, जबकि शेष लागत का बड़ा हिस्सा सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां और सरकार वहन कर रही हैं। सरकार का दावा है कि भारत में घरेलू एलपीजी की कीमतें पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका समेत कई देशों और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया तथा कनाडा जैसे विकसित देशों की तुलना में अब भी कम हैं।

अंतिम संस्कार के पहले युवक जी उठा

अस्पताल ने कहा- हमने मृत घोषित नहीं किया, परिजन खुद लेकर गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

अंतिम संस्कार के पहले जीवित हुए युवक के मामले में लोधीपारा के मित्तल हास्पिटल प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि हमने रामअवतार को मृत घोषित नहीं किया था। हालत गंभीर थी और परिजन लामा फार्म पर हस्ताक्षर कर अपनी जिम्मेदारी पर मरीज को ले गए थे। देवबलौदा में रहने वाले रात्रे परिवार ने आरोप लगाया था कि रामअवतार को डाक्टरों ने मृत घोषित कर उन्हें सौंप दिया था ▶▶| शेष पेज 5 पर

ओडिशा का धनकुबेर इंजीनियर

इंजीनियर के लॉकर से मिला दो करोड़ नकद, पांच इमारतों का मालिक भी

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

ओडिशा के कंधमाल जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। ओडिशा विजिलेंस ने इंटीग्रेटेड ट्राइबल डेवलपमेंट एजेंसी में कार्यरत असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर बैकुंठ नाथ बेहरा से जुड़ी 9 जगहों पर एक साथ छापेमारी की। टीम को उनके बैंक लॉकर और घर से करीब 2.4 करोड़ रुपए नकद और भारी मात्रा में गहने बरामद हुए हैं। इसके अलावा कुल 5 बहुमंजिला इमारतें मिली हैं, जिनमें से 4 भुवनेश्वर में हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल लगभग 17,850 वर्ग फीट है।

सोशल मीडिया के ऐसे साइड इफेक्ट

शादीशुदा प्रेमिका विवाहित प्रेमी संग भागी पटरी पर कट गया युवक, महिला घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सोशल मीडिया कैसे समाज पर बुरा असर डाल रहा है। इसका एक उदाहरण बालोद की यह घटना है, जिसमें इंस्टाग्राम के जरिए एक युवक और युवती में हुई दोस्ती का अंजाम इतना बुरा हुआ कि प्रेमी की जान गई और प्रेमिका बुरीतरह घायल हो गई। विडंबना यह है कि दोनों शादीशुदा थे।

कांकेर के एक गांव की 24 साल की युवती की शादी परसोदा जगन्नाथपुर के एक युवक के साथ 22 अप्रैल 2026 को हुई थी। शादी से पहले उसकी भीमपुरी

डौंडीलोहारा के मिथलेश ठाकुर (29 वर्ष) से इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती हुई थी। युवती की शादी करीब डेढ़ महीने बाद ही शुक्रवार की रात करीब 1 बजे वह बॉयफ्रेंड मिथलेश ठाकुर के साथ बाइक पर सवार होकर घर से भाग गई। दोनों करीब 20 किलोमीटर दूर ग्राम दैहान स्थित रेलवे अंडरब्रिज के पास पहुंचे। ▶▶| शेष पेज 5 पर

नींद खुली तो घर पर नहीं थी पत्नी

इधर, नवविवाहिता के पति ने बताया कि शनिवार तड़के उनकी नींद खुली तो पत्नी घर पर नहीं मिली। पहले उन्हें लगा कि वह आस पास कहीं गई होगी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर उन्होंने परिजनों के साथ उसकी तलाश शुरू की। गांव और आसपास के रास्तों में खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। देर रात करीब 3 बजे पत्नी ने फोन उठाया ▶▶| शेष पेज 5 पर

सोने के गहने से लदकर महिला ने बनाई रील, चोर ने जेवर किया पार

शिवपुरी। सोशल मीडिया पर दिखावा भारी पड़ सकता है। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के मोहनी गांव की एक महिला ने सोने के गहने से लदकर रील बनाई थी। रील में महिला दिखा रही थी कि उसके पास गहने और लग्जरी कारें हैं। रील के आधार पर ही चोरों को सुराग मिल गया। इसके बाद चोरों ने अपना टारगेट फिक्स किया। दरअसल, महिला का नाम रचना गुर्जर है। वह मोहनी गांव की रहने वाली हैं। उन्होंने गहने पहनकर एक तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। साथ नकदी और लग्जरी कारें भी दिखाई थीं। यही करना महिला को ▶▶| शेष पेज 5 पर

अंतागढ़-दुर्ग ट्रेन में यात्री ज्यादा, बोगी कम, जान जोखिम में डालकर लटके हुए यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अंतागढ़ से दुर्ग के मध्य चलने वाले ट्रेन का एक विडियो लगातार सोशल मिडिया में वायरल हो रहा है। जिसमे देखने को मिल रहा है कि ट्रेन में लोग अपनी जान को दांव में लगाकर दरवाजे में झूलते हुए सफर करने को मजबूर है।

जिले के लोगो को जब से अंतागढ़ से दुर्ग के लिए चलने वाली यात्री ट्रेन की सीमित बोगी एवं गिनती के फेरे होने से वर्तमान में चलने वाली यात्री ट्रेनों में भीड़ इतनी अधिक होती है कि लोगो को बालोद से दुर्ग तक खड़े रहकर सफर करना पड़ता है।

खास बातें

- आश्वासन का 'लॉलीपॉप' जनता की मांगें ठंडे बस्ते में
- सैकड़ों यात्रियों को खड़े-खड़े यात्रा करने की मजबूरी

सफर करने वाले लोगों की संख्या बढ़ते क्रम में

मध्यमवर्गीय एवं कमजोर तबका सस्ते दर पर व समय की बचत करने के लिए ट्रेन का सफर करना पसंद करते है। इसी के चलते जिले में लगातार ट्रेन से सफर करने वाले लोगो की संख्या बढ़ते क्रम में है। ऐसे में ट्रेन में सफर करने वाले लोगो की संख्या लगातार बढ़ते देख जिले में कई बार यात्री ट्रेन की बोगिया बढ़ाने की मांग की जा चुकी है, इसके बावजूद रेल्वे प्रशासन द्वारा इस ओर कोई ठोस कदम ना उठाते, उच्च अधिकारियो के निरीक्षण के दौरान आम जनता व नेताओ के मांग पर लोगो को आश्वासन दे दिया जाता है तथा जल्द मांग पूरी होने की बात कह दी जाती है, लेकिन इसको लेकर कोई विशेष कदम नही उठाने के कारण लगातार ट्रेन से सफर करने वाले लोगो को दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है।

सफर करने को मजबूर

एक ऐसा ही विडियो लगातार सोशल मिडिया में वायरल हो रहा हैं जिसमे देखने को मिल रहा है कि कई यात्री जगह नही होने के कारण ट्रेन के दरवाजे में लटककर सफर करने को मजबूर है। विडियो में ऐसा दिख रहा है कि एक दो व्यक्ति लटक कर सफर नही कर रहे है, बल्कि हर दरवाजे में तीन से चार व्यक्ति ट्रेन के दरवाजे में लटकर सफर कर रहे है।

खबर संक्षेप

तेज रफ्तार बस का स्टेयरिंग फेल, खेत में पलटी, बाल-बाल बचे सवार

कवर्धा। रायपुर से लखनऊ जा रही यात्रियों से खचाखच भरी एक यात्री बस रविवार को जिले की दशरंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पनेका के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई। बताया जा रहा है कि हादसा चलती बस का स्टेयरिंग फेल हो जाने के कारण हुआ। गनीमत रही कि तेज रफ्तार बस सड़क किनारे पलटने के बावजूद कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ और सभी यात्री बाल-बाल बच गए। कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें इंदौरी अस्पताल में प्राथमिक उपचार और मरहम-पट्टी के बाद छुट्टी दे दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार को नफीस ट्रेवल्स की बस लगभग 50 से अधिक यात्रियों को लेकर रायपुर से लखनऊ के लिए रवाना हुई थी।

हजारों निवेशकों से की गई 29 करोड़ की ठगी

कवर्धा। जिले के हजारों निवेशकों की गाढ़ी कमाई डुबाने वाले बहुचर्चित पीएसीएल चिटफंड घोटाले में कबीरधाम पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। करीब 13 हजार से अधिक जमाकर्ताओं से लगभग 29.72 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। दोनों आरोपी लंबे समय से कानून की पकड़ से दूर थे और उत्तरप्रदेश की उरई जेल में आरोपी गुरनाम सिंह और गुरूजंत सिंह गिल निरुद्ध थे। पीएसीएल (पल्स एग्रोटिक कार्पोरेशन लिमिटेड) के एजेंटों और संचालकों ने निवेशकों को कम समय में रकम दोगुनी करने तथा आकर्षक ब्याज का लालच देकर करोड़ों रुपये जमा कराए थे। निवेश अवधि पूरी होने के बाद भी निवेशकों को उनकी राशि वापस नहीं मिली, जिसके बाद पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में खुलासा हुआ कि कंपनी ने कबीरधाम जिले के 13,275 निवेशकों से कुल 29 करोड़ 72 लाख 41 हजार 178 रुपये जमा कराए थे।

पिकअप में कटहल के नीचे मिला सवा क्विंटल गांजा

महासमुंद। तीन गुना फायदा के लिए ओडिशा से अन्य राज्यों तक गांजा तस्करी थमने का नाम नही ले रही। लगातार धरपकड़ के बावजूद यह सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा। एक रिपोर्ट के मुताबिक तस्करी होने वाले गांजा का केवल 20-22 फीसदी गांजा ही पुलिस के हत्थे चढ़ पाता है। वहीं तस्करी के अनूठे प्रयोग भी लगातार सामने आते रहे हैं। जिले के पुलिस ने इस बार कटहल के नीचे छिपाकर ले जाया जा रहा 125 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने अंतर्राज्यीय सीमा पर एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। तस्करों ने पुलिस की नजरों से बचने के लिए गांजे की बोरियों को कटहल के नीचे छिपाकर रखा था।

धान खरीदी, भंडारण और उठाव की पूरी प्रक्रिया में कहीं न कहीं गंभीर अनियमितता

राजनांदगांव-कवर्धा में हजारों क्विंटल धान शॉर्टेज, करोड़ों का जमा होना शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य समाप्त होने और धान उठाव की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंचने के साथ ही एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मार्कफेड की रिपोर्ट में जिले की विभिन्न सहकारी समितियों में लगभग 70 हजार क्विंटल धान की शॉर्टेज दर्ज की गई है।

प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस आकाश केशरवानी ने जिला प्रशासन की धान उठाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते सहकारिता विभाग बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। छत्तीसगढ़ को देश का धान का कटोरा कहा जाता है, जहां हर वर्ष करोड़ों क्विंटल धान की खरीदी की जाती है, लेकिन खरीदी के बाद कस्टम मिलिंग के लिए मिलरों को धान उठाव की प्रक्रिया के बीच इतनी बड़ी मात्रा में धान का अभाव सामने आना बेहद चिंताजनक माना जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जिले की दर्जनों समितियों में रिकॉर्ड और वास्तविक भंडारण के बीच बड़ा अंतर पाया गया है। सूत्रों के अनुसार भौतिक सत्यापन में सामने आए आंकड़े इस बात की ओर संकेत कर रहे हैं कि धान खरीदी, भंडारण और उठाव की पूरी प्रक्रिया में कहीं न कहीं गंभीर अनियमितता हुई है। सवाल यह भी उठ रहा है कि किसानों से खरीदा गया हजारों क्विंटल धान आखिर कहां गया और इसकी जिम्मेदारी किसकी है। इस मामले ने समिति प्रबंधकों, कम्प्यूटर ऑपरेटरों तथा सहकारिता विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका को भी संदेह के घेरे में ला दिया है। यदि रिकॉर्ड में धान मौजूद है लेकिन भंडारों में नहीं, तो यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि बड़े वित्तीय घोटाले की ओर भी इशारा कर सकता है।

धान स्कंध में कमी पाए जाने की स्थिति में कार्यवाही संबंधी प्रावधान

धान स्कंध में 0.5 प्रतिशत से अधिक एवं 1 प्रतिशत तक कमी पाए जाने पर संबंधित केंद्र प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। धान स्कंध में 1 प्रतिशत से अधिक एवं 2 प्रतिशत तक कमी पाए जाने पर संबंधित केंद्र प्रभारी के विरुद्ध विभागीय जांच संस्थापित की जाए। धान स्कंध में 2 प्रतिशत से अधिक कमी पाए जाने पर संबंधित केंद्र प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय जांच प्रारंभ की जाए तथा प्रकरण में आपराधिक कृत्य पाए जाने की स्थिति में कठोर वैधानिक कार्यवाही करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कराई जाए।

मार्कफेड की 27 मई की रिपोर्ट में उपार्जन केन्द्रों से धान उठाव की शेष मात्रा

बताया जाता है कि कामठी में 4067 क्विंटल, सूरजपुरा 3831 क्विंटल, पेण्ड्रीकला 2674 क्विंटल, जुनवानी 2660 क्विंटल, रणवीरपुर 2647 क्विंटल, उसरवाही 2495 क्विंटल, कुरवा 2484 क्विंटल, समनापुर (बहमनी) 2386 क्विंटल, बोदा तरेगांव 2386 क्विंटल, धरमगढ़ 1664 क्विंटल, समनापुर 1664 क्विंटल, विरेन्द्र नगर 1593 क्विंटल, कुकदूर 1549 क्विंटल, सूरजपुरा मोतीमपुर 1463 क्विंटल, बिड़ोरा-रक्से 1461 क्विंटल, राजनवागांव 1375 क्विंटल, मोहगांव 1348 क्विंटल, सहसपुर लोहारा 1308 क्विंटल, सराईसेत 1304 क्विंटल, बिरनपुरकला 1265 क्विंटल, ठाठापुर (रामपुर) 1253 क्विंटल, पनेका 1162 क्विंटल, सहसपुर लोहारा (बसिनझोरी) 1155, चचेड़ी 1127 क्विंटल, बैजलपुर 1108 क्विंटल, रुसे 1050 क्विंटल, बचेड़ी (छिरबांधा) 1035, सारंगपुर 1031 क्विंटल व खपरी 971 क्विंटल तथा चारभाठा 970 क्विंटल है।

79 समितियों में 54 हजार क्विंटल धान का शार्टेज, 16 करोड़ का नुकसान!

राजनांदगांव। जिले में धान खरीदी निपटने के चार महीने बाद अब शार्टेज को लेकर नया मामला सामने आ गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जिले की 79 समितियों में अब भी 54 हजार क्विंटल से अधिक धान का उठाव होना बाकी है। समितियां सूखत की बात कह रही है। जबकि प्रशासन शासन के नीति अनुसार धान जमा कराने पर अड़ा हुआ है। सरकारी कीमत के अनुसार अनुमान लगाया जाए तो लगभग 16 करोड़ रुपए का धान सूखत के नाम पर वारा-न्यारा करने की तैयारियों में समितियां नजर आ रही है। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब धान के शार्टेज का एक बड़ा मामला सामने आया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत राज्य सरकार की योजना के अनुरूप जिले में व्यापक स्तर पर धान की खरीदी की गई थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस साल जिले के 124100 पंजीकृत किसानों से कुल 62.54 लाख क्विंटल धान की बंपर खरीदी की गई थी। किसानों की सुविधा और खरीदी प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कुल 96 धान उपार्जन केंद्र बनाए गए थे।

17 समितियों में ही शून्य शार्टेज

जिले की 17 समितियों में ही शून्य शार्टेज की रिपोर्ट अब तक सामने आई है। शेष 79 समितियों में अब भी 5431 मीट्रिक टन यानी लगभग 54 हजार क्विंटल धान का भारी शार्टेज सामने आ रहा है। इसका सीधा असर सरकारी खजाने पर पड़ रहा है। राज्य शासन द्वारा 3100 रुपए प्रति क्विंटल की उच्च दर से धान की खरीदी की गई थी। इस दर के हिसाब से अगर शार्टेज हुए 5431 मीट्रिक टन धान की कीमत का आंकलन किया जाए तो यह राशि 16 करोड़ रुपए से अधिक होती है। शासन को 16 करोड़ रुपए का सीधा नुकसान होना समिति प्रबंधकों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

तोड़मा के जंगल में मिला

नक्सलियों का डंप हथियार विस्फोटक सामग्री बरामद

दंतेवाड़ा। जिले के बारसूर थाना क्षेत्र में मुखबिर की सूचना के आधार पर 195 वीं वाहिनी सीआरपीएफ द्वारा जिला पुलिस बारसूर तथा बम निरोधक एवं निष्क्रियकरण दस्ता के साथ संयुक्त रूप से सर्च आपरेशन चलाया गया। इसमें थाना बारसूर क्षेत्रांतर्गत जिला बल एवं सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी ग्राम तोड़मा की ओर एरिया डॉमिनेशन हेतु रवाना हुए थे। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि अभियान के दौरान रविवार की सुबह लगभग 8.40 बजे ग्राम तोड़मा के जंगल क्षेत्र से 2 नग प्रेशर कुकर आईईडी 5-5 किग्रा एवं एक पाइप आईईडी लगभग 10 किग्रा बरामद कर मौके पर नष्ट किया गया। उसके बाद सर्च ऑपरेशन के दौरान माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गये विस्फोटक सामग्री बीजीएल, 303 रायफल, एयर रायफल, 303 मैग्जीन, चार्जर क्लीप, इंसास मैग्जीन, बीजीएल कारतूस खाली केस, 12 बोर एएमएन, 303 खाली कारतूस, पटाखे, वायरलेस सेट 4 नग बैटरी के साथ, गन पाउडर, कोर्डेक्स वायर, इलेक्ट्रिक बेल, शाक वेव डेटोनेटर, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर 128 नग, गैर विद्युत विस्फोटक 48 नग, 51 एमएम बम (एक नग 2 खाली खोल), दूरबीन, नक्सली वर्दी, गोला बारूद की थैलियां 4 नग, काम्बेट बेल्ट, मल्टीमीटर, कैमरा फ्लैश, इलेक्ट्रिक कन्ट्रोल युनिट 9 नग, बैटरी पेंसिल 12 वोल्ट 35 नग, इलेक्ट्रिक स्वीच 7 नग, टेलीफोन का तार 20 मीटर, नक्सली साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद किया गया।

- सीआरपीएफ, जिला पुलिस बारसूर तथा बम निरोधक दस्ते की संयुक्त टीम की कामयाबी

कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अधिवेशन में मुख्यमंत्री

समाज जितना सशक्त होगा राष्ट्र उतना ही प्रगतिशील और समृद्ध बनेगा : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

कृषि उपज मंडी परिसर छाती में आयोजित चन्द्रनाहू (चंद्राकर) कुर्मी-क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अधिवेशन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह समाज गौरवशाली इतिहास, समृद्ध परंपराओं और उत्कृष्ट सामाजिक मूल्यों का वाहक है। यह वही समाज है जिसने देश को छत्रपति शिवाजी महाराज और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे महान व्यक्तित्व दिए हैं, जिनके नेतृत्व, साहस और राष्ट्र निर्माण के आदर्श आज भी प्रेरणास्रोत हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कोई भी समाज शिक्षा, संगठन, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व के बल पर ही निरंतर प्रगति करता है। चन्द्रनाहू कुर्मी-क्षत्रिय समाज अपनी समृद्ध परंपराओं, सामाजिक चेतना और उत्कृष्ट संगठन क्षमता के कारण प्रदेश के अग्रणी एवं प्रगतिशील समाजों में शामिल है। श्री साय ने आगे कहा कि कुर्मी समाज ने कृषि, शिक्षा, प्रशासन, राजनीति, सामाजिक सेवा तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

संगठित और जागरूक समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे अधिवेशन केवल सामाजिक आयोजन नहीं होते, बल्कि समाज को संगठित और सशक्त बनाने के महत्वपूर्ण माध्यम होते हैं। संगठित और जागरूक समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव होता है। समाज जितना सशक्त होगा, राष्ट्र उतना ही प्रगतिशील और समृद्ध बनेगा। आगे कहा कि शिक्षा ही विकास का मूल मंत्र है और किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति का आधार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा है। राज्य सरकार शिक्षा के विस्तार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है।

छाती से झुरानवागांव तक बनेगी सड़क

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छाती से झुरानवागांव तक सड़क निर्माण, ग्राम छाती को भविष्य में नगर पंचायत का दर्जा प्रदान करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने, छाती में नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण तथा समाज के लिए नवा रायपुर में सामाजिक भवन हेतु भूमि उपलब्ध करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने समाज की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में प्रकाशित पुस्तक अद्भुत श्री तुलसी चरितायणम का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

हमलावरों ने बांकीमोंगरा क्षेत्र के बलगी में की थी हवाई फायरिंग

एएसआई के पुत्र पर चढ़ा दी बोलेरो, पीछा करने वाले का अपहरण कर किया अधमरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

यातायात थाना में पदस्थ सउनि के पुत्र पर अज्ञात बोलेरो वाहन के चालक ने गाड़ी चढ़ा दी है। पीछा करने वाले युवक का अपहरण कर अधमरा कर दिया। मारपीट के घटना के बाद घायल युवक ने फायरिंग कर उसके साथ एक लाख रुपए नगद व सोने की चैन, अंगूठी का लूटपाट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में दो अलग अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत निवास करने वाले रामनारायण रात्रे का पुत्र चंद्रमणी रात्रे उर्फ दादू अपने दोस्त शुभम सिंह बघेल और साहिल निर्मलकर और अरविंद राठौर के साथ शनिवार की रात लगभग 1.28 बजे मानिकपुर चौकी क्षेत्र के बाइपास रोड पर पहुंचे थे कि इसी दौरान बोलेरो वाहन में सवार युवक पहुंचे और इस दौरान साइड को देने को लेकर उनके मध्य विवाद हुआ और बोलेरो वाहन में सवार युवकों ने चंद्रमणी रात्रे पर बोलेरो वाहन चढ़ा दी और मौके से भागने लगे इस दौरान वहां मौजूद साहिल और अरविंद राठौर नामक युवक बोलेरो वाहन का पीछा करते हुए बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के बल्गी जा पहुंचे जहां कार क्रमांक सीजी 12 बीजी 8076 में कुछ युवक पहुंचे और जिन्हें देखकर साहिल निर्मलकर मौके से फरार हो गया और अरविंद नामक युवक को कार में उठाकर अपने साथ ले गये और बेरहमी से पिटाई की गई।

- एक लाख रुपए व सोने की चैन लूटने का लगाया आरोप



सीसीटीवी के आधार पर चल रही जांच

यह घटनाक्रम शनिवार-रविवार की मध्य रात लगभग 1 से 3 के बीच अंजाम दिया गया। घटना के प्रारंभिक स्वरूप को देखते हुए लग रहा है कि घटना को अंजाम देने की नीयत से ही हमलावर युवक आए थे और उनकी टारगेट में कोई ना कोई था। सिटी कोतवाली थाना के अधीन मानिकपुर पुलिस सहायता केंद्र अंतर्गत बुधवारी बायपास मार्ग पर रात करीब 1.30 बजे कुछ युवक अपने दोस्तों के साथ काले रंग की कार में मौजूद थे व आपस में बातचीत कर रहे थे। इस दौरान यहां एक सफेद रंग की बोलेरो आकर रुकी और सड़क पर पूरी जगह होने के बावजूद इस काली गाड़ी के सामने आकर खड़े हो गए और गाड़ी हटाने की बात को लेकर विवाद करना शुरू कर दिए।

तोलावाड़ा के जंगल में स्थित दिव्य और भव्य चार वृक्ष समूह

500 साल पुराने धरोहर वृक्ष को बचाने के लिए रेस्क्यू आपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के तिरिया माचकोट रेंज (तोलावाड़ा) के जंगलों में स्थित चार पेड़ का धरोहर अब अंतिम सांसें गिन रहा है। यहां लगभग आधा सहस्राब्दी से सीना ताने खड़े चार विशालकाय सागौन के पेड़, जिन्हें राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न कहते हैं, अब ढलती उम्र और दीमक की मार झेल रहे हैं। वन विभाग और वैज्ञानिकों ने इन हरित धरोहरों को बचाने के लिए एक विशेष रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया है। इन पेड़ों की उम्र लगभग 450 से 500 साल के बीच आंकी गई है, जिसका अर्थ है कि इनका अस्तित्व मुगल काल की शुरूआत से है। ये पेड़ एक सीधी कतार में स्थित हैं, जो इनके नियोजित रोपण की ओर इशारा करता है। इन्हें देखकर ऐसा लगता है मानो त्रेतायुग के यह चारों भाई एक साथ खड़े हों, इसमें सबसे ऊंचे सागौन के वृक्ष जिसकी ऊंचाई 389 मीटर एवं तने की गोलाई 352 सेमी मापी गई है। भरत नाम के वृक्ष की सूख गया है, जबकि राम और लक्ष्मण पेड़ भी (अंतिम सांसे ले रहे) आंशिक रूप से सूख रहे हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार अत्यधिक उम्र ही इनकी मृत्यु का सबसे संभावित कारण है। उम्र के साथ इनकी प्राकृतिक प्रतिरोधक क्षमता कम हुई, जिससे दीमकों ने इनकी जीवित आंतरिक छाल को पूरी तरह नष्ट कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप जड़ों तक भोजन का प्रवाह रुक गया और पेड़ सूख गए।

विशालकाय पेड़ों को देखना एक रोमांचक अनुभव

बताया जा रहा है कि बस्तर में ही भारत का सबसे प्राचीन सागौन का चार पेड़ है। बस्तर जिले के तिरिया माचकोट रेंज तोलावाड़ा के जंगल में 500 वर्षों से भी अधिक समय से जीवंत खड़े राम, लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न नाम के सागौन के विशालकाय पेड़ों को देखना रोमांच का अनुभव कराता है, इस पेड़ों का आसपास के ग्रामीण पूजा करते हैं।

बचाने की वैज्ञानिक कोशिश जारी

वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि तोलावाड़ा के जंगल में वर्षों से खड़े राम, लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न नाम के सागौन के विशालकाय पेड़ों को दीमकों के प्रकोप को रोकने और बची हुई जीवित छाल को सुरक्षित करने के लिए तनों पर चूने और कॉपर सल्फेट के मिश्रण का विशेष लेप लगाया जा रहा है। भीषण गर्मी के दिनों में पेड़ों के वॉटर स्ट्रेस को कम करने के लिए मुख्य तने से लगभग 4 मीटर की दूरी पर गहरी गोलाकार खाइयां खोदी गई हैं।

रायपुर, सोमवार 8 जून 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अष्टमी | वर्ष : 24, अंक : 318 | 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

धमतरी

स्कूल चलें हम... किस्त 2

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

जर्जर स्कूलों की मरम्मत और नए भवन को अब तक मंजूरी नहीं



डर के साए में फिर शिक्षा ग्रहण करेंगे छात्र

धमतरी में 215 स्कूल जर्जर, मरम्मत तो दूर अफसरों को देखने की भी नहीं मिली फुरसत

दीप नारायण शर्मा ▶▶| धमतरी

हरिभूमि लगातार

हफ्तेभर बाद स्कूल खुलने वाले हैं और इस साल भी हजारों बच्चे जर्जर स्कूलों में जाम जोखिम में डालकर पढ़ेंगे। क्योंकि शिक्षा विभाग ने जिले के 215 जर्जर स्कूलों की लिस्ट ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग (आरईएस) को भेजी है। लेकिन अब तक आरईएस के इंजीनियर्स इन स्कूलों का निरीक्षण करने नहीं पहुंचे हैं। बिना आरईएस की रिपोर्ट के इन स्कूलों को अधिकृत रूप से जर्जर नहीं माना जा रहा है और इसके बिना

मरम्मत, पुनर्निर्माण या डिस्मेंटल संभव नहीं है। गांव से लेकर शहर तक हर साल ग्रामीण जर्जर स्कूलों की शिकायत करते हैं। पिछले शिक्षण सत्र में भी बड़ी संख्या में जर्जर स्कूलों की मरम्मत और नए भवन की मांग आई थी। इस साल छात्रों और पालकों की उम्मीद थी कि उन्हें जर्जर स्कूलों से मुक्ति मिलेगी, लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। शिक्षण सत्र शुरू होने में अब कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन अब तक एक भी स्कूल के लिए नए भवन की स्वीकृति नहीं मिली है और न ही भवनों की मरम्मत के लिए राशि मिली है। हालांकि छोटी मोटी मरम्मत के लिए राशि मिली है, लेकिन बड़ी मरम्मत को अब तक स्वीकृति नहीं मिली है। ऐसे में इस साल भी छात्रों को जर्जर स्कूलों में पढ़ना पड़ेगा।

कलेक्टर ने की थी पहल

जर्जर स्कूलों में पढ़ना खतरे से खाली नहीं है। इस मामले को कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने भी गंभीरता से लिया था। उन्होंने शिक्षा विभाग से ऐसे स्कूलों की फोटो सहित लिस्ट मंगाई थी। इसके बाद 42 अति जर्जर स्कूलों को चिन्हांकित कर इनके लिए नए भवन बनाने के लिए पत्र शिक्षण संचालनालय को भेजा था। कलेक्टर के जरिए पत्र प्रेषित होने के बाद भी इन स्कूलों के लिए फंड नहीं मिला है।

60 स्कूलों को डिस्मेंटल करने का प्रस्ताव

पिछले शिक्षण सत्र में अतिजर्जर हो चुके 60 स्कूलों को डिस्मेंटल करने का प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिल इस ओर भी ध्यान नहीं दिया गया है। यहीं नहीं स्कूलों से शिकायत मिलने के बाद आरईएस को जांच के लिए 215 स्कूलों की लिस्ट भेजी गई थी। अब तक आरईएस ने न तो इन स्कूलों का निरीक्षण किया है और न ही जांच रिपोर्ट भेजी है।

खबर संक्षेप

ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग पर बस पलटी, आठ घायल

नई दिल्ली। उत्तराखंड में ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर तोताघाटी इलाके के पास रविवार सुबह 39 यात्रियों से भरी एक बस पलट गई, जिससे आठ लोग घायल हो गए। यह घटना सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुई, जब बस बदरीनाथ से ऋषिकेश की ओर जा रही थी।

पुलिस बैरिकेड से टकराई बाइक, दो की मौत

चतरा। झारखंड के चतरा जिले में एक जांच चौकी के पास पुलिस बैरिकेड से मोटरसाइकिल टकराने से दो लोगों की मौत हो गई। यह घटना शनिवार को बागरा-रांची मुख्य मार्ग पर जब्बा जांच चौकी के पास हुई। मृतकों की पहचान गणेश भुइयां (18) और बसंत भुइयां (20) के रूप में हुई है। दोनों दुंदुआ गांव के निवासी थे।

पार्टी में छापा, गांजा, प्रतिबंधित धूम्रपान सामग्री जब्त

पुणे। पुणे में पुलिस ने शनिवार देर रात हो रही एक पार्टी में छापा मारा और गांजा, प्रतिबंधित धूम्रपान सामग्री तथा निर्धारित समय से अधिक समय तक परोसी जा रही शराब जब्त की। इस पार्टी में 150 से अधिक लोग मौजूद थे। विशिष्ट सूचना के आधार पर शनिवार देर रात करीब 2:30 बजे लोनिकंद पुलिस थाना क्षेत्र के तुलपुर गांव में एक स्थान पर छापा मारा गया। वहां 107 पुरुष और 49 महिलाओं सहित कुल 156 लोग मौजूद थे।

कार और लॉरी की टक्कर में दो की मौत

पथनमथिट्टा। केरल के पथनमथिट्टा जिले के कलंजूर में रविवार को एक कार के लॉरी से टकराने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान तमिलनाडु के शिवकाशी निवासी सुंदर राज और उनकी बेटी जेनानी के रूप में हुई है। कार चला रहा जेनानी का पति प्रणव और जेनानी का भाई शिवशंकर गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में अगले 2 से 3 दिन में पहुंच सकता है मानसून

मानसून 12 राज्यों में पहुंचा, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में मौसम का 'डबल गेम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश के दक्षिणी और पूर्वोत्तर राज्यों में दक्षिण पश्चिम राज्यों में मानसून पूरी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। केरलम में 4 जून से मानसून ने दस्तक दी। अब तक 12 राज्यों में पहुंच गया है। कई राज्यों में भारी बारिश हो रही है। मानसून रविवार को चार और राज्यों त्रिपुरा, नगालैंड, असम और अरुणाचल प्रदेश में पहुंच गया। महाराष्ट्र में मानसून केवल दक्षिण कोंकण तक बढ़ा। इधर, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में मौसम के दो रंग हैं। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले 2 से 3 दिनों में छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों तक पहुंच सकता है।

मानसून के कारण केरलम, कर्नाटक, गोवा और तमिलनाडु में कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। हालांकि तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में लगातार 5वें दिन पारा 40 डिग्री का आंकड़ा पार कर गया। देश में गुजरात को छोड़कर अन्य सभी राज्यों में प्री-मानसून बारिश हो रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश समेत नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में शनिवार को तेज बारिश हुई। एमपी में भोपाल समेत 4 जिलों में 50किलोमीटर की रफ्तार वाली आंधी चली। राजस्थान के बीकानेर में बारिश के साथ ओले गिरे। यूपी के मऊ और गाजीपुर में भी शनिवार को बारिश हुई। तीन दिन की देरी से पहुंचने के बाद मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। 4 दिन के अंदर इसने 12 राज्यों को कवर कर लिया है। शनिवार को मानसून ने आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम और मणिपुर में एंट्री ली।

चार दिन के भीतर कई राज्यों में हो रही मानसूनी बारिश

हिमाचल में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश

शिमला मौसम कार्यालय ने रविवार को मंगलवार और बुधवार के लिए लू का 'येलो अलर्ट' जारी किया। राज्य में 12 जून तक बारिश होने का पूर्वानुमान जताया।

दक्षिण में भारी आफत

केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कर्नाटक में आज 'रेड और ऑरेंज अलर्ट' जैसी स्थिति है। यहां 7 से 20 सेमी तक मूसलाधार बारिश होने का अनुमान है।

पूर्वोत्तर में व्यापक वर्षा

नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में आज से भारी बारिश का नया दौर शुरू हो रहा है, जबकि अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में पहले ही भारी बारिश की चेतावनी जारी की जा चुकी है।

फिर तपेगा उत्तर भारत, 46 डिग्री तक पहुंचेगा पारा

उत्तर भारत के लोगों को आने वाले दिनों में एक बार फिर भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 9 जून से कई राज्यों में तापमान तेजी से बढ़ेगा और कुछ इलाकों में पारा 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली-एनसीआर और उत्तर प्रदेश के बड़े हिस्सों में लू जैसी परिस्थितियां बनने की संभावना जताई गई है। पिछले कुछ दिनों में कई इलाकों में तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई थी, जिससे लोगों को राहत मिली थी, लेकिन अब मौसम का मिजाज फिर बदल रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर-पश्चिम दिशा से आने वाली गर्म और शुष्क हवाएं तापमान को तेजी से ऊपर ले जाएंगी।

छत्तीसगढ़ का ऐसा हाल

छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश में मौसम इन दिनों अजीबोगरीब 'डबल गेम' खेल रहा है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं के चलते दोनों राज्यों के बड़े हिस्से में प्री-मानसून एक्टिविटी तेज हो गई है। मप्र में भोपाल समेत 4 जिलों में 50किलोमीटर की रफ्तार वाली आंधी चली। मानसून ने महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के कुछ और हिस्सों में अपनी मजबूत दस्तक दे दी है।

क्यों बदल रहा है मौसम?

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार झारखंड और आसपास के क्षेत्र में बना ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण (साइक्लोनिक सर्कुलेशन) अभी सक्रिय है। इसके साथ ही झारखंड से तेलंगाना तक एक ट्रफ लाइन छत्तीसगढ़ होकर गुजर रही है। यही सिस्टम प्रदेश में नमी खींच रहा है और गरज-चमक के साथ बारिश की स्थितियां बना रहा है।

661 करोड़ का घोटाला हरियाणा और चंडीगढ़ में 6 ठिकानों पर छापे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीबीआई ने हरियाणा सरकार और चंडीगढ़ केंद्रशासित प्रदेश के विभिन्न विभागों से जुड़े 661 करोड़ रुपये के कथित सरकारी धन गबन मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए छह स्थानों पर छापेमारी की है। जांच एजेंसी ने चंडीगढ़, पंचकूला और दिल्ली-एनसीआर में वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, एक निजी कंपनी और उसके निदेशक के परिसरों की तलाशी ली। सीबीआई के अनुसार यह मामला हरियाणा सरकार के आठ विभागों तथा चंडीगढ़ प्रशासन के दो विभागों के सरकारी धन को कथित रूप से फर्जी तरीके से बैंक खातों के माध्यम से दूसरे खातों में स्थानांतरित कर गबन करने से जुड़ा है।

■ सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

तीन मामलों की हो रही है जांच

यह जांच सीबीआई ने हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से एक मामला अपने हाथ में लेने और चंडीगढ़ के आर्थिक अपराध थाना में दर्ज दो मामलों को अपने अधीन लेने के बाद शुरू की थी। तीनों मामलों में आपराधिक साजिश, सरकारी धन के गबन, धोखाधड़ी तथा भ्रष्टाचार से संबंधित आरोपों की जांच की जा रही है।

10 सरकारी विभाग प्रभावित

सीबीआई के अनुसार इस कथित घोटाले से हरियाणा सरकार के 8 विभाग और चंडीगढ़ प्रशासन के 2 विभाग प्रभावित हुए हैं। चंडीगढ़ के जिन विभागों का उल्लेख किया गया है, उनमें नगर निगम चंडीगढ़और क्रेस्ट चंडीगढ़ शामिल हैं।

निजी कंपनी के खाते में पहुंचा धन

जांच के दौरान यह पाया गया कि नोएडा स्थित विपम कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के खाते में कथित अपराध से अर्जित धनराशि पहुंची थी। बाद में इस धन को कंपनी निदेशक के व्यक्तिगत खाते में स्थानांतरित कर दिया गया। एजेंसी इस बात की जांच कर रही है कि धन के अंतिम लाभार्थी कौन थे और इस पूरी साजिश में किन-किन लोगों की भूमिका रही।

प्रदीप सोनी हत्याकांड

वाट्सएप पर मैसेज भेजने वाले आरोपी को भेजा जेल

एजेंसी ▶▶| पेंड्रा

जिले के कोटमी में सर्राफा कारोबारी प्रदीप सोनी की हत्या के मामले में पेंड्रा पुलिस और साइबर सेल ने मृतक के भाई के मोबाइल पर वाट्सएप मैसेज भेजने वाले को अंबिकापुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पेंड्रा थाने में एफआईआर दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



हत्याकांड से कनेक्शन सामने नहीं आया

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी का हत्याकांड से सीधे तौर पर कोई कनेक्शन सामने नहीं आया है। आरोपी की मानसिक स्थिति डॉक्टरों की रिपोर्ट के बाद ही साफ होगा। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।

सरकारी आवास चाइना ब्लाक में हादसा

गैस सिलेंडर में आग से धमाका झुलसे डिप्टी मैनेजर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरचा कॉलरी

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के चरचा कॉलरी में बीती रात गैस सिलेंडर की आग में झुलसे डिप्टी मैनेजर की मौत हो गई। सिलेंडर का धमाका सुनकर और आग देखकर पूरी कॉलोनी सहम गई। एसईसीएल की रेस्क्यू टीम, फायर ब्रिगेड और नगर सेना की टीम ने काफी मशक्कत के बाद डिप्टी मैनेजर को बाहर निकाला और तत्काल क्षेत्रीय चिकित्सालय चरचा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

फोरेंसिक टीम ने किया निरीक्षण

रविवार सुबह जिला मुख्यालय से पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, हालांकि प्रारंभिक जांच में आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच पुलिस द्वारा की जाएगी।

लैंड पोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम लांच करेंगे शाह

जल्द हाईटेक होंगी सरहदें, परवान चढ़ेगा कारोबार, चुटकियों में मिलेगी मंजूरी

यह एक आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने सीमाओं पर व्यापार और आवाजाही को पूरी तरह हाईटेक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को लैंड पोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम (एलपीएमएस) लांच करेंगे। यह एक आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। इसे देश के सभी लैंड पोर्ट्स के कामकाज को एक एकीकृत प्रणाली से जोड़ने के लिए बनाया गया है। इसके साथ ही, गृह मंत्री ▶▶|शेष पेज 5 पर



राष्ट्रीय प्लेटफार्मों से जुड़ाव

गृह मंत्रालय ने कहा कि एलपीएमएस को देश के प्रमुख राष्ट्रीय प्लेटफार्मों के साथ जोड़ा गया है। यह सिस्टम मोटर वाहन इकोसिस्टम के साथ एकीकृत होकर काम करेगा।

स्मार्ट बॉर्डर का संकल्प

मंत्रालय के अनुसार, यह पहल नरेंद्र मोदी सरकार के स्मार्ट बॉर्डर मैनेजमेंट के प्रति संकल्प को दर्शाती है। तकनीक के माध्यम से सीमा पार व्यापार और यात्रियों की आवाजाही में पारदर्शिता आएगी। सुरक्षा और दक्षता को मजबूती मिलेगी। यह अत्याधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म राष्ट्र के रणनीतिक फोकस को दिखाता है। यह कदम देश में व्यापार सुगमता, कनेक्टिविटी, राष्ट्रीय सुरक्षा और विकसित भारत के लक्ष्य को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

केंद्र के खिलाफ मोर्चाबंदी की तैयारी, विपक्षी गठबंधन के 23 दल आज बैठेंगे साथ-साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

डीएमके और तृणमूल कांग्रेस जैसे विपक्षी गठबंधन के हालिया चुनाव में बुरी तरह हारने और एक के बाद राजकीय पार्टी के सिमटने बाद कांग्रेस के रणनीतिकारों के लिए ये बड़ा मौका है, जब राहुल गांधी को गठबंधन के नेता के तौर पर स्वीकृति बनाई जाए। यही वजह है कि विपक्षी गठबंध की अहम बैठक सोमवार, कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित होगी। बैठक से पहले कांग्रेस महासचिव (संचार) एवं राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने जानकारी दी ▶▶|शेष पेज 5 पर

किन मुद्दों पर होगी चर्चा

सूत्रों के अनुसार, इंडिया जनबंधन की बैठक में कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। इनमें चुनावी प्रक्रिया से जुड़े प्रश्न, लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका, महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं, सामाजिक न्याय, संसद के आगामी सत्र की रणनीति तथा विभिन्न राज्यों में विपक्षी दलों के बीच समन्वय जैसे विषय शामिल हो सकते हैं।

भारत की तरह विपक्षी जनबंधन भी विविधता में एकता का प्रतीक

जयराम रमेश ने अपने संदेश में कहा कि कुछ दलों की अनुपस्थिति के बावजूद इंडिया जनबंधन की एकता प्रभावित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जैसे भारत अपनी विविधताओं के बावजूद एक राष्ट्र के रूप में मजबूत है, उसी प्रकार इंडिया जनबंधन भी विभिन्न विचारों और क्षेत्रीय आकांक्षाओं के साथ एकजुट होकर खड़ा है।

यूजीसी के नियम : रिसर्चर के साथ ही पर्यवेक्षकों पर भी रहेगी निगरानी

शोध में एआई का ज्यादा इस्तेमाल तो रुकेगी पीएचडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अलग खबर

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने पीएचडी को लेकर नए और सख्त नियम लागू किए हैं। खास तौर पर एआई टूल्स के बढ़ते इस्तेमाल और प्लेगरिज्म यानी कॉपी किए गए कंटेंट को लेकर आयोग ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यूजीसी का कहना है कि किसी भी रिसर्चर की थीसिस उसकी खुद की सोच, रिसर्च, विश्लेषण और निष्कर्षों पर आधारित होनी चाहिए। हालांकि, एआई की मदद ली ▶▶|शेष पेज 5पर

60% से ज्यादा कॉपी पर रजिस्ट्रेशन रद्द

नए नियमों के तहत, सबसे कड़ी कार्रवाई उन मामलों में होगी। जहां थीसिस में 60 प्रतिशत से ज्यादा सामग्री कॉपी पाई जाती है। ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय संबंधित शोधार्थी का पीएचडी रजिस्ट्रेशन तक रद्द कर सकता है। इसका मतलब है कि छात्र की पूरी डॉक्टरेट प्रक्रिया समाप्त हो सकती है।

अब गाइड और सुपरवाइजर भी होंगे जवाबदेह

यूजीसी ने केवल छात्रों को ही नहीं, बल्कि रिसर्च गाइड और सुपरवाइजरों को भी जिम्मेदार ठहराया है। यदि किसी शोध कार्य में गंभीर या बार-बार प्लेगरिज्म पाया जाता है, तो संबंधित सुपरवाइजर के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है। ऐसे मामलों में उन्हें नए पीएचडी छात्रों का मार्गदर्शन करने से रोका जा सकता है। गंभीर परिस्थितियों में उनकी सुपरवाइजर के रूप में मान्यता भी वापस ली जा सकती है।

शोधगंगा पर थीसिस अपलोड करना अनिवार्य

रिसर्च को ज्यादा पारदर्शी और सभी के लिए उपलब्ध बनाने के लिए यूजीसी ने शोधगंगा पोर्टल पर थीसिस अपलोड करने की अनिवार्यता को फिर से मजबूत किया है। कई विश्वविद्यालयों ने इस दिशा में कदम भी उठाने शुरू कर दिए हैं। जैसे – बिहार के पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में शोधार्थियों को वाइवा पूरा होने के एक सप्ताह के भीतर अपनी थीसिस की डिजिटल कॉपी पीएचडी सेल में जमा करनी होगी। इसके बाद ही डिग्री जारी की जाएगी। यदि कोई छात्र यह प्रक्रिया पूरी नहीं करता है, तो उसकी पीएचडी डिग्री रोकी जा सकती है।

चिंतन

कॉकरोच को अभी लंबा सफर तय करना होगा

भारतीय लोकतंत्र में समय-समय पर आंदोलन उभरना कोई नई बात नहीं है। हाल के दिनों में चर्चा में आई कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) भी इसी क्रम की एक नई पहल है। जंतर-मंतर पर आयोजित उसके शक्ति प्रदर्शन ने यह स्पष्ट कर दिया कि सोशल मीडिया पर लोकप्रियता और वास्तविक राजनीतिक ताकत के बीच अभी भी एक बड़ा अंतर मौजूद है। यह प्रदर्शन जितना चर्चा में रहा, उतना ही इसने कई महत्वपूर्ण सवाल भी खड़े किए हैं कि क्या डिजिटल दुनिया की लोकप्रियता को राजनीतिक समर्थन में बदला जा सकता है और क्या केवल प्रतीकात्मक विरोध के सहारे कोई आंदोलन स्थायी जनाधार तैयार कर सकता है? देखा जाए तो सीजेपी के लिए अभी राजनीति की सीढ़ी चढ़ना दूर की कौड़ी है। अभी उसे लंबा सफर तय करना होगा। चूंकि सोशल मीडिया पर भीड़ जुटाना तो आसान है, लेकिन धरातल पर उस भीड़ को उतारना और उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना उतना ही चुनौतीपूर्ण है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर शक्ति प्रदर्शन के दौरान उम्मीद के अनुरूप भीड़ नहीं दिखाई दी। यहां जो युवा पहुंचे, उनके हाथों में सीजेपी के झंडे तो जरूर दिखाई दिए, लेकिन आखों में सवाल भी बरकरार थे, जिनका कोई उचित जवाब उन्हें नहीं मिल पाया। बता दें कि पार्टी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 2.2 करोड़ फॉलोअर्स हैं। जंतर-मंतर पर पहली बार पार्टी जमीन पर दिखाई दी। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक, सीपीआई (एमएल) लिबरेशन महासचिव दीपाशंकर भट्टाचार्य, सीपीआई नेता एनी राजा और वाम संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे और 'कॉकरोच जनता पार्टी' के संस्थापक अभिजीत दिपके का समर्थन किया। इस तरह से यह आयोजन वाम संगठनों का छोटा-मोटा जमावड़ा बन गया। वहीं, कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों ने भी इस प्रदर्शन से बड़ी चालाकी के साथ दूरी बना ली, क्योंकि पिछली बार अरविंद केजरीवाल के प्रदर्शन के समय विपक्षियों ने उनका समर्थन किया था, लेकिन बाद में आम आदमी पार्टी बनाने के बाद केजरीवाल ने सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को ही पहुंचाया। सीजेपी ने खुद को उन युवाओं की आवाज के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की है, जो शिक्षा व्यवस्था की खामियों, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं, बेरोजगारी और अवसरों की कमी से परेशान हैं। "मैं हूं कॉकरोच" का नारा भी इसी भावना को व्यक्त करता है। इसका संदेश यह है कि व्यवस्था चाहे जितनी उपेक्षा करे, आम युवा संघर्ष करते हुए अस्तित्व बनाए रखेगा। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर इसे व्यापक समर्थन मिला और पार्टी के डिजिटल मंचों पर करोड़ों लोग जुड़े दिखाई देते हैं, लेकिन राजनीति केवल नारों, प्रतीकों और डिजिटल लोकप्रियता के आधार पर आगे नहीं बढ़ती। राजनीति की असली परीक्षा तब होती है, जब समर्थकों को सड़कों पर उतारना हो, संगठन खड़ा करना हो और जनता के सवालों के ठोस जवाब देने हों। जंतर-मंतर का प्रदर्शन इसी कसौटी पर सीजेपी के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा था। कुल मिलाकर माना जा रहा है कि सोशल मीडिया पर भीड़ जुटाना तो काफी आसान होता है, लेकिन उसका नेतृत्व करना और फिर उसकी उम्मीदों पर खरा उतरकर उसे धरातल पर उतारना काफी मुश्किल काम है। बहरहाल, अभिजीत दीपके के लिए राजनीति की सीढ़ी चढ़ना दूर की कौड़ी है। इसके लिए उसे और मेहनत करनी होगी। चूकि अभी कई बड़ी चुनौतियां बरकरार हैं।



सेहत
स्वामी रामदेव

मानव कल्याण का संपूर्ण विज्ञान है योग

योग केवल शारीरिक व्यायाम की एक पद्धति नहीं है। यह मानव कल्याण का एक संपूर्ण विज्ञान है, जो शरीर, मन, बुद्धि और चेतना के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। योगासन, जो योग की सबसे प्रभावशाली और गतिशील अभिव्यक्तियों में से एक है, जब प्राणायाम और ध्यान के साथ जुड़ता है, तो न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बल्कि वैश्विक खेल वातावरण को भी रूपांतरित करने की क्षमता रखता है। आज विश्व को ऐसे विकास मॉडल की आवश्यकता है, जो शारीरिक उत्कृष्टता के साथ मानसिक शांति और आध्यात्मिक संतुलन का भी समावेश करे। योगासन ऐसा ही एक मॉडल प्रस्तुत करता है। वास्तव में 21वीं सदी योग की सदी बन सकती है।

आज विश्व एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। एक ओर मानवता ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और खेल प्रदर्शन के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है, वहीं दूसरी ओर जीवनशैली जनित रोगों, मानसिक तनाव, मोटापे, मधुमेह, हृदय संबंधी विकारों और सभी आयु वर्गों में घटती शारीरिक फिटनेस की चिंताजनक वृद्धि देखने को मिल रही है। यहां तक कि शीर्ष स्तर के खिलाड़ी भी, अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं और खेल विज्ञान के समर्थन के बावजूद, मानसिक थकान, चोटों, चिंता और लंबे समय तक चलने वाली रिकवरी जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे समय में भारत की हजारों वर्ष पुरानी अमूल्य धरोहर योग की ओर पुनः लौटने की आवश्यकता है।

योग केवल शारीरिक व्यायाम की एक पद्धति नहीं है। यह मानव कल्याण का एक संपूर्ण विज्ञान है, जो शरीर, मन, बुद्धि और चेतना के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। योगासन, जो योग की सबसे प्रभावशाली और गतिशील अभिव्यक्तियों में से एक है, जब प्राणायाम और ध्यान के साथ जुड़ता है, तो न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बल्कि वैश्विक खेल वातावरण को भी रूपांतरित करने की क्षमता रखता है। मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि भारत अहमदाबाद में प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है, जिसमें पांचों महाद्वीपों के 70 देशों से 499 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है और वैश्विक कल्याण के अग्रदूत के रूप में भारत की बढ़ती भूमिका का प्रमाण भी है। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनेक अवसरों पर कह चुके हैं कि भारत एक विश्व गुरु है, जिसने मानवता को अनेक अमूल्य परंपराओं का उपहार दिया है। इनमें योग उसका सबसे महान और प्रभावशाली योगदान है। आज 180 से अधिक देशों में 30 करोड़ से अधिक लोग योग का अभ्यास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बार-बार स्वदेशी खेलों और भारतीय परंपराओं से जुड़े खेलों को बढ़ावा देने पर बल दिया है। योगासन भी ऐसी ही एक विधा है, जो अपनी तीव्र गति से बढ़ती वैश्विक लोकप्रियता के बल पर निकट भविष्य में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों का हिस्सा बन सकती है। यह चैंपियनशिप प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में योगासन के वैश्विक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और साथ ही समग्र स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने में भारत के नेतृत्व को भी पुनः स्थापित करती है। आधुनिक खेल तेजी से विशेषज्ञता और प्रदर्शन-केंद्रित होते जा रहे हैं। खिलाड़ी शक्ति, गति, सहनशक्ति और तकनीकी दक्षता विकसित करने के लिए अथक परिश्रम करते हैं, किंतु सर्वोच्च प्रदर्शन केवल शारीरिक क्षमता पर निर्भर नहीं करता। लचीलापन, संतुलन, मानसिक दृढ़ता, एकाग्रता, रिकवरी और भावनात्मक स्थिरता भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। विश्व के अनेक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और खेल दल पहले ही योग को अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों का हिस्सा बना चुके हैं। नियमित योगाभ्यास मांसपेशियों के लचीलेपन को बढ़ाता है, जोड़ों की गतिशीलता में सुधार करता है, शरीर के केंद्रीय भाग (कोर) को मजबूत बनाता है, मुद्रा को संतुलित करता है और शरीर के प्रति जागरूकता बढ़ाता है। ये सभी लाभ खिलाड़ियों को चोटों के जोखिम को कम करने, तेजी से रिकवरी करने और अपने खेल जीवन को लंबा बनाने में सहायता करते हैं। मानसिक प्रदर्शन पर योग

का प्रभाव भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्रतिस्पर्धा के उच्चतम स्तर पर सफलता अक्सर शारीरिक क्षमता जितनी ही मानसिक संतुलन पर निर्भर करती है। योगासन और प्राणायाम के माध्यम से खिलाड़ी तनाव का प्रबंधन करना, एकाग्रता बढ़ाना, भावनाओं को नियंत्रित करना और दबाव की परिस्थितियों में शांत बने रहना सीखते हैं। यही गुण कई बार जीत और हार के बीच का अंतर निर्धारित करते हैं। विश्व योगासन खेल महासंघ ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। वर्तमान में पांचों महाद्वीपों के 31 देश इसके आधिकारिक सदस्य हैं और 40 से अधिक अन्य देश इस बढ़ते वैश्विक आंदोलन से जुड़ने की प्रक्रिया में हैं। दो सफल एशियाई चैंपियनशिप का आयोजन न केवल योगासन की बढ़ती वैश्विक लोकप्रियता को दर्शाता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि भारत विश्वस्तरीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने में सक्षम है। खेलों का भविष्य केवल पदकों, रैंकिंग और रिकॉर्डों से परिभाषित नहीं किया जा सकता। खेलों को स्वास्थ्य, अनुशासन, चरित्र निर्माण और सामाजिक कल्याण को भी बढ़ावा देना चाहिए। योगासन इन सभी मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है। कई अन्य खेलों के विपरीत, जिनके लिए महंगी अवसंरचना और विशेष उपकरणों की आवश्यकता होती है, योग सभी के लिए सुलभ है। यह आयु, लिंग, राष्ट्रीयता, आर्थिक स्थिति और शारीरिक क्षमता की सीमाओं से परे है।

किसी दूरस्थ गांव का बच्चा, व्यस्त शहर का कार्यालय कर्मचारी, वरिष्ठ नागरिक और ओलंपिक खिलाड़ी, सभी अपनी क्षमता के अनुसार योग कर सकते हैं। यही समावेशिता योगासन को विश्व की सबसे लोकतांत्रिक शारीरिक विधाओं में से एक बनाती है। योगासन प्रतियोगिताओं और अंतरराष्ट्रीय योग आयोजनों की बढ़ती लोकप्रियता स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि योगासन एक प्रमुख वैश्विक खेल विधा के रूप में उभर सकता है, जबकि इसकी जड़ें स्वास्थ्य और आत्मविकास में बनी रहेंगी। गतिहीन जीवनशैली, अस्वास्थ्यकर भोजन, लगातार तनाव, अपर्याप्त नींद और शारीरिक गतिविधियों में कमी ने करोड़ों लोगों को ऐसी बीमारियों की ओर धकेल दिया है जिन्हें रोका जा सकता है। विश्वभर की स्वास्थ्य प्रणालियां जीवनशैली से जुड़ी इन बीमारियों के बढ़ते बोझ से जूझ रही हैं। समाधान केवल बीमारी के विकसित हो जाने के बाद उसका उपचार करना नहीं हो सकता। रोकथाम को स्वास्थ्य व्यवस्था का आधार बनाना होगा। योगासन यही निवारक दृष्टिकोण प्रदान करता है। नियमित योगाभ्यास चयापचय (मेटाबॉलिज्म) को बेहतर बनाता है, रक्त संचार को सुदृढ़ करता है, श्वसन क्षमता को बढ़ाता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है और हार्मोनल संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। योगासन के लाभ केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं हैं।

एक स्वस्थ जनसंख्या का अर्थ है कम स्वास्थ्य व्यय, अधिक कार्य उत्पादकता, बेहतर शैक्षिक परिणाम और जीवन की उच्च गुणवत्ता। विश्वभर की सरकारें रोकी जा सकने वाली बीमारियों के कारण बढ़ते स्वास्थ्य खर्चों से जूझ रही हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों में योग को शामिल कर इस बोझ को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आज विश्व को ऐसे विकास मॉडल की आवश्यकता है, जो शारीरिक उत्कृष्टता के साथ मानसिक शांति और आध्यात्मिक संतुलन का भी समावेश करे। योगासन ऐसा ही एक मॉडल प्रस्तुत करता है। वास्तव में 21वीं सदी योग की सदी बन सकती है। एक ऐसी सदी, जहां फिटनेस का मूल्यांकन केवल मांसपेशियों, पदकों और रिकॉर्डों से नहीं, बल्कि समग्र स्वास्थ्य, आंतरिक शक्ति और संतुलित जीवनशैली से किया जाएगा।

(लेखक विश्वप्रसिद्ध योग गुरु हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
बाल मुकुन्द ओझा

पृथ्वी और मानव जीवन की अमूल्य धरोहर है महासागर

विश्व महासागर दिवस प्रतिवर्ष 8 जून को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को समुद्र की विशेषता और बहुमूल्य वस्तुओं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। इसके लिए हर वर्ष एक थीम जारी की जाती है। थीम जारी करने का उद्देश्य लोगों तक समुद्र के बारे में जागरूक करना है। इस वर्ष 2026 की थीम हमारे नीले ग्रह के लिए मज़बूत समुद्री संरक्षित क्षेत्र रखी गई है। ब्रिटेन के लोग आज भी समुद्रों की सुरक्षा के प्रति जागरूक है। वे इस बात का ध्यान रखते हैं कि समुद्र प्रदूषण का शिकार नहीं हो। फिर भी समुद्र में कचरा आदि बहाने की अनेक घटनाएं देखने और सुनने को मिलती हैं। हर साल महासागर दिवस इसीलिए मनाया जाता है की हम महासागरों को स्वच्छ रखें और मानव मित्र के रूप में इनकी रक्षा करें। पृथ्वी पर जीवन का आरंभ महासागरों से माना जाता है।

महासागर हमारी पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा कवर करते हैं। इन्हें केवल पानी का एक विशाल भंडार समझना बहुत बड़ी भूल होगी। ये वास्तव में हमारे ग्रह की जीवन रेखा हैं। पृथ्वी की 50 प्रतिशत से अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन महासागरों द्वारा किया जाता है। यह पृथ्वी की जलवायु और ग्लोबल वार्मिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्व की आधी से अधिक ऑक्सीजन महासागरों द्वारा उत्पादित होती है और यह हमारे वायुमंडल की तुलना में 50 गुना अधिक कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करती है। इसमें मनुष्य जीवन के साथ साथ समुद्री जीव जंतु और पेड़-पौधों का जीवन निर्वाह होता है। महासागर असीम जैव विविधता का भंडार है। हमारी पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत भाग महासागरों से घिरा है। महासागरों में पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का लगभग 97 प्रतिशत जल समाया हुआ है। महासागर रोजगार सृजन का बहुत बड़ा स्त्रोत हैं। यह करोड़ों लोगों के पेट भरने का उद्गम स्थल है। यहां लाखों प्रजातियों के जीव-जंतु मिल जाते है। देश और दुनिया के पर्यावरण को संतुलित करने का काम भी महासागरों के माध्यम से होता है। महासागर के छोटे छोटे भागों को समुद्र तथा खाड़ी कहते हैं। महासागरों की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यदि पृथ्वी के सभी महासागरों को एक विशाल महासागर मान लिया जाए तो उसकी तुलना में पृथ्वी के सभी महाद्वीप एक छोटे द्वीप से प्रतीत होंगे। पृथ्वी पर पांच महासागर हैं इनमें प्रशांत महासागर 6,36,34,000 वर्ग मील, अटलांटिक महासागर 3,13,50,000 वर्ग मील, हिंद महासागर 2,83,56,000 वर्ग मील, आर्कटिक महासागर 40,00,000 वर्ग मील तथा अंटार्कटिक महासागर 57,31,000 वर्ग मील में फैला हुआ है। सागर दुनिया भर के लोगों के लिए भोजन, मुख्य रूप से मछली उपलब्ध कराता है किंतु इसके साथ ही यह कस्तूरों, सागरीय स्तनधारी जीवों और सागरीय शैवाल की भी पर्याप्त आपूर्ति करता है। सागर के अन्य मानव उपयोगों में व्यापार, यात्रा, खनिज दोहन, बिजली उत्पादन और नौसैनिक युद्ध शामिल हैं, वहीं आनंद के लिए की गयी गतिविधियों जैसे कि तैराकी, नौकायन और स्कूबा डाइविंग के लिए भी सागर एक आधार प्रदान करता है। खूबसूरत समुद्री तटों को देखने और समुद्र की लहरों से अठखेलियां करने के लिए महासागर पर्यटकों की सबसे पसंदीदा जगह है। यहां उठती समुद्री तरंगे और उफनता समुद्र मन को तरोताजा कर देता है। इसका प्राकृतिक दृश्य मन मोह लेने वाला है। वास्तव में यहां का मनोरम दृश्य तुलना से परे है। समुद्र के सुनहरे और लुभावने तटों पर मनोरंजन के लिये सैर-सपाटा करना सैलानियों के लिए कोई नई बात नहीं है। सैलानी यहां स्वर्गिक आनंद का अनुभव करते हैं। समुद्र के सौन्दर्य को देखकर पर्यटकों की हृदय गति तीव्र हो जाती है। मानव जीवन को विभिन्न प्रकार से जीवन दान देने वाले महासागरों में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बनता जा रहा है। अरबों टन प्लास्टिक का कचरा हर साल महासागर में समा जाता है। आसानी से विघटित नहीं होने के कारण यह कचरा महासागर में जस का तस पड़ा रहता है। अकेले हिंद महासागर में भारतीय उपमहाद्वीप से पहुंचने वाली भारी धातुओं और लवणीय प्रदूषण की मात्रा प्रतिवर्ष करोड़ों टन है। विषैले रसायनों के रोजाना मिलने से समद्री जैव विविधता भी प्रभावित होती है। इन विषैले रसायनों के कारण समुद्री वनस्पति की वृद्धि पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। विश्व में होने वाली वर्षा महासागरों पर ही निर्भर है। महासागर कभी सूखता नहीं, क्योंकि इसमें से जितना पानी वाष्प बनकर उड़ता है। वह वर्षा द्वारा नदियों में बहकर पुनः सागर में मिल जाता है। इस प्रकार से पानी का एक चक्र बना रहता है। लहरों से विभिन्न प्रकार के द्वीप तथा खाड़ियों का निर्माण होता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

सांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप

संकलित
दर्शन

सांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप। जाके हिरदे सांच है, ताके हिरदे आप। सत्य केवल वाणी का विषय नहीं है। यह तो मन, वचन और कर्म की समरूपता की उच्च अवस्था है। हम अपने जीवन में जो सोचते हैं, जो कहते हैं और जो करते हैं, जब ये तीनों एक ही धारा में बहने लगें, तभी सच्चा सत्य जन्म लेता है। इसी को हमारे ऋषियों ने त्रिकरण शुद्धि कहा है। 'सत्यं वद' हमें यही सिखाता है कि सत्य एक जीवन-शैली है। जो मनुष्य एक बार सत्य की राह पकड़ लेता है, उसे फिर अपनी बात याद रखने की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि सत्य अपना रास्ता सहज अवस्था में बना लेता है। दूसरा विषय आता है 'धर्मं चर' यानी धर्म का आचरण करो। यहां धर्म से तात्पर्य किसी मजहब या संप्रदाय से नहीं है। ऋषियों का धर्म बहुत व्यापक है। 'सत्यं वद, धर्मं चर' भारतीय समाज की आत्मा का शाश्वत घोष है। भारतीय चिंतन में सत्य को ईश्वर का स्वरूप और धर्म को जीवन की मर्यादा माना गया है। वेदों, उपनिषदों और महाभारत से लेकर लोकजीवन तक, सत्य और धर्म ने भारतीय संस्कृति को नैतिक आधार प्रदान किया है। आज जब भौतिकता और त्वरित सफलता की दौड़ में मानवीय मूल्य क्षीण होते दिखाई दे रहे हैं, तब भारतीय ज्ञान-परंपरा का यह संदेश और भी प्रासंगिक हो गया है। तैत्तिरीयोपनिषद् में वर्णन मिलता है- सत्यं वद। धर्मं चर। स्वाध्यायान्मा प्रमदः। आचार्याय प्रियं धनमाहृत्य प्रजातन्तुं मा व्यवच्छेत्सीः। इन पंक्तियों का अर्थ है सत्य बोलो।

सत्य के सामने झुकना, अहंकार को विसर्जित करना

संकलित
प्रेरणा

जीवन के हर आयाम में सत्य के सामने झुकना मुश्किल है और झूठ के सामने झुकना सरल। यह सच है क्योंकि सत्य के सामने झुकने का अर्थ होता है अहंकार को विसर्जित करना। ऐसी उलटबांसी क्यों है? उलटबांसी जरा भी नहीं है, सिर्फ तुम्हारे विचार में जरा सी चूक हो गई है, इसलिए उलटबांसी दिखाई पड़ रही है। चूक बहुत छोटी है, शायद एकदम से दिखाई न पड़े। सत्य के सामने झुकना पड़ता है, झूठ के सामने झुकना ही नहीं पड़ता, झूठ तुम्हारे सामने झुकता है और इसीलिए झूठ से दोस्ती आसान है, क्योंकि झूठ तुम्हारे सामने झुकता है और सत्य से दोस्ती कठिन है, क्योंकि सत्य के सामने तुम्हें झुकना पड़ता है। अंधा अंधेरे से दोस्ती कर सकता है, क्योंकि अंधेरा आंखें चाहिए ऐसी मांग नहीं करता, लेकिन अंधा प्रकाश से दोस्ती नहीं कर सकता है, क्योंकि प्रकाश से दोस्ती के लिए पहले तो आंखें चाहिए। अंधा अमावस की रात के साथ तो तल्लीन हो सकता है, मगर पूर्णिमा की रात के साथ बेचैन हो जाएगा। पूर्णिमा की रात उसे उसके अंधेपन की याद दिलाएगी। अमावस की रात अंधेपन को भुलाएगी, याद नहीं दिलाएगी। तुम कहते हो, जीवन के हर आयाम में सत्य के सामने झुकना मुश्किल है। यह सच है क्योंकि सत्य के सामने झुकने का अर्थ होता है अहंकार को विसर्जित करना, लेकिन दूसरी बात सच नहीं है, जो तुम कहते हो कि झूठ के सामने झुकना सरल क्यों है? झूठ तो सदा तुम्हारे सामने झुका हुआ खड़ा है, तुम्हारे पैरों में बैठा है।

अंतर्मन

आज की पाती

प्राइवेट सिस्टम : आम आदमी की जेब पर हमला

भारत एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस, हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। *- दुयंत कुमार साहू, रायपुर*

ट्रेंड

प्रेरणा का विषय

मेजर अभिलाषा बराक को संयुक्त राष्ट्र के 'संयुक्त राष्ट्र सैन्य जेंडर एडवोकेट पुरस्कार' से सम्मानित किया जाना प्रत्येक भारतीय, विशेषकर देश की बेटियों और महिलाओं के लिए गर्व एवं प्रेरणा का विषय है।
-**अन्नपूर्णा देवी,** केंद्रीय महिला विकास मंत्री

प्राथमिक शिक्षा प्रणाली

हमारी सरकार ने लंबे समय से उपेक्षित प्राथमिक शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। 12,000 करोड़ के निवेश से राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में व्यापक अवसंरचना विकास होगा, अधिक शिक्षकों की नियुक्ति होगी और बेहतर शिक्षण वातावरण बनाया जाएगा।
- **मोहन चरण माझी,** सीएम, ओडिशा

पिनाका की गूंज



पिनाका की गूंज आज वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती रणनीतिक शक्ति का प्रतीक बन गई है। आर्मेनिया में सफल परीक्षण परीक्षणों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारत का रक्षा उत्पादन विश्व स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बना रहा है।
- **सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार

घटिया गुणवत्ता



'दोहरे इंजन' का दावा करने वालों की सरकार में, डिब्बे खुद टूटकर दोगुने हो रहे हैं। पहले भी कहा जा रहा था कि भाजपा में न सिर्फ दोहरा इंजन बल्कि डिब्बे भी आपस में टकरा रहे हैं। भाजपा हर चीज के निर्माण में घटिया गुणवत्ता के लिए जिम्मेदार है।
- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

करंट अफेयर

जेलेंस्की के पीस टॉक्स के ऑफर को पुतिन ने ठुकराया

रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को खत्म करने की कोशिशों को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के आमने-सामने बातचीत के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। पुतिन ने साफ कहा कि फिलहाल दोनों नेताओं की सीधी मुलाकात का कोई औचित्य नहीं बनता। दरअसल, एक दिन पहले जेलेंस्की ने पुतिन को एक ओपन लेटर लिखा था। इस लेटर में उन्होंने युद्ध खत्म करने के लिए आमने-सामने बैठकर बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। जेलेंस्की ने लिखा था कि अब इस युद्ध से बाहर निकलने का रास्ता तलाशने का समय आ गया है और दोनों नेताओं को सीधे संवाद करना चाहिए लेकिन सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित रूस के प्रमुख आर्थिक मंच के दौरान पुतिन ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि जेलेंस्की का लेटर पूरी तरह ईमानदार नहीं लगा। पुतिन के मुताबिक लेटर में कुछ टिप्पणियां ऐसी थीं जिन्हें वह असभ्य मानते हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा, मुझे फिलहाल ऐसी मुलाकात का कोई मतलब नजर नहीं आता। पहले विशेषज्ञ स्तर पर काम होना चाहिए, समाधान तैयार होने चाहिए और उसके बाद नेताओं की बैठक हो सकती है। रूसी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि यूक्रेन की दिलचस्पी सिर्फ रूसी सेना की प्रगति रोकने में है।

ऑफ बीट

विशाल चट्टान को तराशकर बनाया गया सांवलिया जी मंदिर

देश-दुनिया में लीलाधर के कई अद्भुत मंदिर हैं, जिनकी कथा या बनावट हैरत में डाल देती है। ऐसा ही एक मंदिर राजस्थान के ऐतिहासिक शहर चित्तौडग़ढ़ में है, जो अपनी अनोखी बनावट के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। यह मंदिर पूरी तरह से एक अकेली बड़ी चट्टान को काटकर बनाया गया है। इसे सांवलिया जी मंदिर कहा जाता है, जो भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस मंदिर में दर्शन करने मात्र से सभी इच्छाएं पूरी हो जाती हैं और हर कार्य में सफलता मिलती है। आज भी वैज्ञानिक और इतिहासकार इस मंदिर के निर्माण के पीछे छिपे प्राचीन खगोलीय ज्ञान को सराहते हैं। विशाल एकल चट्टान से तराशा गया है मंदिर-यह मंदिर न सिर्फ अपनी भव्य वास्तुकला के लिए जाना जाता है, बल्कि आकाशीय घटनाओं के साथ अपने गहरे संबंध के लिए भी चर्चा में रहता है। सांवलिया जी मंदिर एक विशाल एकल चट्टान से तराशा गया है, जिसकी ऊंचाई और बनावट देखकर हैरानी होती है। सदियों पुरानी इस इमारत में कारीगरों की अद्भुत कारीगरी दिखाई देती है। दीवारों पर बारीक नक्काशी, देवी-देवताओं की मूर्तियां और हिंदू पौराणिक कथाओं के दृश्य इस मंदिर को एक जीवंत कलाकृति बना देते हैं।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

70 दिन जेल में बंद डायरेक्टर ने देखा अलग हिंदुस्तान ...

मुंबई। हॉरर फिल्में बनाने वाले विक्रम भट्ट पिछले साल धोखाधड़ी के मामले में करीब 70 दिनों तक जेल में थे। उन्होंने अपने जेल के दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्होंने जेल में एक अलग हिंदुस्तान देखा। विक्रभ भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट को दिसंबर 2025 में गिरफ्तार किया गया था। कपल पर आरोप था कि उन्होंने इंदिरा आईवीएफ के संस्थापक डॉ. अजय मुंडिया से उनकी दिवंगत पत्नी पर एक बायोपिक बनाने के नाम पर भारी रकम ली थी, लेकिन फिल्म नहीं बनाई। विक्रम भट्ट ने बताया कि वहां उनकी कई लोगों से दोस्ती हो गई थी। उन्होंने कुछ ऐसे दोस्त बनाए हैं जो जीवन भर के लिए उनके दोस्त बन गए।

लाइफ Style

तापसी

सिनेमा इंडस्ट्री में होता है उम्र को लेकर भेदभाव

एजेंसी ⏭ मुंबई

तापसी पन्नू बड़े पर्दे पर ऐसी फिल्में करती हैं, जो महिलाओं से जुड़े मुद्दे उठाती हैं। असल जिंदगी में भी हर मुद्दे पर वह बेबाकी से अपनी राय रखती हैं। हाल ही में तापसी पन्नू ने एक्ट्रेस के साथ उम्र को लेकर किए जा रहे भेदभाव पर बात की है।

तापसी पन्नू ने हाल ही में एक अहम मुद्दे पर बात की है। वह महिला कलाकारों के साथ हो रहे भेदभाव का जिक्र करती हैं। खुद भी वह ऐसी ही चुनौती का सामना कर रही हैं। तापसी का कहना है कि बढ़ती उम्र के कारण उन्हें कुछ खास तरह के किरदार ऑफर ही नहीं हो रहे हैं, मेकर्स को लगता है कि वो ऐसे किरदारों के लिए बड़ी हैं। एक इंटरव्यू में तापसी पन्नू कहती हैं, 'जब तक आप इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाते हैं, तब तक आप 30 साल के हो चुके होते हैं। फिर वे कहते हैं कि आप रोमांटिक-कॉमेडी में काम करने के लिए उतने यंग नहीं हैं। लेकिन मेल एक्टर्स के मामले में ऐसा नहीं होता है। इंडस्ट्री में उम्र को लेकर भेदभाव एक बड़ी बात है।' आगे तापसी पन्नू कहती हैं, 'साउथ में भी मेरे साथ ऐसा होता था। जैसे ही मुझे किसी सीनियर एक्टर के अपोजिट कास्ट किया जाता, यंग एक्टर मेरे साथ काम नहीं करना चाहते थे।' तापसी फिर बॉलीवुड का जिक्र करते हुए कहती हैं, 'शाहरुख खान के बारे में तो आप ऐसी बात कहने की हिम्मत भी नहीं कर सकते हैं।' इस तरह तापसी ने जाहिर किया दिया कि उम्र को लेकर भेदभाव सिर्फ एक्ट्रेसेस के साथ होता है, मेल एक्टर्स के करियर पर उम्र बढ़ने का कोई असर नहीं होता है।

हॉलीवुड मसाला

वेडिंग सेलिब्रेशन पर मचा बवाल

नई दिल्ली। मशहूर गायिका दुआ लिपा ने ब्रिटिश एक्टर कैलम टर्नर से हाल ही में लंदन में एक प्राइवेट सिविल सेरेमनी में शादी रचाई थी। इसके बाद कपल ने एक लैविश सेलिब्रेशन किया जिस पर बवाल मच गया है। दरअसल, शादी के बाद दुआ लिपा और कैलम टर्नर ने इटली में तीन दिनों तक एक लैविश वेडिंग सेलिब्रेशन किया। अब उन्हें सेलिब्रेशन का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। हुआ यूं कि दुआ लिपा के लैविश सेलिब्रेशन के चक्कर में सिसिली के लोगों में गुस्सा फूट पड़ा।

बैकरूम्स की कमाई देखकर हुए हैरान...

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के मशहूर निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग अक्सर नई फिल्में देखतें हैं। जो फिल्में उन्हें अच्छी लगती हैं उनकी तारीफ करते हैं। हाल ही में नई रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्में ऑब्सेस्ड और बैकरूम्स 79 साल के स्पीलबर्ग को बहुत पसंद आईं हैं। दोनों फिल्में कम बजट की हैं और अच्छी कमाई कर रही हैं। इसलिए उन्होंने दोनों फिल्मों की तारीफ की है। एक बातचीत में स्पीलबर्ग ने ऑब्सेशन और बैकरूम्स के बारे में कहा 'मैं उनके लिए बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि यह बहुत शानदार है।' उन्होंने जोश के साथ कहा, 'मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छी बात है कि उनके पास बहुत कम पैसे थे- खासकर ऑब्सेशन का बजट 1 मिलियन डॉलर (लगभग 8 करोड़ रुपए) से भी कम था और दूसरी फिल्म का बजट शायद नौ या दस मिलियन डॉलर (लगभग 86 करोड़ रुपए) था। फिर भी वे इतना अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। मैं उनकी तारीफ करता हूं।'

को-एक्टर के गलत व्यवहार का किया खुलासा

नई दिल्ली। एक्ट्रेस प्रिया बापट ने अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों का एक परेशान करने वाला किस्सा शेयर किया है। उन्होंने बताया कि उनकी डेब्यू फिल्म के एक गाने की शूटिंग के दौरान उनके को-एक्टर बार-बार उन्हें किस कर रहे थे, जिससे वह काफी परेशान हो गई थीं। एक इंटरव्यू में प्रिया ने बताया कि उन्होंने शुरुआत से ही इस किसिंग सीन को लेकर सवाल उठाए थे और स्क्रिप्ट रीडिंग के दौरान डायरेक्टर से इसकी जरूरत पर भी बात की थी। इस घटना को याद करते हुए 'मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस' की एक्ट्रेस ने कहा, 'गाने के दौरान ऐसे कई मौके आए जब वह एक्टर बार-बार इम्प्रोवाइज कर रहा था और मुझे किस किए जा रहा था। और मैं... पता नहीं क्यों, उस समय अपने लिए खड़ी नहीं हो पाई, क्योंकि मुझे समझ नहीं आ रहा था कि इस स्थिति को कैसे संभालूं।'

अभय ने शेयर की बीटीएस तस्वीरें

मुंबई। 'मुंज्या' के दो साल पूरे होने पर अभय वर्मा ने फिल्म के सेट से कई बिहाइंड-द-सीन्स तस्वीरें शेयर कीं और एक इमोशनल नोट लिखकर उस सफर के लिए आभार जताया, जिसने उनकी जिंदगी बदल दी। अभय ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'मुंज्या के 2 साल!! इस दिन ने सब कुछ हमेशा के लिए बदल दिया। आज भी जब आप मुझे बिट्टू बुलाते हैं तो मेरा दिन बन जाता है... और इस प्यार के लिए कुछ भी। आप सबने मुझे वो जिंदगी दी है, जिसका मैं सिर्फ सपना देख सकता था! जल्दी मिलते हैं।अभय वर्मा के वर्क फ्रंट की बात करें तो लाइकी लाइका और दिलकशी के अलावा वह शाहरुख खान की अगली बड़ी फिल्म किंग में भी नजर आएंगे। यह एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं।

टीवी मसाला

एकता के इन टीवी शोज ने बदल दी सीरियल्स की तकदीर

नई दिल्ली। भले ही धीरे-धीरे भारतीय टीवी शोज ओटीटी की तरफ शिफ्ट होने लगे हैं, लेकिन टीवी सीरियल्स की दीवानगी कम नहीं हुई है। सास बहू ड्रामा से लेकर घर-घर की कहानियों तक, एकता कपूर ने भारतीय टेलीविजन की दुनिया को फर्श से अर्श तक पहुंचाया है। एकता कपूर ने भारतीय टीवी शोज को दूरदर्शन के धारावाहिकों से बिलकुल अलग एंगल दिया और कई घरों में सैटेलाइट टीवी इसलिए पहुंचा, क्योंकि औरतें इन शोज के बारे में बातें करती थीं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी : हम इस शो का नया सीजन आज भी टीवी पर देखते हैं। स्मृति ईरानी को टीवी की सुपरस्टार बनाने का क्रेडिट इसी शो को जाता है। साल 2000 का यह सबसे कामयाब शो था। स्मृति और एकता ने मिलकर टीआरपी के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। कहानी घर घर की : यह वो सीरियल था जिससे हर दर्शक रिलेट कर पाता था। घर-घर की नोक-झोंक और मुश्किलों को जब एकता ने छोटे पर्दे पर उतारा तो दर्शक फौरन इस शो से जुड़ गए। साक्षी तंवर स्टारर यह शो आज भी लोगों को अच्छी तरह याद है। कसौटी जिंदगी की: एकता कपूर प्रोडक्शन का यह शो और इसके किरदार आज भी लोगों को याद हैं। कोमोलिका से लेकर प्रेरणा और अनुराग जैसे किरदार घर-घर में मशहूर हो गए थे और इस शो का बाद में एक नया सीजन भी लाने की कोशिश एकता ने की थी। पवित्र रिश्ता : सबके चहेते एक्टर सुशांत सिंह राजपूत को टीवी की दुनिया में चमकाने का काम एकता कपूर ने इसी शो के जरिए किया था। सुशांत और अंकिता लोखंडे की जोड़ी ने इस सीरियल के जरिए दर्शकों का दिल जीत लिया था। बड़े अच्छे लगते हैं : आपको उस दौर के जितने भी टीवी शोज के नाम याद हैं, ज्यादा संभावना इसी बात की है कि वो एकता कपूर ने बनाए थे।

कहां गया शक्तिमान का डॉ जैकाल?

नई दिल्ली। 'शक्तिमान' में पॉपुलर कैरेक्टर्स में से एक 'डॉ जैकाल' भी था, जिसे लोग देखने के वक्त भले ही नफरत करते हो, लेकिन आज वह एक



यादगार किरदार बन चुका है। शो में 'डॉ जैकाल' का किरदार निभाने वाले अभिनेता ललित परिमू अभी अभिनय करते भी हैं और खुद का एक्टिंग स्कूल भी चलाते हैं। हाल ही में दूरदर्शन पर उनका नया शो 'सेठ पन्नालाल की बारादरी' प्रसारित हो रह है। शक्तिमान के अलावा सीआईडी, क्राइम पेट्रोल, हैदर, मुबारकन और एजेंट विनोद जैसी फिल्मों में नजर आए ललित परिमू ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में बताया कि जब वह 28 साल के थे, तो उन्होंने धर्मगुरु बनने के बारे में सोचा था। अभिनेता ने कहा, ध्यान, अध्ययन और योग के लंबे अभ्यास के कारण मैं धर्मगुरु बनने के बहुत करीब था। मैं एक ऑर्गेनाइजेशन के साथ जुड़ा हुआ था, जहां कुछ लोगों की टीम थी और वह मुझे लॉन्च करने के लिए तैयार थे। मैं दूसरी ही दुनिया में कदम रखने जा रहा था, जिस कारण मैंने टीवी और बॉलीवुड में काम करना कम कर दिया था।

60 की उम्र में शादी करने में क्या गलत है : राखी गुलजार

मुंबई। आमिर खान अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट से जल्द शादी करने वाले हैं। आमिर ने खुद कन्फर्म किया है कि वह गौरी के साथ अपने रिलेशन का नेक्स्ट स्टेप लेने वाले हैं। आमिर के इस फैसले पर कई लोग हैरान हैं क्योंकि 60 की उम्र में वह तीसरी शादी करने वाले हैं। अब आमिर के इस फैसले पर एक्ट्रेस राखी गुलजार का रिएक्शन आया है। राखी ने कहा, '60 की उम्र में शादी करने में क्या गलत है? रोबर्ट डी निरो ने 2 बार शादी की थी और अब टिफनी चेन के साथ रिलेशनशिप में हैं, जिसके साथ उनकी बेटी भी है जिसका जन्म 2023 में हुआ था। उनका बच्चा तब हुआ जब वह 80 साल के थे। शादी में खुशी उम्र को लेकर नहीं होती है।' राखी ने आगे कहा कि उन्होंने कभी आमिर के साथ काम नहीं किया है, लेकिन वह जानती हैं कि आमिर काफी अच्छे इंसान हैं। उन्हें यह भी पसंद है कि कैसे आमिर ने तलाक के बाद अपनी दोनों एक्स वाइफ के साथ अच्छा रिलेशन रखा है। इससे पता चलता है वह इंसान कितने अच्छे हैं। बता दें कि आमिर ने शादी कन्फर्म करते हुए कहा था, 'मैं फिलहाल यूएस में ट्रैवल कर रहा हूं, लेकिन हां शादी की खबर सही है। हम 5 जुलाई को शादी करेंगे।' रिपोर्ट्स के मुताबिक आमिर और गौरी की शादी में सिर्फ क्लोज फ्रेंड्स और परिवार वाले शामिल होंगे।

आमिर जो पहले कहते थे कि शादी अभी उनके लिए जरूरी नहीं है, वह अब कह रहे हैं कि उन्हें और गौरी को लगता है कि वे अब अपने रिलेशन को एक स्टेप आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। बता दें कि आमिर ने गौरी के साथ अपना रिलेशनशिप अपने 60वें बर्थडे में किया था। आमिर ने कहा था कि दोनों कुछ समय से साथ हैं और एक-दूसरे के साथ खुश हैं। आमिर की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह लास्ट सितारे जमीन पर में नजर आए थे जिसमें उनके साथ जेनेलिया डिसूजा थीं। फिल्म सुपरहिट थी। अब आमिर की बतौर एक्टर किसी फिल्म की अनाउंसमेंट नहीं हुई है, लेकिन बतौर प्रोड्यूसर उनकी फिल्म आ रही है बंटवारा 1947 जिसमें सनी देओल और प्रीति जिंटा लीड रोल में हैं।

सनी की फिल्म लाहौर 1947 का नाम बदलकर हुआ 'बंटवारा'

मुंबई। सनी देओल की इस साल की बड़ी पीरियड ड्रामा फिल्म, जिसका पहले नाम 'लाहौर 1947' था, कथित तौर पर इसके नाम में बड़ा बदलाव किया गया है। राजकुमार संतोषी की निर्देशित और आमिर खान प्रोडक्शंस की बनाई इस फिल्म का नाम बदलकर 'बंटवारा' कर दिया गया है। नए नाम से फिल्म को लेकर उत्सुकता पहले ही बढ़ चुकी है, वहीं आमिर खान के इस नाम के राइट्स हासिल करने के बारे में नए खुलासे सामने आए हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'बंटवारा' के टाइटल के राइट्स दिवंगत निर्माता सलीम अख्तर के परिवार के पास थे, जिन्होंने 1989 में इसी नाम की फिल्म बनाई थी। खबरों के मुताबिक, आमिर

खान ने व्यक्तिगत रूप से परिवार से मुलाकात करने के बाद ये राइट्स हासिल किए। एक सूत्र ने पोर्टल को बताया, 'फिल्म की टीम इस बात पर अड़ी थी कि वे फिल्म का नाम लाहौर 1947 नहीं रखना चाहते थे। उन्होंने पहले 'बंटवारा 1947' नाम तय किया था। लेकिन बाद में सभी इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि फिल्म का नाम सिर्फ 'बंटवारा' ही होना चाहिए। हालांकि, '1947' हटाकर सिर्फ 'बंटवारा' रखने का मतलब था टाइटल के राइट्स हासिल करना।'

टाइटल के राइट्स सलीम के परिवार के पास

सूत्र ने आगे बताया कि टीम को बाद में पता चला कि टाइटल के अधिकार सलीम अख्तर के परिवार के पास थे, क्योंकि उन्होंने 1989 में फिल्म 'बंटवारा' बनाई थी। अंदरूनी सूत्र ने आगे कहा, 'टीम को पता चला कि सलीम अख्तर के परिवार के पास टाइटल के अधिकार हैं, क्योंकि निर्माता ने 'बंटवारा' (1989) बनाई थी। दिग्गज फिल्म निर्माता करीम मोरानी ने आमिर खान और सलीम अख्तर के बेटे समद की मुलाकात कराने में मदद की। दरअसल, आमिर समद के घर गए और उनकी मां और सलीम साहब की पत्नी शमा से भी मिले।' रिपोर्ट के अनुसार, 'यह मुलाकात अच्छी रही। बताया जाता है कि आमिर ने परिवार को सलीम अख्तर के साथ 1995 में रिलीज हुई फिल्म 'बाजी' में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने यह भी समझाया कि फिल्म के विषय के लिए 'बंटवारा' टाइटल क्यों सटीक है। अख्तर परिवार ने उनकी बात समझी और इसलिए उन्होंने आमिर को फिल्म के राइट्स बेच दिए।'

हर दृश्य सस्पेंस पैदा करता है कि कहीं सामने मौजूद पात्र तो नहीं है खूनी

60 साल पुरानी यह कल्ट फिल्म मिस्ट्री थ्रिलर में है सबसे अनोखी

मुंबई। राज खोसला साहब को सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों को खूबसूरती से फिल्माने में महारत हासिल थी। वे अल्फ्रेड हिचकाक के प्रशंसक थे, पर खुद खोसला साहब की सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों में एक नया ही स्टाइल दिखता है। सामान्यत: अल्फ्रेड हिचकाक की फिल्मों में आरंभिक दो-तीन दृश्यों में ही मर्डर सामने आता है, फिर शुरू होती है हत्यारे तक पहुंचने की गुत्थी सुलझाने की कोशिश। हर दृश्य सस्पेंस पैदा करता है कि कहीं खूनी सामने मौजूद पात्र तो नहीं है। ये उनकी फिल्मों की खासियत थी, अब आप राज खोसला साहब की सस्पेंस फिल्मों को देखिए। 'मेरा साया' फिल्म में कोई मर्डर नहीं होता। हालांकि, पहले ही दृश्य में सुनील दत्त जी के पात्र राकेश की पत्नी गीता बनीं साधना को उनकी ही बाहों में दम तोड़ते देखा जाता है। गम का माहौल है।

फिल्म की कहानी

फिर कुछ ही दृश्यों में एक नई पहेली खड़ी हो जाती है। साधना की हमशक्ल डकैत को पुलिस सामने लेकर आती है, पर उसका दावा है कि वह राकेश की पत्नी है। इस दावे का सच सामने लाने की गुत्थी सुलझाने की कोशिश में मामला अदालत पहुंचता है। हर दृश्य से सस्पेंस बढ़ता है। एक ओर सुनील दत्त हैं जो जब गवाह के रूप में विटनेस बॉक्स में आते हैं तो उनका अंदाज अलग दिखता है, पर जब काला कोट पहनकर अदालत में जिरह करते हैं तो लगता है मानो अलग इंसान सामने है। वहीं, साधना को देखिए, सामान्यतः ऐसी परिस्थिति में महिला बेबस महसूस करती है, पर साधना एक सशक्त स्त्री के तौर पर सामने आती हैं। जब वो ये कहती हैं कि मुझे अपने पति से अकेले में कुछ बात करनी है। जज उनकी बात को मान लेते हैं और दोनों को अकेले में बात करने के लिए कुछ समय दिया जाता है। एकांत में वार्तालाप के उस दृश्य में कोई संवाद नहीं हैं। बस दोनों के चेहरे पर एक्सप्रेशन दिखते हैं।

कमाल का था राज खोसला का निर्देशन

राज खोसला साहब जैसे फिल्मकार विरले ही हैं। उनकी फिल्ममेकिंग की खूबी थी कि कैमरे और लाइटिंग उपकरणों को एक जगह प्लेस करते थे, उसके सामने की चीजें बदलती रहती थीं जैसे पर्दे या फर्नीचर बदल दिया। कैमरे का एंगल ऊपर-नीचे होता था, पर उसकी पोजिशनिंग वही रहती थी। फिल्म 'बॉबी' के दौरान जब मैं राज कपूर को असिस्ट कर रहा था तो उन्हें भी ऐसे ही फिल्मांकन करते देखा था। वो भी कैमरे को एक जगह सेट करते थे और उसके सामने की चीजें बदलते रहते थे। फिल्मांकन का ये तरीका अपनाने पर समय की काफी बचत होती थी। जो शूटिंग कई दिन का समय लेती थी, उसे वे महज कुछ ही घंटों में पूरा कर लेते थे।

क्लाइमैक्स करता है शॉक

जब सुनील दत्त कमरे से निकलते हैं तो उनके मुंह से एक शब्द निकलता है इंपॉसिबल। बिना संवादों के ही बहुत कुछ कह जाने वाला ये क्लाइमेक्स जबरदस्त था। राज खोसला साहब की फिल्मों की जान होता था संगीत। यह शायद इस वजह से भी था कि वह संगीत जगत में कॅरियर बनाने के इरादे से मुंबई आए थे, पर किस्मत को तो कुछ और ही मंजूर था। गुरु दत्त और देव आनंद के साथ जुड़कर बतौर निर्देशक उन्हें फिल्म 'सीआईडी' से पहचान मिली। हालांकि, संगीत से लगाव कम नहीं हुआ। उनकी फिल्म में संगीत भी कहानी की लय में चलता था।

संगीत हुआ अमर

'मेरा साया' फिल्म के साथ भी ऐसा ही है। फिल्म की कहानी में सस्पेंस है, पर पति-पत्नी के बीच फ्लैशबैक में दिखता रोमांस और मदन मोहन का मधुर संगीत फिल्म की जान है। रजा मेहदी अली खान साहब द्वारा लिखे 'झुमका गिरा रे' गाने में साधना के सिर्फ डांस स्टेप्स ही नहीं, बल्कि चेहरे के भाव भी उसे खास बनाते हैं। इसमें डांस कोरियोग्राफी से इतर निर्देशक का ही नजरिया झलकता है। आजकल तो बैकग्राउंड डांसर्स की भीड़ रहती है। पापा (एच.एस. रवेल) की फिल्म 'मेरे महबूब' के दौरान साधना से मेरी मुलाकात हुई थी। उनका अभिनय, स्टाइल और एलीगेंस कमाल का था।

मजबूत होगी देश की साइबर सुरक्षा, केंद्रीय एजेंसियों को मिलेगा एक्सेस

भारत के.. साइबर सुरक्षा चक्रव्यूह में शामिल होगा 'क्लॉड मिथोस' एआई

सुरक्षा के साथ-साथ खतरों पर आरबीआई भी अलर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विशेष खबर

देश की डिजिटल सीमाओं को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए केंद्र सरकार एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। एंथ्रोपिक के नवीनतम एआई मॉडल 'क्लॉड मिथोस' की ताकत का इस्तेमाल अब भारत की प्रमुख साइबर सुरक्षा एजेंसियां करेंगी। सूत्रों के मुताबिक सरकार इस एआई मॉडल तक सीमित पहुंच (लिमिटेड एक्सेस) प्रदान करने की योजना बना रही है ताकि देश के महत्वपूर्ण डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को अभेद्य बनाया जा सके। शुरुआती चरण में क्लॉड मिथोस तक पहुंच पहले टेस्टिंग और बाद में फुल तैनाती के लिए दी जाएगी। सरकारी एजेंसियों के अलावा, आईटी और आईटीईएस क्षेत्र की उन चुनिंदा भारतीय कंपनियों को भी इसका एक्सेस मिल सकता है, जो अत्याधुनिक एआई रिसर्च के लिए इंजीनियरों की समर्पित छोटी टीमें तैयार कर रही हैं।

एंथ्रोपिक ने भारत सहित 15 से अधिक देशों में मिथोस की उपलब्धता का विस्तार किया

इस सूची में देश की ये शीर्ष एजेंसियां शामिल

- **भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र:** गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाली यह नोडल एजेंसी देश में साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए इस टूल का उपयोग करेगी।
- **इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम:** इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के अधीन यह प्रमुख एजेंसी देश की डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करेगी।
- **राष्ट्रीय क्रिटिकल सूचना अवसंरचना संरक्षण केंद्र:** परमाणु ऊर्जा संयंत्रों और बिजली ग्रिड जैसी संवेदनशील राष्ट्रीय संपत्तियों को साइबर हमलों से बचाएगी।
- **डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म:** दूरसंचारविभाग का यह मंच इसके जरिए टेलीकॉम से जुड़े फ्रॉड और धोखाधड़ी पर रोक लगाएगा।

क्या है 'क्लॉड मिथोस' और क्यों है यह खास?

क्लॉड मिथोस अमेरिकी एआई कंपनी एंथ्रोपिक का सबसे नया जनरेटिव एआई मॉडल है। हालांकि, इसे विशेष रूप से केवल साइबर सुरक्षा के लिए नहीं बनाया गया है, लेकिन इसके बावजूद इस लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) ने पुराने से पुराने सॉफ्टवेयर सिस्टम में छिपे हुए बग्स, कोडिंग की गलतियों और सुरक्षा खामियों को ढूंढ निकालने में असाधारण क्षमता दिखाई है। हाल ही में एंथ्रोपिक ने भारत सहित 15 से अधिक देशों में मिथोस की उपलब्धता का विस्तार किया है।

आरबीआई ने एडवाइजरी जारी की

एक तरफ जहां क्लॉड मिथोस सुरक्षा में मददगार है, वहीं इसके दुरुपयोग से पैदा होने वाले साइबर खतरों को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) पूरी तरह सतर्क हो गया है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे. ने बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि हम मिथोस और इस जैसे अन्य पारंपरिक साइबर खतरों से निपटने के लिए पूरी तरह सजग और तैयार हैं। हमने अपने विनियमित संस्थानों (बैंकों और वित्तीय कंपनियों) के लिए जरूरी एडवाइजरी जारी कर दी है। उन्होंने आगे कहा कि यह विषय सरकार और वित्तीय क्षेत्र के अंतर-नियामक मंचों पर विशेष ध्यान का केंद्र बना हुआ है। जैसे ही इसकी भागीदारी की पूरी रूपरेखा साफ होगी, आरबीआई सरकार और अन्य नियामकों के साथ मिलकर आगे की कार्रवाई की जानकारी बाजार से साझा करेगा।

परिवार ने कहा-साजिश कर मार डाला

अमेरिका के फिलाडेल्फिया में भारतीय युवक की हत्या, पिज्जा डिलीवरी के बाद अंशुल को मारी गोली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तेलंगाना के एक 28 साल के भारतीय व्यक्ति की फिलाडेल्फिया में पिज्जा डिलीवर करने के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना कथित तौर पर एक फर्जी ऑर्डर के कारण हुई। मृतक अमेरिका में पार्ट-टाइम पिज्जा डिलीवरी एग्जीक्यूटिव के तौर पर काम कर रहा था। पीड़ित की पहचान अंशुल कुंचा के तौर पर हुई है। वह एक मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी करता था और अतिरिक्त कमाई के लिए वीकेंड पर पिज्जा डिलीवरी एग्जीक्यूटिव के तौर पर पार्ट-टाइम काम करता था।

■ लूटपाट नहीं की, केवल हत्या करके भागे आरोपी

पहले भी लूट का शिकार हुआ

शनिवार रात उसे एक सुनसान जगह पर डिलीवरी का फर्जी ऑर्डर मिला। जब वह वहां पहुंचा तो एक अनजान व्यक्ति ने गोलीबारी की और अंशुल के सिर में कई गोलियां मारने के बाद वहां से भाग गया। अंशुल के परिवार के अनुसार, उसके साथ लूटपाट नहीं की गई, जिससे जिससे हत्या के मकसद पर सवाल उठते हैं। परिवार ने जो बताया उसके अनुसार, हमले के समय इलाके में पीठ पर बैग टांगे हुए दो नकाबपोश बंदूकधारी देखे गए थे। अंशुल पहले भी अमेरिका में लूट का शिकार हो चुका था, जिसमें उसकी चेन, फोन और नकद पैसे चोरी हो गए थे, लेकिन उसे कभी जानलेवा हमले का सामना नहीं करना पड़ा था। अंशुल की बहन तन्वी ने आरोप लगाया कि पिज्जा डिलीवरी उसे मारने के लिए बिछाया गया एक जाल था।

शव को जल्द भारत लाने की मांग

तन्वी ने अधिकारियों से अपने भाई का शव जल्द से जल्द भारत वापस लाने की अपील की। अंशुल की बहन ने कहा, मेरा भाई बहुत मिलनसार और खुशमिजाज इंसान था। वह लगभग चार साल से अमेरिका में था। हमें पता चला कि उसे पिज्जा डिलीवरी की एक फर्जी रिक्वेस्ट के जरिए फंसाया गया और गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई।

घायलों में 2 गंभीर, यहां नहीं थम रहीं ऐसी वारदातें

अमेरिका में ओहायो उत्सव के दौरान गोलीबारी में 12 लोग घायल, संदिग्ध की तलाश भी जारी

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

अमेरिका के टोलेडो में ओहायो उत्सव के दौरान शनिवार को हुई गोलीबारी में 12 लोग घायल हो गए। पीड़ितों की उम्र 14 से 61 साल के बीच है। वहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। गोलीबारी की आवाज सुनकर वे जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

अमेरिका में इस साल 171 मास शूटिंग की घटनाएं

फुटेज साझा करने को कहा

उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि शायद दो लोग एक-दूसरे पर फायरिंग कर रहे थे। पुलिस संदिग्धों की तलाश कर रही है। गन वायलेंस आर्काइव वेबसाइट के अनुसार, इस साल अमेरिका में 171 मास शूटिंग की घटनाएं हुई हैं। टोलेडो में पब्लिक सेफ्टी के डायरेक्टर जार्ज क्रॉल ने लोगों से अपील की है कि अगर उनके पास फोन में कोई फुटेज हो तो वे साझा करें। उन्होंने कहा, ₹मुझे पता है कि लोगों के पास जानकारी है। प्लीज, हमें आपकी मदद करने दें। पुलिस विभाग ने बताया कि शाम करीब 5:37 बजे (स्थानीय समय) ओल्ड वेस्ट एंड फेस्टिवल के पास किसी के गोली लगने की सूचना मिलने पर अधिकारियों को तुरंत भेजा गया।

गोली की आवाज सुनकर भागते दिखे लोग

इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कई वीडियो में गोली चलने की आवाज सुनकर लोगों को भागते और इमरजेंसी अधिकारियों को घायल लोगों की मदद करते देखा जा सकता है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि कई लोगों से जानकारी हासिल करने की कोशिश की गई है और कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही हैं।

रोज 200-300 लोगों का वेरिफिकेशन

बांग्लादेश लौटने के लिए खुद सामने आ रहे अवैध प्रवासी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की हकीमपुर चेकपोस्ट पर इन दिनों अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की भीड़ जुट रही है। ये लोग खुद अपनी पहचान बताकर बांग्लादेश लौटने की इच्छा जता रहे हैं। हालांकि, सीमा सुरक्षा बल उन्हें सीधे सीमा पार भेजने के बजाय बायोमीट्रिक और अन्य पहचान पत्र लेकर बंगाल में बनाए गए होल्डिंग सेंटरों में भेज रही है। हकीमपुर बॉर्डर पर वेरिफिकेशन सेंटर पर रोजाना करीब 200 से 300 लोग वेरिफिकेशन के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें से कई लोग सालों पहले अवैध रूप से भारत आए थे और अब बदलते हालात के बीच अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। कई लोगों के पास भारतीय दस्तावेज हैं, लेकिन बांग्लादेशी पहचान संबंधी कागजात नहीं हैं।

अधिकारी बोले-पहली बार ढूंढना नहीं पड़ रहा

बीएसएफ के एक अधिकारी ने कहा कि पहली बार ऐसी स्थिति बनी है जब अवैध प्रवासियों को तलाशने की जरूरत नहीं पड़ रही। लोग खुद वेरिफिकेशन कराने और अपनी पहचान दर्ज कराने के लिए चेकपोस्ट पर पहुंच रहे हैं। अधिकारी के अनुसार, सुबह से शाम तक लोगों की लंबी कतारें लगी रहती हैं और वेरिफिकेशन में काफी समय लग रहा है।

सूरत में सेप्टिक टैंक में दम घुटने से 4 मजदूरों की मौत

एजेंसी ▶▶ सूरत

गुजरात के सूरत में बड़ा हादसा हुआ है। वहां के वराछा इलाके में रविवार सुबह एक ज्वैलरी फैक्ट्री के सेप्टिक टैंक की सफाई करने गए चार मजदूरों की जहरीली गैस के असर से दम घुटने से मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने मजदूरों को तत्काल बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मजदूरों की मौत की खबर मिलते ही उनके क्षेत्र में मातम छा गया।

क्या है पूरी घटना?

सूरत जोन-1 के पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार ने बताया कि वराछा इलाके में स्थित ज्वैलरी फैक्ट्री में सुबह 4 मजदूर सेप्टिक टैंक की सफाई करने उतरे थे। इस दौरान टंकी के अंदर मौजूद जहरीली गैस के असर से अचानक चारों मजदूरों का दम घुटने लगा और वह बेहोश हो गए। उन्होंने बताया कि सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद चारों मजदूरों को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने चारों मजदूरों की जांच की और उन्हें मृत घोषित कर दिया।

दुबई में फंसे केरल के स्वास्थ्यकर्मी सीएम ने पीएम मोदी से लगाई गुहार

दुबई। दुबई में ईरानी अस्पताल बंद होने के बाद केरल के भारतीय स्वास्थ्य कर्मियों का एक समूह अब संयुक्त अरब अमीरात में फंस गया है। युद्ध की वजह से अस्पताल बंद हुआ और उनकी नौकरियां चली गईं। अब वे बिना किसी काम के वहीं अटक गए हैं। नए नौकरी वीजा और यहां तक कि जीवनसाथी वीजा के लिए उनके आवेदन भी सुरक्षा कारणों से खारिज किए जा रहे हैं, जिससे वे कोई भी नया काम शुरू नहीं कर पा रहे हैं। केरल के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी से अपील की है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें, ताकि इन कर्मियों को और मुश्किलों का सामना न करना पड़े और वे अपनी जिंदगी को फिर से पटरी पर ला सकें।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

शिक्षक

आवश्यकता है- जागृति उ.मा. विद्यालय, भाठागांव, रायपुर PGT भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, गणित, संस्कृत, TGT विज्ञान के 1-1 पद, PRT के 4 पदों हेतु योग्य/ अनुभवी शिक्षक (B.Ed/ D.Ed अनिवार्य) चाहिए। बायोडाटा + प्रमाणपत्रों सहित 13-06-2026 तक विद्यालय में 08 बजे से 12बजे तक संपर्क करें। **साक्षात्कार: 14-06-2026, 9 बजे से।** 7610505566. (RO-0120)

आवश्यकता है- बी एन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल लक्ष्मीनगर सुपेला भिलाई, हायर सेकेंडरी और हाईस्कूल, अंग्रेजी माध्यम , विषय-गणित, भौतिकी, रसायन ,जीवविज्ञान एकाउंट, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, अनुभवी को प्राथमिकता **संपर्क** 6265881237.(आरो न -290)

आवश्यकता है- सरस्वती ज्ञानमंदिर उमा विद्यालय भिलाई 3 एवं ज्ञान पब्लिक स्कूल हथखोज माध्यम(हिंदी) प्राथ/पूर्व मा विभाग (अंग्रेजी) पूर्व विभाग हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की। **साक्षात्कार अंग्रेजी माध्यम 11/6/2026 हिंदी माध्यम 12/6/2026 समय सुबह 10 से 2:00 मो** 9826621651, 9770140863. (आरो न - 289)

आवश्यकता है- प्रूडेंट पब्लिक स्कूल (अंग्रेजी-माध्यम) इंद्रप्रस्थ RDA कॉलोनी, फेस-1, रायपुरा, रायपुर के प्री-प्रायमरी, प्रायमरी व मिडिल विभाग में शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। **संपर्क करे-** 7745909680, 7354936509. (RO-0119)

हरिभूमि क्लासीफाईड

सेल्स/ मार्केटिंग

आवश्यकता है
अजय माला प्रकाशन में पुस्तक प्रचार हेतु प्रतिनिधि की आवश्यकता है।
योग्यता-12वीं तथा स्नातक अनुभवी को प्राथमिकता
स्वयं का स्मार्ट फोन एवं दु व्हीलर का होना आवश्यक है।
वेतन प्रतिमाह 12,000 रु.
प्रतिदिन रहना-खाना 300 रु.
तथा पेट्रोल अलग से दिया जायेगा
दिनाँक-08 एवं 09 जून, 2026
समय-11 से 6 बजे तक
सम्पर्क करें
रायपुर
अजय प्रकाशन, सुर्या अपार्टमेन्ट के पीछे, पंजाब नेशनल बैंक के बाजू में, सिविल लाइन, रायपुर
9691358826, 7898551745
दुर्ग
होटल पारख पैलेस, ग्रीन चौक, रेल्वे स्टेशन के पास, दुर्ग
7978852526, 9165915079
धमतरी
होटल इम्पेरीयल, गुरूनानक कॉम्पलैक्स, सिहावा चौक, धमतरी
7694064078, 7804934421
बिलासपुर
पंचशील लॉज, गाँधी चौक, बिलासपुर
7974590595, 9302606010
रायगढ़
होटल कनिष्क, गाँधी प्रतिमा रोड, आलोक सिटी मॉल के पास, स्टेशन रोड, रायगढ़
9753673173, 7898204950
कुनकुरी
कुंती लॉज, टपकरा रोड, खेल मैदान के पास, कुनकुरी
9644868192, 8602912503

घरेलु कार्य

आवश्यकता है- भिलाई (नेहरू नगर, गुरुद्वारे के पास) में 24 घंटे घर पर रहने वाली महिला घरेलू नौकरानी की आवश्यकता। वेतन 10,000–12,000 प्रतिमाह। आयु 30–60 वर्ष। एकल-सदस्यीय परिवार की महिला को प्राथमिकता। **संपर्क:** 9826708233. (आरो-SPD/0050)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- रायगढ़ एवं रायपुर की फैक्ट्रियों हेतु सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर एवं फील्ड ऑफिसर की आवश्यकता है। वेतन : 15,000 - 18,000 प्रतिमाह।PF, ESIC रहने -खाने की व्यवस्था **उपलब्ध** 9201958117, 8109080600. (RO-855)

आवश्यकता है- औद्योगिक क्षेत्र हेतु मार्केटिंग ऑफिसर, यूनिट सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, एक्समेंन, लेडीस गार्ड, कंप्यूटर ऑपरेटर योग्यता आठवीं से स्नातक वेतन 10000 से 30000 सुविधा ईपीएफ, रहने-खाने की सुविधा **संपर्क:- भारती सिक्योरिटी सर्विस कैपिटल प्लाजा 411, लालपुर रायपुर** 9302390554, 9343809026. (RO-031)

आवश्यकता

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों , ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कार्य करने हेतू मेहनती युवक / युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवी / फेशर आवेदन करें। -: योग्यता -10वीं / 12वीं/ स्नातक ,**संपर्क ::- हाटेल प्राईम टाईम सार्थक अपार्टमेंट के बाजू में, आमापारा, रोड, बालोद (छ०ग०) तारिख :- 10 जून 2026 बुधवार सुबह 10:00 से 03 बजे** (आरो न - 287)

हाउसकीपिंग/सुपरवाइजर

आवश्यकता है- हाउसकीपिंग- पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने के लिए), ड्राइवर- केवल रायपुर लोकल के लिए, ऑफिस बॉय- केवल रायपुर लोकल के लिए, हाउस सुपरवाइजर, **संपर्क करे-** 6232022676.(आरो-460)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

मशीन ऑपरेटर

टेक्सटाईल स्पिनिंग (धागा) मिल, रायपुर (छत्तीसगढ़)
नई टेक्सटाईल धागा मिल में साफ व ठंडे वातावरण में मशीन चलाने हेतु नये/पुराने अनुभवी वर्कर्स चाहिए। रहने की उत्तम सुविधा व कैंटीन मिल में उपलब्ध।
पहले दिन से PF/ESIC कवरेज व पेमेन्ट सीधे बैंक खाते में। 240 दिन से अधिक हाजरी पर छुट्टी का पैसा अलग।
संपर्क करें। 9827163216 8462933820

ड्रायवर

आवश्यकता है- स्कूल बस चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर (हैवी लाइसेंस) और लेडी कंडक्टर,सिक्योरिटी गार्ड की शीघ्र आवश्यकता है। **शिवोम् विद्यापीठ, सांकरा, रायपुर। कॉल-** 9109126445. (RO-527)

आवश्यकता है- शंकरनगर ऑफिस में - (1) कार चलाने हेतु अनुभवी , कुशल ड्राईवर (2) ऑफिस बॉय की आवश्यकता है जो ऑफिस की साफ-सफाई व अन्य कार्यों में सहायता करें। बायोडाटा सहित **संपर्क करें:-** 9993011757 8878228031. (RO-409)

आवश्यकता है- दुर्ग, भिलाई, रायपुर के लिए स्कूल और स्टाफ बस के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है आधारकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस watsup करें **पता न्यू बस स्टैंड दुर्ग** 9343322450, 7385600786, 9424125786. (आरो नं.- 10484)

सुपरीनटेन्टन

Required- Hostel Rector/Superintendent for boys and girls hostel separate trained and experienced male and female above 40 years. May WhatsApp resume to 9993278941. (आरो न - 284)

हरिभूमि

टेक्नीशियन

आवश्यकता है- यूरेका फोर्ब्स (Aquaguard) : सर्विस टेक्नीशियन – 3, टेलीकॉलर – 3, फील्ड वर्कर – 3, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव – 6, दीपिका सर्विसेज - **कर्मचारी कॉलोनी, कुशालपुर मोबाइल: 9826652461.** (RO-857)

शॉप/फॉर्म हाउस

आवश्यकता है- गिफ्ट शॉप मे युवक/ युवतीओं की एवं फॉर्म हाउस मे कार्य हेतु पति- पत्नी की आवश्यकता है आवास बिजली पानी गैस सुविधा वेतन योग्यतानुसार, **संपर्क करें:-** 9302708426, 7470602013. (RO-034)

चिकित्साकर्मी

Required - Male MBBS Doctors & Nurses for OHC at Raigarh/Raipur. Minimum 3 years experience. Shift duty. Attractive salary. Contact: Bhanwar Meena 9909003027.Asilia health care Ahmedabad (RO-03111)

कैंटीन कार्य

आवश्यकता है- हॉस्पिटल के कैंटीन हेतु स्टाफ की तुरंत आवश्यकता है। **श्री कृष्ण हॉस्पिटल न्यू राजेंद्र नगर रायपुर मो. 9425559771** (Ro- 857)

अन्य

आवश्यकता है- जिलास्तरीय कंपनी में भर्ती परमानेंट बेसेस पर पद- फॉरेस्ट गार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी , हेतु आवेदन करे 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां, उम्र सीमा (18 से 40) सैलरी- (28000/- से 35000/-) आवेदन हेतु - मार्कशीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो ,व्हाट्सएप / **कॉल करे** - 7384880262. (RO-077)

Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करेः- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech, (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क** Bharti Education Academy Sector - 6 Bhilai 9826196515, 9826896515 (आरो -4154)

व्यापार- व्यापार आमंत्रण अपनी पहचान और अतिरिक्त आय बनाएं समय आपका, प्रगति आपकी वेलनेस इंडस्ट्री में 18+ आयु के लिए सुनहरा अवसर। **संपर्क-** 9981969990, 7974741158 (आरो नं.- 10484)

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि क्लासीफाईड

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

EDITION	Appointment	Service/Business	Property Rent & Sale	Display
Raipur City	500	620	550	175/- Sq cm
Bhilai + Durg Edition	440	560	520	150/- Sq cm
Bilaspur City	440	500	520	140/- Sq cm
Raipur All Edition	720	820	800	240/- Sq cm
Bilaspur All Edition	610	780	690	195/- Sq cm
All CG	1000	1150	1120	310/- Sq cm
All CG + MP	1280	1750	1600	330/- Sq cm
All Edition	1700	2100	2000	380/- Sq cm

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

EDITION	RATE	
Raipur City	3000	2+1
Bhilai + Durg Edition	2800	5+3
Raipur Edition	4400	10+10
Bilaspur City	2500	15+18
Bilaspur Edition	3800	
All CG	5500	

MATRIMONIAL CG+MP

(Runing Matter)	(Size 5x1 Box)
500 /- 1 Sunday	800 /- 1 Sunday
900 /- 2 Sunday	1200 /- 2 Sunday
1200/- 3 Sunday	1500/- 3 Sunday

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

Raipur City	55000	85000	1,10,000
Bilai + Durg Edition	50000	80000	1,00000
Bilaspur City	40000	70000	1,00000
Raipur All Edition	70000	1,20,000	1,60,000
Bilaspur All Edition	55000	1,00000	1,20,000
All CG	1,10,000	1,80,000	2,30,000

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

जैकेट के शेष

दुनिया से विदा होने के ....

बचाया नहीं जा सका। डॉक्टरों ने निर्धारित चिकित्सकीय प्रक्रिया के तहत उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया। बेटी को खोने की बड़ी विपदा से जूझ रहे माता-पिता को प्रत्यारोपण समन्वयक अम्बे पटेल और विनीता पटेल ने अंगदान के संबंध में परामर्श दिया। असाधारण उदारता दिखाते हुए परिवार ने दोनों गुर्दे दान करने की सहमति दी, जिन्हें बाद में सोटो-छत्तीसगढ़ के दिशा निर्देशों के अनुसार प्रतीक्षा सूची में प्राथमिकता के आधार पर आवंटित किया गया। एम्स में ही इलाज करा रहे दो मरीजों को सुमना की किडनी प्रत्यारोपित की गई। सुमना के भाई सचिन ने बताया कि उसे आने वाले दौरे के दौरान इतनी पीड़ा होती थी कि परिवार के सदस्यों के लिए यह असहनीय हो जाता था। ब्रेनडेड होने के बाद जब उन्हें अंगदान के बारे में बताया गया तो बेटी की उस पीड़ा को यादकर किडनी की बीमारी से पीड़ित मरीजों को नया जीवन देने अंगदान का फैसला लिया गया।

समाज के लिए ....

अंगदान जागरूकता का एक प्रेरक उदाहरण है। मानवता के प्रति उनके उदार कार्य के सम्मान में दिवंगत आत्मा को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

15 और 45 साल ....

और डॉ. राघवेंद्र के साथ, नेफ्रोलॉजी विभाग के डॉ. विनय राठौर और डॉ. नीलम मरावी, एनेस्थेसियोलॉजी टीम के प्रोफेसर मोनिका खेतरापाल और सरिता रामचंदानी के सहयोग से पूरी हुई।

आम आदमी के ....

डीजल खपत की तुलनात्मक समीक्षा करने को कहा है। निर्देश में स्पष्ट कहा गया है कि यदि किसी औद्योगिक इकाई की कमर्शियल डीजल खपत कम हुई है तो यह जांच की जाए कि कहीं वह खुदरा पंपों से डीजल तो नहीं खरीद रही है।

कलेक्टरों को समीक्षा .....

और पेट्रोल पंप संचालकों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित करने के लिए कहा गया है।

अस्पताल ने कहा- हमने ....

जबकि वह जीवित था। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि डैथ डिक्लीयर करने की प्रक्रिया होती है, शासकीय पोर्टल पर उसकी डिटेल भी अपलोड की जाती है। मित्तल हास्पिटल प्रबंधन ने स्पष्ट करते हुए बताया कि किसी मरीज की मौत होने पर परिवार को डेथ सर्टिफिकेट जारी किया जाता है। इसके अलावा मरीज का रिकार्ड शासकीय पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। अस्पताल में रामअवतार का इलाज पूरी प्रक्रिया के तहत किया गया। उनके परिजनों से सारे दस्तावेज और फार्म निर्धारित प्रक्रिया के तहत भरवाए गए। मरीज के इलाज और लामा आधार पर उसे अस्पताल से डिस्चार्ज से संबंधित तमाम दस्तावेज उनके पास मौजूद है। भाई अजय रात्रे ने आरोप लगाया था अस्पताल की ओर से रामअवतार को मृत बताकर उन्हें सौंप दिया था। उसके अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी इस दौरान वह जीवित हो गया। उसके हाथ-पैर में हरकत हुई और उसने पानी पिया था। आनन-फानन उसे रायपुर के आंबेडकर अस्पताल लाया गया जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित किया गया था। परिजनों ने आरोप लगाया कि रामावतार को मृत बताया गया था। उसके बाद वह जीवित निकला। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि रामावतार को मृत घोषित नहीं किया गया था। लामा फार्म पर परिजनों से हस्ताक्षर किए। परिजन अस्पताल से ले जाना चाहते थे।

क्या है होता है 'लामा': लामा यानी लीव अगेंस्ट मेडिकल एडवाइस का मतलब चिकित्सकीय सलाह के विरूद्ध अस्पताल छोड़ना होता है। मरीज की स्थिति गंभीर होने के बावजूद अगर परिजन उसे अस्पताल ले जाना चाहते है तो प्रबंधन की ओर से एक लिखित फार्म में हस्ताक्षर लेता है। इसमें उल्लेख होता है कि मरीज अथवा परिजन अपनी जिम्मेदारी पर अस्पताल छोड़ रहे हैं। इस दौरान होने वाली किसी भी अनहोनी के लिए संबंधित डाक्टर अथवा अस्पताल जिम्मेदार नहीं होगा।

शादीशुदा प्रेमिका विवाहित ....

इस दौरान युवक ने प्रेमिका पर शादी के लिए दबाव बनाया, महिला के मना करने पर युवक ट्रेन की पटरी पर जा बैठा। घबराई प्रेमिका उसे हटाने की कोशिश करने लगी, तभी धड़धड़ाती हुई ट्रेन आई और युवक चपेट में आकर मौके पर ही मारा गया जबकि युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। उसने किसी तरह पुलिस को कॉल कर हादसे की जानकारी दी और मदद मांगी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक वह बेहोश हो चुकी थी। पुलिस ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया।

नींद खुली तो घर ....

और रेलवे ट्रैक पर हादसा होने की जानकारी दी। शुरुआती सूचना के आधार पर वह परिजनों के साथ लाटाबोड़ स्टेशन और आस पास के क्षेत्रें में पत्नी को तलाशते रहे। जांच में सामने आया कि ढाई साल पहले इंस्टाग्राम के जरिए उसकी पत्नी की युवक से दोस्ती हुई थी। घटना वाली रात बॉयफ्रेंड शराब के नशे में गर्लफ्रेंड के ससुराल पहुंचा था और मिलने के बहाने उसे घर से ले गया था। वहीं घटना के बाद युवती ने पति और पुलिस को जानकारी दी। जांच में यह भी सामने आया कि बॉयफ्रेंड भी शादीशुदा था।

सोने के गहने ....

भारी पड़ गया। रील देखने के बाद चोरों ने इस घर को निशाना बनाया है। चोरों ने अपना टारगेट तय कर लिया था। रात में दीवार फांदकर सभी चोर पहले घर में घुसे। इसके बाद कैमरे को डंडे से घुमा दिया ताकि उनकी पहचान न हो पए। घर की दीवारों पर फेंसिंग थी, उसे भी चोरों ने काट दिया। घर में घुसने के बाद चोरों ने अलमारी का ताला तोड़ दिया। साथ ही उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए। फिर सीढ़ी की मदद से ही घर से बाहर निकले और मौके से फरार हो गए। **सुबह में घरवालों को चला पता:** घटना के बारे में घरवालों को सुबह में जानकारी मिली। लोगों ने देखा कि घर का पूरा सामान बिखरा हुआ है। साथ ही अलमारी भी टूटी हुई है। यही नहीं, अलमारी से पूरा सामान भी गायब था। इसके बाद लोगों ने पुलिस को तुरंत सूचना दी। पीड़ित परिवार की शिकायत पर एफआईआर दर्ज हुई है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है।

पुलिस ने शुरू की मामले की जांच: एडिशनल एसपी संजीव मूल ने बताया कि घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। चोरों के आते हुए और जाते हुए फुटेज मिले हैं। इसी आधार पर उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस की टीमें गिफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस ने कहा है कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी हो जाएगी।

पेज एक के शेष

जल्द हाईटेक होंगी सरहदें...

अमित शाह मेघालय के डाउकी और त्रिपुरा के श्रीमंतपुर लैंड पोर्ट्स पर नवनिर्मित हितधारक आवास सुविधाओं का भी उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी सरकार की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में दी गई है। यह नया सिस्टम सीमाओं पर लगने वाले समय को कम करेगा। बयान के मुताबिक, एलपीएमएस सरकारी एजेंसियों और निजी ऑपरेटरों सहित सभी हितधारकों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करेगा। इससे काम में होने वाली देरी थमेगी। इसके साथ ही परिचालन दक्षता में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। यह प्रणाली कार्गो और यात्रियों की आवाजाही के लिए सुरक्षित, पूरी तरह डिजिटल वर्कफ्लो प्रदान करेगी। इसमें स्लॉट बुकिंग, ऑनलाइन भुगतान, ट्रैकिंग और सिंगल-विंडो क्लीयरेंस जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं।

केंद्र के खिलाफ मोर्चाबंदी...

है कि 23 राजनीतिक दलों ने इंडिया जनबंधन की बैठक में भाग लेने की पुष्टि कर दी है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी अपने बयान में कहा कि कुछ राजनीतिक दल अपने-अपने कारणों से इस विशेष बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे, लेकिन उन्होंने भी केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों और कार्यशैली के प्रति अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है। लोकसभा चुनाव के बाद विपक्षी दलों के बीच समन्वय और साझा रणनीति को लेकर यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, हाल के महीनों में चुनावी प्रक्रिया, मतदाता सूची पुनरीक्षण, महंगाई, बेरोजगारी और विभिन्न संवैधानिक मुद्दों को लेकर विपक्ष लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर रहा है। ऐसे में इंडिया जनबंधन की यह बैठक विपक्षी एकजुटता का बड़ा संदेश देने का प्रयास मानी जा रही है। जयराम रमेश ने कहा कि बैठक में शामिल होने वाले दल विभिन्न राज्यों, क्षेत्रों और राजनीतिक विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के मुद्दे पर सभी दल एकजुट हैं।

शोध में एआई का ज्यादा...

जा सकती है, लेकिन पूरा शोध कार्य उसकी मौलिकता को दर्शाना जरूरी है। यूजीसी ने प्लेगरिज्म के मामलों में अलग-अलग स्तर के अनुसार सजा भी तय की है। यदि किसी शोधार्थी की थीसिस में 10 से 40 प्रतिशत तक कॉपी किया गया कंटेंट पाया जाता है, तो उसे अपनी थीसिस में सुधार करके छह महीने के भीतर दोबारा जमा करना होगा। जब तक संशोधन पूरा नहीं होगा, तब तक मूल्यांकन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ेगी। वहीं, अगर प्लेगरिज्म 40 से 60 प्रतिशत के बीच पाया जाता है, तो संबंधित छात्र को एक साल तक थीसिस जमा करने की अनुमति नहीं मिलेगी। इससे उसकी पीएचडी पूरी होने में देरी हो सकती है।

भारत - इंडोनेशिया द्विपक्षीय सहयोग को नई गति देने पर सहमत, चार वर्षों बाद हुई ज्वाइंट कमीशन की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत और इंडोनेशिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित भारत-इंडोनेशिया ज्वाइंट कमीशन की बैठक विदेश मंत्री एस. जयशंकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें दोनों देशों के बीच राजनीतिक, रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, समुद्री सहयोग और क्षेत्रीय मुद्दों सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

चार वर्ष बाद हुई संयुक्त आयोग की बैठक

बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-इंडोनेशिया संयुक्त आयोग की बैठक चार वर्ष के अंतराल के बाद आयोजित हो रही है। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान दोनों देशों के संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और कई क्षेत्रों में सहयोग का दायरा बढ़ा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में भारत और इंडोनेशिया ने अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया था, जो दोनों देशों के ऐतिहासिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों का प्रतीक है।

कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हुई चर्चा

बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। इनमें शामिल आपसी राजनीतिक सहयोग, रक्षा एवं सुरक्षा, समुद्री और नौवहन क्षेत्र, व्यापार एवं निवेश, फिनटेक और डिजिटल अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य क्षेत्र, औषधि उद्योग, उर्वरक क्षेत्र,, महत्वपूर्ण खनिज, पर्यटन, शिक्षा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान के विषयों को आकार दिया गया।

क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श

बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर भी अपने विचार साझा किए। भारत और इंडोनेशिया ने बहुपक्षीय मंचों पर समन्वय बढ़ाने तथा क्षेत्रीय स्थिरता और विकास को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। दोनों पक्षों ने भारत और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के बीच संबंधों को और मजबूत बनाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की। इंडोनेशिया आसियान का एक प्रमुख सदस्य देश है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है।

व्यापक रणनीतिक साझेदारी में निरंतर प्रगति

बैठक के बाद विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी ने हाल के वर्षों में मजबूत विकास दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग केवल पारंपरिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि नए और उभरते क्षेत्रों में भी तेजी से विस्तार हो रहा है।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ता महत्व

विशेषज्ञों का मानना है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते भू-राजनीतिक महत्व के बीच भारत और इंडोनेशिया के बीच सहयोग दोनों देशों के लिए रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। समुद्री सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा सुरक्षा और व्यापारिक संपर्क जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों की साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' और इंडोनेशिया की क्षेत्रीय भूमिका को देखते हुए यह बैठक भविष्य में द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक गहराई देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

संबंधों को नई दिशा देने की उम्मीद

कूटनीतिक हलकों के अनुसार संयुक्त आयोग की बैठक में हुई चर्चाएं आने वाले वर्षों में भारत और इंडोनेशिया के बीच आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक सहयोग को नई दिशा देने में सहायक होंगी। दोनों देशों ने साझा हितों के मुद्दों पर मिलकर काम करने और क्षेत्रीय शांति, स्थिरता तथा समृद्धि को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

एनटीए बदलेगी प्रक्रिया विशेषज्ञों को नहीं बताएगी किस परीक्षा का पेपर बना रहे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीट पेपर लीक से विवादों में आई राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी व्यवस्था को पुख्ता बनाने के लिए बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर रही है। अब एनटीए जिन विशेषज्ञों से प्रश्न तैयार करवाएगी, उन्हें पता नहीं होगा कि वे किस परीक्षा का पेपर बना रहे हैं। एनटीए इन सवालों से एक बड़ा प्रश्न बैंक बनाएगी, जिसमें से कुछ सवालों को मुख्य परीक्षा के लिए चुने जाएगा। इससे विशेषज्ञों को भी नहीं पता होगा कि कौन सा सवाल परीक्षा में आएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पेपर लीक में हुई गिरफ्तारियों से संकेत मिला है कि सवाल कुछ गोपनीय प्रक्रियाओं के पहले चरण के दौरान ही लीक हो गए थे। गिरफ्तार किए गए लोग पेपर सेट करने और अनुवाद करने में शामिल रहे थे। इसके बाद एनटीए ने नई व्यवस्था पर विचार करना शुरू किया है। पेपर लीक मामले में अनुवाद करने वालों की गिरफ्तारी के बाद एनटीए ने अनुवाद से जुड़ी प्रक्रिया में भी बदलाव करना चाहती है।

विशेषज्ञ को नहीं पता होगा परीक्षा का नाम

एक अधिकारी ने कहा, विशेषज्ञ को यह नहीं पता होना चाहिए कि सवाल नीट, जी या किसी अन्य परीक्षा के लिए है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एक व्यक्ति को अंतिम पेपर की जानकारी न हो। हमारे पास 10,000 सवालों का बैंक हो सकता है। उसमें से फाइनल पेपर बनाया जा सकता है। तकनीक कठिनाई स्तर और सवालों के बंटवारे में मदद कर सकती है। पेपर जितने कम लोगों की नजर से गुजरे, उतना अच्छा है।

अधिकारी ने आगे कहा, अनुवादक का काम बस यह देखना होगा कि क्या अनुवाद ठीक है या नहीं। हम यह पक्का करना चाहते हैं कि अनुवादकों को यह पता न हो कि किस खास परीक्षा के लिए सवाल तैयार किया जा रहा है।

पेपर लीक मामले में अब तक 13 गिरफ्तार

नीट-यूजी परीक्षा 3 मई को आयोजित की गई थी। पेपर लीक की सूचना मिलने के बाद 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई थी। इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो कर रही है, जिसने अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें कुछ प्रोफेसर भी हैं, जो एनटीए में विशेषज्ञ थे या अनुवाद प्रक्रिया से जुड़े थे। अब ये परीक्षा दोबारा 21 जून को होगी।

मकान में लगी आग, सात लोगों को बचाया गया

नई दिल्ली। दिल्ली की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में रविवार को एक मकान में आग लगने की घटना में पांच बच्चों और दो महिलाओं समेत सात लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, अपराह्न 3:39 बजे मकान में आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल भेजी गयी।

अहमदाबाद में आसाराम के आश्रम पर चला बुलडोजर

प्रशासन ने जमीन की मंजूरी को किया निरस्त

अहमदाबाद। अहमदाबाद महानगरपालिका ने मोटेरा में हजारों वर्ग मीटर जमीन पर फैले आसाराम के आश्रम पर बुलडोजर चलाकर ढहा दिया। इससे पहले प्रशासन ने आश्रम को दी गई जमीन की मंजूरी को निरस्त कर दिया था। गुजरात हाई कोर्ट ने मोटेरा में आश्रम को दी गई करीब 33 हजार वर्ग मीटर जमीन के अन्य उपयोग के मामले की सुनवाई के बाद राज्य सरकार व महानगरपालिका के दावे को सही माना था। उसने आश्रम को ढहाने के खिलाफ की गई याचिका को खारिज कर दिया था। नियम के अनुसार, ऐसी जमीन पर अवैध निर्माण को शुल्क लेकर नियमित नहीं किया जा सकता।

आम सूचना

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्कल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390007; कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई - 400051।

स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

ऋणधारक/ऋणधारकों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से लिए गए सोने के आभूषणों के बदले ऋण की बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया था। भुगतान में विफलता के कारण, गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी 8 जुलाई, 2026 को आयोजित की जाएगी। यदि ऋणधारक की मृत्यु हो गई है, तो सभी नियम और शर्तें उनके संबंधित कानूनी वारिसों पर लागू होंगी।

ऋण खाता संख्या	ऋणधारक का नाम	नीलामी शाखा का पता
शाखा का नाम: अंजोरा		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बस स्टैंड के पास, अंजोरा पुलिस स्टेशन के सामने, नीलिमा हॉस्टल, अंजोरा, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ -491001
328457000005	पीताम्बरी साहू	
शाखा का नाम: बिलासपुर-मंगला चौक		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मुंगेली रोड, हनुमान मंदिर के पीछे, 36 मॉल के पास, विकास नगर, मंगला चौक, बिलासपुर छत्तीसगढ़ - 495001
181457000163	शिल्पी मसीह	
शाखा का नाम: नगरनार		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मिडिल स्कूल के पास, ग्राम पोस्ट नागरनार, जिला बस्तर, तहसील जगदलपुर, नागरनार छत्तीसगढ़ -494341
263957000026	घनश्या मांझी	
शाखा का नाम: नारायणपुर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खसरा नंबर 405/3, मेन रोड, भकरुपारा, नारायणपुर - 494661, छत्तीसगढ़
783557000088	संजीत विश्वास	
783557000015	रवीन्द्र कुमार यादव	
शाखा का नाम: रायपुर-समता कॉलोनी		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, समता आर्केड के पास, समता कॉलोनी, रायपुर - 492001, छत्तीसगढ़
134857000153	मुकुंद मोहनलाल	
शाखा का नाम: खरियार रोड, ओडिशा		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वार्ड नंबर 18, खरियार रोड, नुआपाड़ा, ओडिशा - 766104
368457000030	चसंत सिंह ठाकुर	

नीलामी उपरोक्त तालिका में उल्लिखित पते और तिथि पर आयोजित की जाएगी। समय: दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक। कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/तरीके में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इच्छुक पक्ष नीलामी के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए उपर्युक्त शाखाओं में जा सकते हैं।

दिनांक: 08.06.2026
स्थान: नारायणपुर, बस्तर, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, महासमुंद

भवदीय, हस्ताक्षर/- अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
कृते/-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

महाराष्ट्र शासन
सार्वजनिक बांधकाम विभाग
कार्यकारी अभियंता (विद्युत) यांचे कार्यालय
सा.बां. परिसर, जालना रोड, छत्रपती संभाजीनगर
E-Mail: elaurangabad.ee@gmail.com, elaurangabad.ee@mahapwd.gov.in

दरपत्रके मागविण्याबाबतची सूचना क्र. ०२ सन २०२६–२७

कार्यकारी अभियंता, सा.बां. परिसर, जालना रोड छत्रपती संभाजीनगर हे खालील कामांसाठी / विविध सहित्यांसाठी अंदाजपत्रके / दर अनुसूची तयार करण्यासाठी साहित्य विक्रेते / डिलर्स / उद्योजक तसेच अनुभवी अभिकरणाकडून स्पर्धात्मक दर मागवित आहे.

सदर दरपत्रके http://www.mahatender.gov.in या संकेत स्थळावर दि. ०८.०५.२०२६ ते दि. १५.०६.२०२६ रोजी १७.३० वाजेपर्यंत Online पद्धतीने सादर करावे. किंवा कार्यालयीन वेळेत कार्यकारी अभियंता, सा. बां. परिसर, जालना रोड छत्रपती संभाजीनगर येथे दरपत्रके सादर करावे. सदर दरपत्रके शक्यतो दि. १८.०६.२०२६ रोजी सकाळी ११.०० वाजता उघडण्यात येतील. सदर बाबींचे तांत्रिक तपशील वरील संकेत स्थळावर व या कार्यालयात उपलब्ध राहतील. अटी व शर्ती असलेले दरपत्रके स्वीकारली जाणार नाही.

1)	**Providing 400 KVA Diesel generator set to proposed construction of BARTT Sub Centre Building at Nakshitravadi Chh. Sambhajinagar** Note: Please visit to http://www.mahatender.gov.in notice inviting tender page for detail item description
2)	**Providing 250 KVA Diesel generator set for newly constructed girls hostel for 1000 girls, at Padampura, Chh. Sambhajinagar** Note: Please visit to http://www.mahatender.gov.in notice inviting tender page for detail item description

अटी :-
१. दरपत्रके सीलबंद पाकीटात व कंपनीच्या नाममुदीत पत्रावर सादर करावीत वर नमुद केलेल्या दिनांक व वेळेनंतर दरपत्रके स्वीकारण्यात येणार नाहीत.
२. नमुद केलेले दर हे ९० दिवस गाह्य राहतील.
३. कोणतेही दरपत्रक कोणतेही कारण न देता नामंजुर करण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता यांनी राखून ठेवलेला आहे.
४. वरील दर भरताना जी.एस.टी. दर वगळुण नमुद करावा अंदाजीत रक्कमेवर नमुद केलेल्या दरानुमार आलेल्या रक्कमेवर १८% नुसार जी.एस. टी. देय राहीन.

जा.क्र.काअविछसं/निविदा/२०२३/सन–२०२६–२०२७
कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय,
सा.बां. विद्युत विभाग, राज पेट्रोल पंपासमोर,
छत्रपती संभाजीनगर. दि. २६/०५/२०२६
DGIPR/2026-27/1029

सही/–
कार्यकारी अभियंता,
सा.बां. विद्युत विभाग,
छत्रपती संभाजीनगर

राशिफल

मेष – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

वृष – मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

मिथुन – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

कर्क – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

सिंह – व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

कन्या – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

तुला – मन में आशा–निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिक – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

धनु – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

मकर – क्रोध से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

कुंभ – रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

मीन – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

बांग्लादेश : आठ साल की बच्ची से रेप हत्या मामले में दंपति को मौत की सजा

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश की एक अदालत ने आठ साल की बच्ची के बलात्कार और हत्या के मामले में एक दंपति को रविवार को मौत की सजा सुनाई। अदालत ने सिर्फ पांच दिन की सुनवाई के बाद अपना फैसला सुनाया, जिसके मद्देनजर अभियोजकों ने इसे देश में हत्या के किसी मुकदमे का सबसे तेजी से निपटारा करार दिया। ढाका मेट्रोपॉलिटन बाल उत्पीड़न रोकथाम न्यायाधिकरण ने घटना के 19 दिन बाद दोषियों की सजा का एलान किया। इस मामले ने देशभर में आक्रोश पैदा किया और महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा को लेकर चिंताएं फिर बढ़ा दीं। न्यायमूर्ति मसरूर सालेकिन ने सोहेल राणा और उसकी पत्नी स्वप्ना खातून को मौत की सजा सुनाई तथा उन पर क्रमशः पांच लाख टका और दो लाख टका का जुर्माना भी लगाया। उन्होंने जुर्माने की राशि पीड़ित परिवार को देने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति सालेकिन ने कहा, उन्हें (दोषियों को) फांसी की सजा सुनाई जाती है।

शामली में धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में दो गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के शामली जिले में एक व्यक्ति का गैर-कानूनी तरीके से धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पुलिस ने एक महिला और उसके पिता को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आयुष मलिक (30) के धर्म परिवर्तन के मामले में चांदनी कुरैशी और उसके पिता इस्लाम कुरैशी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई आयुष के पिता की शिकायत के आधार पर की गई।

निकाह के बाद हड़प ली संपत्ति

मेडिकल व्यवसायी देवराज मलिक द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, चांदनी कुरैशी ने प्रेम विवाह का झांसा देकर उनके बेटे आयुष मलिक का धर्म परिवर्तन कराया और निकाह के बाद उसकी संपत्ति हड़प ली। पुलिस के अनुसार, महिला आयुष को दिल्ली ले गई और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उससे कथित तौर पर निकाह किया।

शब्द पहेली - 6250



बाएँ से दाए
1. जाति, समाज, बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

ऊपर से नीचे
1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा (उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

शब्द पहेली- 6249 का हल

सूडोकु नवताल - 6260

कठिनतम

सूडोकु नवताल - 6259 का हल

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

फोर्ब्स रियल-टाइम बिलेनियर्स लिस्ट : अडानी 1, अंबानी 2, एशिया के सबसे अमीरों की लिस्ट में उलटफेर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फोर्ब्स की रियल-टाइम बिलेनियर्स लिस्ट में बड़ा उलटफेर हो गया है। इस लिस्ट में अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी उछलकर नंबर 1 की पोजिशन पर पहुंच गए हैं। वहीं, सॉफ्टबैंक के मासायोशी सोन पहले पायदान से खिसककर तीसरे पर पहुंच गए हैं। लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुखिया मुकेश अंबानी दूसरे नंबर पर हैं।

अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की संपत्ति बढ़कर 89.2 अरब डॉलर हो गई है। यह उन्हें एशिया में सबसे अमीर व्यक्ति बनाती है। फोर्ब्स की रियल-टाइम बिलेनियर्स लिस्ट में यह जानकारी दी गई। अडानी के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 88 अरब डॉलर के साथ दूसरे नंबर पर हैं। सॉफ्टबैंक के मासायोशी सोन को 87 अरब डॉलर के साथ तीसरा पायदान मिला है। सोन जापानी निवेश फर्म के शेयरों में गिरावट से पहले एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति थे। गौतम अडानी की संपत्ति का मुख्य स्त्रोत अडानी समूह की कंपनियों में हिस्सेदारी है।

खास खबर

अडानी ग्रुप की 6 कंपनियों का बढ़ा वैल्यूएशन

अडानी समूह की छह कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्य लगभग शुक्रवार तक 191 अरब डॉलर था। इसमें अडानी पावर 47.2 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ टॉप पर थी। इसके बाद अडानी पोर्ट्स का मूल्यांकन 44.2 अरब डॉलर था। अडानी एंटरप्राइजेज का मूल्य 44 अरब डॉलर था। अडानी ग्रीन एनर्जी का मार्केट वैल्यूएशन 26.4 अरब डॉलर था। अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस का वैल्यूएशन 19.9 अरब डॉलर था। अडानी टोटल गैस का मार्केट कैपिटलाइजेशन 8.8 अरब डॉलर था।

हिंडनबर्ग के आरोपों के बाद आई थी गिरावट

अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने 2023 में अडानी पर स्टॉक में हेरफेर और व्यापक धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। हालांकि, भारतीय नियामकों ने पिछले साल इन दावों को खारिज कर दिया था। कहा था कि आरोप 'सिद्ध नहीं हुए'। उन्हें अमेरिका में भी आरोपों का सामना करना पड़ा था। ये अब समाप्त हो चुके हैं।

तेजी से बढ़ी है अडानी की संपत्ति

फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार, गौतम अडानी की संपत्ति में पिछले महीने अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट की ओर से अडानी समूह के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपों को खारिज करने के बाद से लगभग 10 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। ये आरोप सौर ऊर्जा सप्लाई अनुबंधों को लेकर 250 मिलियन डॉलर के लेनदेन में समूह की भागीदारी के थे। हालांकि, अडानी समूह ने इन दावों का खंडन किया था। एशिया के सबसे धनी व्यक्ति के रूप में उनकी वापसी हाल के वर्षों में उनकी कंपनियों के मूल्यांकन में गिरावट के बाद हुई है। यह गिरावट कई आरोपों के कारण हुई थी।

कानूनी चुनौतियों से उबर चुका है अडानी ग्रुप

अरबपति उद्योगपति ने पिछले महीने शेयरधारकों को लिखे अपने वार्षिक पत्र में कहा कि अडानी समूह अमेरिकी कानूनी चुनौतियों से उबर चुका है। ऊर्जा, परिवहन, लॉजिस्टिक्स और डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ा रहा है। इससे वह एआई आधारित विकास की बढ़ती मांग से फायदा उठाने के लिए तैयार है। उन्होंने समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज के हालिया 24,930 करोड़ रुपए के राइट्स इश्यू की सफलता को निवेशकों का विश्वास बताया। यह ऐसे समय पर आया था, जब समूह शासन और नियामक मुद्दों पर सवालों का सामना कर रहा था।

खबर संक्षेप



एमएफ क्षेत्र में उतरी अल्फाग्रेप 30 हजार करोड़ का लक्ष्य

नई दिल्ली। अल्फाग्रेप इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट अगले महीने अपनी पहली म्यूचुअल फंड योजना लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी ने अगले तीन से पांच साल में 25,000 से 30,000 करोड़ रुपए की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) हासिल करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी को हाल ही में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से म्यूचुअल फंड कारोबार शुरू करने की मंजूरी मिली है।

उज्बेकिस्तान दे रहा भारत की दवा कंपनियों को प्रोत्साहन

नई दिल्ली। उज्बेकिस्तान ने भारतीय दवा कंपनियों से अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए सब्सिडी, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टेक्नोलॉजी ट्रांसफर) प्रोत्साहन

और नियामकीय प्रक्रियाओं को सरल बनाने की पेशकश की है। देश का उद्देश्य खुद को क्षेत्रीय दवा विनिर्माण और आपूर्ति केंद्र के रूप में स्थापित करना है। उज्बेकिस्तान के निवेश, उद्योग और व्यापार उपमंत्री शौखरुख गुलामोव ने कहा कि स्थानीय दवा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए नियामकीय मंजूरियों को आसान बनाना और निवेश प्रोत्साहन को मजबूत करना आवश्यक है।

टाटा स्टील की ब्रिटेन की परियोजना में देरी

नई दिल्ली। टाटा स्टील की ब्रिटेन में 1.25 अरब पाउंड की कम कॉर्बन उत्सर्जन की इस्पात परियोजना की समयसीमा छह से आठ महीने तक आगे खिसक

सकती है। कंपनी को परियोजना के लिए आवश्यक बिजली कनेक्शन प्राप्त करने में देरी का सामना करना पड़ रहा है। टाटा स्टील ब्रिटेन के पोर्ट टैलबोट संयंत्र में 32 लाख टन क्षमता वाला इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) स्थापित कर रही है। यह संयंत्र पुराने ब्लास्ट फर्नेस की जगह लेगा और कंपनी की कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की रणनीति का प्रमुख हिस्सा है।

एफपीआई ने निकाले शेयर बाजार से 43,000 करोड़

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार से अपनी हिस्सेदारी कम करना जारी रखा है और जून के पहले सप्ताह में करीब 43,000 करोड़ रुपए

की निकासी की है। यह रुझान वैश्विक पूंजी के प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े अवसरों की ओर झुकाव तथा रुपए में जारी कमजोरी के बीच देखने को मिला है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, इस निकासी के साथ ही वर्ष 2026 में अब तक भारतीय शेयरों से एफपीआई की कुल निकासी बढ़कर 2.67 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई है।

वैश्विक बिजली खपत में वृद्धि का 15 प्रतिशत योगदान भारत का

वैश्विक ऊर्जा बाजार का 'पावरहाउस' बनेगा भारत, रोसनेफ्ट का बड़ा दावा

एजेंसी ▶▶| सेंट पीटर्सबर्ग

रूस की पेट्रोलियम कंपनी रोसनेफ्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी इगोर सेचिन ने कहा है कि अगले एक दशक में वैश्विक तेल मांग में होने वाली वृद्धि का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा भारत से आएगा, जबकि वैश्विक बिजली खपत में वृद्धि का 15 प्रतिशत योगदान भी भारत का होगा। इससे भारत दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा बाजारों में से एक बन जाएगा। सेंट पीटर्सबर्ग अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच में सेचिन ने कहा कि वर्ष 2035 तक भारत की कच्चे तेल की खपत 44 प्रतिशत बढ़कर लगभग 80 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच सकती है। वहीं बिजली की मांग में करीब 80 प्रतिशत की वृद्धि होगी और इसके लगभग 3,000 टेरावाट-घंटे तक पहुंचने का अनुमान है, जो वर्तमान में यूरोपीय संघ की बिजली खपत के स्तर के करीब होगा। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था आज वैश्विक ऊर्जा खपत वृद्धि में प्रमुख भूमिका निभा रही है।

- भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक ऊर्जा खपत वृद्धि में निभा रही प्रमुख भूमिका

उर्वरकों की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धिः भारत, अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया इसके प्रति सबसे अधिक संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल हैं। हालांकि, उन्होंने साथ ही कहा कि रूस को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से अलग नहीं किया जा सकता है। उनके अनुसार, इस वर्ष उर्वरकों की कीमतों में पहले ही उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। उन्होंने दावा किया कि रूस की चीन और भारत के साथ ऊर्जा साझेदारी दोनों देशों को स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करती है।

भू-राजनीतिक संघर्ष ऊर्जा सुरक्षा के लिए जोखिम

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के अनुमान के अनुसार, अगले दस साल में वैश्विक बिजली मांग में होने वाली वृद्धि का लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा भारत से आएगा। इसी अवधि में वैश्विक तेल मांग वृद्धि का लगभग आधा योगदान भी भारत का होगा। हालांकि, सेचिन ने चेताया कि होर्मुज जलडमरुमध्य से जुड़ा तनाव और व्यापक भू-राजनीतिक संघर्ष भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की आयातित ऊर्जा पर बढ़ती निर्भरता को देखते हुए इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार का व्यवधान भारतीय अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं की पूर्ति को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने बताया कि होर्मुज क्षेत्र में तनाव का असर केवल तेल और गैस बाजारों तक सीमित नहीं है, बल्कि उर्वरक आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है, जिससे खाद्य कीमतों में वृद्धि का खतरा बढ़ेगा।

रोसनेफ्ट ने भारत के साथ संबंधों को किया मजबूत

सेचिन ने बताया कि 2022 के बाद से रोसनेफ्ट ने भारत के साथ अपने संबंधों को और मजबूत किया है। कंपनी भारत को कच्चे तेल की प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं में शामिल हो गई है। रोसनेफ्ट की नायरा एनर्जी में 49.13 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जो गुजरात में दो करोड़ टन सालाना क्षमता वाली रिफाइनरी और देशव्यापी ईंधन खुदरा नेटवर्क का संचालन करती है। भारतीय कंपनियां रूस के तेल और गैस क्षेत्रों में भी रोसनेफ्ट की साझेदार हैं।

व्यापार पर बढ़ते प्रतिबंध कर रहा वैश्विक अर्थव्यवस्था को खंडित

सेचिन ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था वर्तमान में प्रतिबंधों, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, बढ़ते ऋण और पारंपरिक ऊर्जा क्षेत्र में कम निवेश जैसी चुनौतियों के कारण बढ़ते रणनीतिक जोखिमों के दौर में प्रवेश कर रही है। उनका मानना है कि तेल और गैस उत्पादन में अपर्याप्त निवेश तथा कृत्रिम मेधा (एआई) और डेटा सेंटर से बढ़ती बिजली मांग भविष्य में ऊर्जा और बिजली आपूर्ति की कमी पैदा कर सकती है।

हिमसागर आम पर मौसम का 'काला साया', निर्यातकों की बढ़ी चिंता

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के प्रसिद्ध हिमसागर आम के निर्यात पर इस वर्ष मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों ने संकट खड़ा कर दिया है। लगातार बारिश और उसके बाद बढ़े तापमान के कारण आमों पर काले धब्बे उभर आए हैं, जिससे बड़ी मात्रा में इस फल का निर्यात करना संभव नहीं है। निर्यातकों के अनुसार, ये काले धब्बे रोग संक्रमण के शुरुआती संकेत हैं। आमों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अपनाई जाने वाली बैगिंग तकनीक भी इस बार मौसम की मार से प्रभावित हुई। बैगिंग के दौरान हुई लगातार वर्षा और बाद में बढ़ी गर्मी ने फलों को नुकसान पहुंचाया।

- बारिश और बढ़े तापमान के कारण आमों पर उभर आए काले धब्बे

रोकना पड़ी अमेरिका भेजी जाने वाली पहली खेप

मालदा के प्रमुख निर्यातक सृष्टि फूड प्रोडक्ट्स के सह-संस्थापक प्रसून चितलांगिया ने बताया कि अमेरिका भेजी जाने वाली इस सीजन की पहली खेप को रोकना पड़ा है, क्योंकि धब्बेदार फलों को विदेशी आयातक स्वीकार नहीं करते। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में निर्यात ऑर्डर होने के बावजूद गुणवत्तापूर्ण फल उपलब्ध कराने में कठिनाई आ रही है। हालांकि, मालदा मैंगो मर्चेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष उज्ज्ल साहा का मानना है कि स्थिति पूरी तरह निराशाजनक नहीं है।

रोग की समस्या ने बढ़ाई निर्यातकों की चिंता

इस वर्ष मालदा से आम और लीची के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद थी। राज्य बागवानी विभाग और निर्यातक किसानों को बेहतर कृषि पद्धतियों, वैज्ञानिक तुड़ाई और निर्यात मानकों के अनुरुप उत्पादन के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसके बावजूद रोग की समस्या ने निर्यातकों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। फिर भी निर्यातक प्रभावित न होने वाले बागानों से उच्च गुणवत्ता वाले आमों की पहचान कर विदेशी बाजारों में आपूर्ति बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं। उनका मानना है कि मालदा के प्रीमियम आमों की अंतरराष्ट्रीय मांग को देखते हुए निर्यात लक्ष्य का एक बड़ा हिस्सा अब भी हासिल किया जा सकता है।

शेयर बाजार समीक्षा

क्रूड ऑयल, टेंशन, मार्केट में दिखेगा हाई-वोल्टेज ड्रामा!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों पर इसके प्रभाव और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों पर निर्भर करेगी। विश्लेषकों ने यह राय व्यक्त की है। एक विशेषज्ञ ने कहा कि सप्ताहांत में अमेरिकी बाजारों में आई भारी गिरावट के बाद कारोबारी सप्ताह की शुरुआत सतर्कता के साथ हो सकती है। इसके अलावा मानसून और मुद्रास्फीति के आंकड़ों की घोषणा भी महत्वपूर्ण कारक होंगे जिन पर नजर रखनी होगी।

वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा

रेलिगेयर ब्रोकिंग के शोध प्रमुख अजित मिश्रा ने कहा, 'इस सप्ताह बाजार की दिशा प्रमुख मुद्रास्फीति और वैश्विक व्यापक आर्थिक आंकड़ों से तय होगी। भारत में निवेशक 12 जून को जारी होने वाले मई माह के मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी मुद्रा भंडार आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे।' मिश्रा ने कहा, 'वैश्विक स्तर पर अमेरिका-ईरान वार्ता और कच्चे तेल की कीमतें, मुद्रा का उतार-चढ़ाव और समग्र जोखिम लेने की धारणा पर पड़ने वाले प्रभाव पर निवेशकों की नजर रहेगी।'

नैस्डैक में अप्रैल 2025 के बाद बड़ी गिरावट

लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक एवं शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने कहा, 'नैस्डैक में चार प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जो अप्रैल, 2025 के बाद से एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट है। निवेशकों ने सेमीकंडक्टर और प्रौद्योगिकी शेयरों में अपना निवेश तेजी से कम किया है। भारतीय सूचकांकों में आईटी शेयरों का महत्वपूर्ण हिस्सा होने के कारण यह कमजोरी घरेलू बाजारों पर भी असर डाल सकती है और सप्ताह के शुरुआती दिनों में बाजार की धारणा पर दबाव बनाए रख सकती है।'

निवेशकों को सतर्कता बरतने की संभावना

अमेरिकी बाजार शुक्रवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए, नैस्डैक कंपोजिट में 4.18 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एसएंडपी 500 में 2.64 प्रतिशत और डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 1.35 प्रतिशत की गिरावट आई। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, 'वैश्विक बाजारों, विशेष रूप से एआई (कृत्रिम मेधा) से संबंधित प्रौद्योगिकी शेयरों में आई भारी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह के दौरान निवेशकों के अधिक सतर्कता बरतने की संभावना है। सकारात्मक पक्ष देखें तो, घरेलू बाजारों को कुछ सहायक कारक मिल रहे हैं, जैसे कि मजबूत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के आंकड़े, आरबीआई की नीतिगत घोषणा के बाद रुपए में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट।' उन्होंने कहा कि अमेरिका-ईरान घटनाक्रम बेहद अनिश्चित बने हुए है और वैश्विक बाजारों में अस्थिरता पैदा कर रहे हैं।

सब्सिडी की रेस में चीन से बहुत पीछे भारत, ओईसीडी के डेटाबेस से खुला राज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कंपनियों को वर्ष 2005 से 2024 के दौरान चीनी फर्मों की तुलना में काफी कम सरकारी सहायता प्राप्त हुई है। आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। 'ओईसीडी मैजिक डेटाबेस ऑफ इंडस्ट्रियल सब्सिडीज' यह आकलन करता है कि कंपनियों को वास्तव में क्या प्राप्त होता है (न कि सरकारें क्या खुलासा करती हैं)। इसमें 2005-24 के दौरान 15 प्रमुख क्षेत्रों में दुनिया की 525 सबसे बड़ी विनिर्माता कंपनियों का अनुदान, आयकर रियायतें और बाजार दर से कम ब्याज पर ऋण, इन तीन साधनों के माध्यम से आकलन किया गया है।

चीनी कंपनियों को 60 प्रतिशत वृद्धि

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2005 और 2023 के बीच विकास करने वाली कंपनियों के वैश्विक बाजार हिस्सेदारी में हुई वृद्धि का लगभग 22 प्रतिशत हिस्सा उन्हें प्राप्त अनुदान के कारण है। रिपोर्ट के अनुसार, चीनी कंपनियों के मामले में उनकी वैश्विक बाजार हिस्सेदारी में हुई लगभग 60 प्रतिशत वृद्धि को उन्हें मिली सरकारी सहायता से जोड़ा जा सकता है।

चीनी कंपनियों को आठ गुना अधिक सरकारी सहायता

रिपोर्ट में कहा गया, '2005 और 2024 के बीच, चीनी कंपनियों को ओईसीडी देशों में स्थित कंपनियों की तुलना में औसतन तीन से आठ गुना अधिक सरकारी सहायता प्राप्त हुई, जो एक न्यूनतम अनुमान है। ये अनुदान ब्राजील, भारत और इंडोनेशिया जैसी गैर-ओईसीडी अर्थव्यवस्थाओं में स्थित कंपनियों को प्राप्त सहायता से भी काफी अधिक था।' ओईसीडी एक अंतर-सरकारी निकाय है, जिसमें मुख्य रूप से 38 विकसित अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं। यह सदस्य देशों के बीच आर्थिक वृद्धि, व्यापार, निवेश और नीति समन्वय को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। इसके सदस्यों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, फ्रांस, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश शामिल हैं।

कमर्शियल व्हीकल्स में इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन तकनीक पर दांव जारी रखेगी टाटा मोटर्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा मोटर्स के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा है कि कंपनी वाणिज्यिक वाहनों के क्षेत्र में इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन आधारित प्रौद्योगिकी में निवेश जारी रखेगी। उनका मानना है कि स्वच्छ परिवहन की ओर बढ़ने के लिए केवल एक प्रौद्योगिकी पर निर्भर रहने के बजाय इलेक्ट्रिक, हाइड्रोजन और अधिक स्वच्छ आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) प्रौद्योगिकी का संतुलित उपयोग आवश्यक है।

टाटा मोटर्स कर रही इलेक्ट्रिक वाहनों का विस्तार

चंद्रशेखरन ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा (एआई) परिवहन उत्पादों के डिजाइन, उपयोग और सेवाओं को तेजी से बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ता रुझान, सुरक्षा संबंधी बढ़ती अपेक्षाएं और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बदलाव प्रतिस्पर्धा की नई परिभाषा तय कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी शून्य-उत्सर्जन वाले इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहन के पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही है, वहीं भारी वाहनों के लिए हाइड्रोजन आधारित प्रौद्योगिकी के विकास पर भी ध्यान दे रही है। उनके अनुसार, भविष्य की सुरक्षित, कुशल और बुद्धिमान परिवहन व्यवस्था के लिए कनेक्टेड व्हीकल्स, एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस प्रणाली (एडीएएस), डेटा आधारित फ्लीट सेवाएं और नई पावरट्रेन प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण होंगी।

टाटा मोटर्स का 83,855 करोड़ का सर्वाधिक राजस्व दर्ज

चंद्रशेखरन ने कहा कि मजबूत बही-खाते, बेहतर वित्तीय प्रदर्शन और जुझारू क्षमता कंपनी की लाभदायक विकास यात्रा को आगे बढ़ाने में मदद करेगी। कंपनी का लक्ष्य उभरते परिवहन रुझानों के अनुरूप पूंजी का विवेकपूर्ण निवेश करते हुए उद्योग में अग्रणी विकास, लाभप्रदता और बेहतर रिटर्न सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में टाटा मोटर्स ने 83,855 करोड़ रुपए का अब तक का सर्वाधिक राजस्व दर्ज किया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 76,359 करोड़ रुपए की तुलना में 9.8 प्रतिशत अधिक है।

रिलायंस से टीसीएस तक 7 दिग्गज कंपनियों को लगा बड़ा झटका

शेयर बाजार में एक हफ्ते में 1.25 लाख करोड़ स्वाहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट के रुख के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से 7 के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से करीब 1.25 लाख करोड़ रुपए की गिरावट आई। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे अधिक नुकसान हुआ। सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 532.40 अंक (0.71 प्रतिशत) और एनएसई का निफ्टी 181.05 अंक (0.76 प्रतिशत) नीचे आया। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत बढ़ गई।

एसबीआई के बाजार में मूल्यांकन में इजाफा

इस रुख के उलट एसबीआई का मूल्यांकन 12,692.09 करोड़ रुपए बढ़कर 9,02,523.63 करोड़ रुपए रहा।आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 4,484.86 करोड़ रुपए बढ़कर 9,05,074.77 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 4,101.47 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 11,50,743.31 करोड़ रुपए रहा। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

भारती एयरटेल की बाजार हैसियत घटी

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 39,718 करोड़ रुपए घटकर 17,47,321.40 करोड़ रुपए रह गया। टीसीएस के मूल्यांकन में 20,134.66 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 7,95,346.09 करोड़ रुपए पर आ गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 18,736.04 करोड़ रुपए घटकर 10,96,150.49 करोड़ रुपए रह गई। एलएंडटी का मूल्यांकन 16,880.20 करोड़ रुपए की कमी के साथ 5,43,956.44 करोड़ रुपए पर आ गया। इसके अलावा एलआईसी का बाजार मूल्य 14,610.74 करोड़ रुपए घटकर 5,05,873.32 करोड़ रुपए रहा। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 9,681.36 करोड़ रुपए की गिरावट के साथ 5,53,580.97 रुपए रह गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 5,909.23 करोड़ रुपए घटकर 4,98,301.31 करोड़ रुपए पर आ गया।

सिर्फ खेलना ही नहीं, बल्कि 10 से 20 साल तक बनाए रखना है दबदबा: वैभव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आईपीएल 2026 में धमाकेदार प्रदर्शन का इनाम वैभव सूर्यवंशी को मिल गया है। 15 वर्षीय बल्लेबाज को आयरलैंड-इंग्लैंड और एशियन गेम्स 2026 के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। वैभव का कहना है कि वह सिर्फ खेलना नहीं चाहते हैं, बल्कि अगले 10 से 20 साल तक अपने खेल से दबदबा बनाए रखना चाहते हैं। राजस्थान रॉयल्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वैभव का एक इंटरव्यू शेयर किया है।

इस इंटरव्यू में बात करते हुए वैभव ने बताया कि वह ऐसा क्रिकेट खेलना चाहते हैं, जिसे देखकर लोग बाद में यह कहें कि एक बल्लेबाज अकेले दम पर मैच जीता देता था। उन्होंने कहा, मैंने सोचा है कि मैं 20 साल या जब तक भी क्रिकेट खेलूं और किसी भी टीम की तरफ से खेलूं, तो ऐसा खेलूं कि लोग मैच देखें या फिर बाद में सोचें तो यह कहें कि एक खिलाड़ी अकेले मैच खत्म कर देता था। वो दबदबा दिखना चाहिए, जिसके लिए मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं।

मैं इस खेल को खेलते हुए पूरी जिंदगी आनंद लेना चाहता हूं

15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव ने कहा, ऐसा नहीं खेलना है कि खेला और बस मैच खत्म हो गया। ऐसा खेलना है कि अगले 10 से 20 साल तक दबदबा बनाए रखना है और अच्छा क्रिकेट खेलना है। मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था, क्योंकि मुझे आनंद आता था और मैं इस खेल को खेलते हुए पूरी जिंदगी आनंद लेना चाहता हूं। वैभव के पास अब इंटरनेशनल स्टेज पर अपनी काबिलियत साबित करने का सुनहरा मौका होगा। टीम इंडिया के मुख्य सिलेक्टर अजीत अगरकर ने भी माना कि वैभव ने अपने प्रदर्शन के बूते सिलेक्शन कमिटी को उन्हें टीम में शामिल करने पर मजबूर किया। आईपीएल 2026 वैभव के लिए गजब का रहा।

ऑरेंज कैप जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी

राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए वैभव ने 16 पारियों में 237 के स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए और ऑरेंज कैप को अपने नाम किया। वैभव ऑरेंज कैप जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। उन्होंने टूर्नामेंट में कुल 72 छक्के लगाए और क्रिस गेल का रिकॉर्ड ध्वस्त किया।

पूरे देश में खुशी और उत्साह का माहौल

वैभव की दादी उषा सिंह ने कहा, 'यह हमारे लिए बेहद खुशी की बात है कि मेरा पोता भारत की सीनियर टीम की तरफ से खेलने की उपलब्धि हासिल करने वाला है।' वैभव के चाचा राजीव सूर्यवंशी ने कहा कि उनके चयन से पूरे देश में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया है।

आयरलैंड के खिलाफ खेलेंगे वैभव

समस्तीपुर जिले के ताजपुर के रहने वाले सूर्यवंशी उस भारतीय टीम का हिस्सा होंगे, जो दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों (26 जून और 28 जून) के लिए आयरलैंड का दौरा करेगी। इसके बाद यह टीम एक से 11 जुलाई के बीच इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी।

वैभव की मेहनत रंग लाई : संजीव सूर्यवंशी

समस्तीपुर। वैभव सूर्यवंशी के आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली श्रृंखला के लिए भारतीय टी20 टीम में चयन पर उनके परिवार ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मेहनत अब रंग ला रही है। वैभव के पिता संजीव सूर्यवंशी ने कहा, 'बचपन से ही उसने जो कड़ी मेहनत की है, उसका फल अब मिल रहा है। देश के लिए खेलने का मौका मिलना बहुत बड़ी उपलब्धि है। मेरी इच्छा आज पूरी हो गई।' उन्होंने अपने बेटे पर भरोसा जताने के लिए चयनकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस युवा क्रिकेटर को 'अब बस उस भरोसे पर खरा उतरने की जरूरत है।'

खबर संक्षेप

मैग्नस कार्लसन से ज्यादा खतरनाक प्रज्ञानानंदा: थिप्से

नई दिल्ली। द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से का मानना है कि प्रतिष्ठित नॉर्वे शतरंज खिताब जीतने वाले पहले भारतीय आर प्रज्ञानानंदा दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से भी ज्यादा खतरनाक खिलाड़ी हैं। थिप्से ने उन्हें वर्तमान में भारत का सबसे मजबूत खिलाड़ी बताया और कहा कि वह मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश और अर्जुन एरिगैसी से आगे हैं। उन्होंने कहा, ' प्रज्ञानानंदा इस समय सर्वश्रेष्ठ भारतीय शतरंज खिलाड़ी हैं। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए उन्हें दुनिया के सबसे खतरनाक प्रतिद्वंद्वियों में से एक माना जा सकता है। यहां तक कि मैं उन्हें कार्लसन से भी अधिक खतरनाक खिलाड़ी मानता हूं।' थिप्से ने प्रज्ञानानंदा की नॉर्वे शतरंज में मिली जीत को हाल के वर्षों में किसी भारतीय खिलाड़ी द्वारा हासिल की गई सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों में से एक बताया।

वेस्टइंडीज और श्रीलंका का वनडे बारिश के कारण रद्द

किंग्स्टन। वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच दूसरा एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच बारिश के कारण बिना एक भी गेंद फेंके रद्द कर दिया गया। श्रीलंका ने गुरुवार को पहला मैच 41 रन से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली थी। यह दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन की श्रीलंका के कोच के रूप में पहली जीत थी। श्रीलंका की यह कैरेबियाई धरती पर पिछले 13 वर्ष में वनडे में पहली जीत भी थी। वेस्टइंडीज ने दूसरे वनडे में टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था लेकिन इसके बाद बारिश के कारण खेल शुरू नहीं हो पाया और मैच को आखिर में रद्द करना पड़ा।

आईजीपीएल क्लासिक : 10वें स्थान पर खिसके कोचर

अल जदीदा। भारत के गोल्फर करणदीप कोचर तीसरे दौर में दो अंडर 70 का स्कोर बनाने के बावजूद आईजीपीएल भारत क्लासिक में संयुक्त 10वें स्थान पर खिसक गए। चंडीगढ़ के 27 वर्षीय खिलाड़ी कोचर ने टूर्नामेंट में अभी तक कुल सात अंडर का स्कोर बनाया है, लेकिन वह संयुक्त पांचवें स्थान से नीचे खिसक गए। थाईलैंड के सेटी प्राकोंगवेच ने बोगीमुक्त 68 के स्कोर के साथ कुल 13 अंडर पर तीन शॉट की बढ़त हासिल कर ली। रुंचनापोंग यूप्रेयोंग (71) और स्वीडन के चार्ली लिन्ध (67) 10 अंडर पर संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में गगनजीत सिंह भुल्लर और पुखराज सिंह गिल समान 69 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से 36वें स्थान पर हैं।

भारत ने पहली पारी 8 विकेट पर 564 रन बनाकर की घोषित

2023 के बाद घरेलू मैदान में टीम इंडिया ने बनाए 550+रन

एजेंसी ⏭ मुल्लांपुर

भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन पूरी तरह दबदबा कायम कर लिया। भीषण गर्मी के बीच भारत ने वॉशिंगटन सुंदर (नाबाद 52) के संयमित अर्धशतक और सुथार के साथ सातवें विकेट के लिए 54 रन की उपयोगी साझेदारी के बाद अपनी पहली पारी 8 विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित कर दी।

दिन का खेल समाप्त होने तक अफगानिस्तान की टीम 113 रन पर 5 विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। डेब्यू मैच में सुथार ने 15.5 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 7 ओवर में 27 रन देकर 2 विकेट झटके। भारत ने 2023 के बाद पहली बार टेस्ट में घरेलू मैदान पर 550 रनों का आंकड़ा पार किया। इससे पहले टीम ने 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद में खेले गए मैच में 571 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, भारत का यह स्कोर अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में किसी टीम का दूसरा सर्वोच्च टोटल है।

बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में सुथार ने छोड़ा प्रभाव

पहली पारी में 41 गेंदों पर 28 रन की उपयोगी पारी खेलने के बाद सुथार ने गेंदबाजी में भी प्रभाव छोड़ा। चाय से पहले आखिरी ओवर में गेंदबाजी के लिए बुलाए गए सुथार ने अब्दुल मलिक (16) को आउट कर अपना पहला टेस्ट विकेट हासिल किया। मलिक शुरुआती तीन गेंदों पर असहज दिखे और चौथी गेंद पर स्वीप खेलने के प्रयास में विकेट गंवा बैठे। सुथार की पारंपरिक शैली और कलात्मक रन-अप देखने लायक था। ऐसे दौर में जब टी20 क्रिकेट के प्रभाव से स्पिन गेंदबाजी विकेट चटकाने की जगह रन रोकने का हथियार बनती जा रही है, सुथार ने 'फ्लाइट' और 'टर्न' जैसे बुनियादी गुणों के दम पर अलग छाप छोड़ी।

सचिन, सहवाग, अजहर की खास लिस्ट में शामिल हुए गिल

गिल ने अफगानिस्तान के खिलाफ 126 रन बनाए और अब वो भारत की तरफ से 74 टेस्ट पारियों के बाद सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में सचिन, सहवाग और मोहम्मद अजहरुद्दीन के साथ संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर आ गए। गिल ने 74 पारियों में टेस्ट में अब तक कुल 11 शतक लगाए हैं जबकि इन तीनों ने भी 74 पारियों में 11-11 शतक लगाए थे। इस लिस्ट में सुनील गावस्कर पहले नंबर पर हैं, जिन्होंने भारत की तरफ से खेलते हुए टेस्ट की पहली 74 पारियों में 13 शतक लगाए थे।

अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में भारत का दबदबा

पंत ने की कैलिस की बराबरी

पंत ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहली पारी में अपनी 81 रन की पारी के दौरान 3 छक्के और 6 चौके लगाए। इन तीन छक्कों की मदद से पंत अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में जैक कैलिस के साथ संयुक्त रूप से 5वें नंबर पर आ गए। कैलिस ने भी टेस्ट क्रिकेट में 97 छक्के लगाए थे जबकि पंत के भी 97 छक्के हो चुके हैं। इस लिस्ट में पहले नंबर पर बेन स्टोक्स 136 छक्कों के साथ मौजूद है।

सुथार ने किया 25 साल का सूखा खत्म

अफगानिस्तान के खिलाफ न्यू चंडीगढ़ में एकमात्र टेस्ट मैच के दौरान डेब्यू करने वाले स्पिनर मानव सुथार ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 7 जून को पहले ही ओवर में विकेट झटका। सुथार ने अफगानिस्तान के ओपनर अब्दुल मलिक का विकेट लिया। मानव सुथार ने ऐसा करके 25 साल का सूखा खत्म किया। सुथार से पहले टिनू योहानन ने 2001 में इंग्लैंड के खिलाफ ऐसा किया था। डेब्यू मैच में पहले ही ओवर में विकेट लेने वाले पहले भारतीय मोंटू बनर्जी थे। उन्होंने ऐसा 1948 में किया था। उनके अलावा मनोहर हार्दिकर और डब्ल्यूवी रमन ने भी वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले ही ओवर में विकेट हासिल किया था।

गिल ने रूट को छोड़ा पीछे

भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने अफगानिस्तान के खिलाफ न्यू चंडीगढ़ में पहली पारी में 126 रन की शतकीय पारी खेली। गिल अपनी इस शतकीय पारी के बाद डब्ल्यूटीसी 2025-27 में अब सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बने साथ ही साथ वो अब भारत की तरफ से अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेलने वाले बल्लेबाज भी बने। गिल अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेलने वाले बैटर बने।

स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी	रन	गेंद	4	6
जायसवाल का जजई बो सलीम	24	32	5	0
राहुल का गुरबाज बो रहमान	100	165	11	0
सुदर्शन का जजई बो सलीम	81	103	4	0
गिल का जजई बो सलीम	126	177	15	1
पंत का उमरजई बो शाहिदी	81	121	6	3
ध्रुव जुरेल बो मोहम्मद सलीम	19	20	4	0
वॉशिंगटन सुंदर नाबाद	52	68	5	1
सुथार का जजई बो सलीम	28	41	2	2
सिराज बो सलीम	22	12	4	1
कुलदीप यादव नाबाद	09	26	1	0

अतिरिक्त: 22 **कुल:** (127 ओवर में 564/8 रन

गेंदबाजी: जियाउर रहमान 24-2-91-1, अजमतुल्लाह उमरजई 22-5-67-0, मोहम्मद सलीम 27-3-140-6, नांगेयालिया खारोटे 23-0-115-0, अब्दुल मलिक 7-0-43-0, हशमतुल्लाह शाहिदी 24-1-91-1.

अफगानिस्तान पहली पारी	रन	गेंद	4	6
मलिक का सिराज बो सुथार	06	8	3	0
सेदिकुल्लाह अटल का कृष्णा	17	27	3	0
गुरबाज का सुदर्शन बो सुथार	12	40	1	1
रहमत शाह नाबाद	43	81	6	1
शाहिदी पगबाधा कृष्णा	20	48	4	0
जजई का एवं बो सुथार	03	26	0	0

अतिरिक्त: 02 **कुल योग:** 39.5 ओवर में 113/5 रन

गेंदबाजी: सिराज 6-1-24-0, कृष्णा 7-0-27-2, सुथार 15.5-7-21-3, कुलदीप 7-0-29-0, वाशिंगटन4-0-12-0.

टीजी20 नीलामी

सीवी मिलिंद को मिला सिराज से ज्यादा पैसा

■ तिलक वर्मा बने सबसे महंगे खिलाड़ी

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

रामोजी फिल्म सिटी के प्रिंसेस कन्वेंशन सेंटर में पहली टीजी20 प्लेयर नीलामी शुरू हुई। इसमें एचसीए-रजिस्टर्ड 1,300 से अधिक क्रिकेटरों का पूल शामिल था, जिन्हें आइकन, ए+ और ए कैटेगरी में बांटा गया था। इस नीलामी में इंटरनेशनल स्टार, घरेलू स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी और जिला स्तर के होनहार क्रिकेटर एक साथ आए।

यह टीजी20 के उस विजन को दिखाता है जिसका मकसद तेलंगाना की प्रतिभाओं के लिए विश्वस्तरीय प्लैटफॉर्म बनाना है। तिलक वर्मा नीलामी के सबसे महंगे खिलाड़ी बने। वे आइकन कैटेगरी में 33 लाख रुपए में मेदक फाल्कन्स से जुड़े। वहीं, मोहम्मद सिराज को वारंगल वॉरियर्स ने 14 लाख रुपए में चुना और सीवी मिलिंद सबसे महंगे 'अनकैप्ड' खिलाड़ी बने। उन्हें अन्विता खम्मम एसेस ने 17 लाख रुपए में खरीदा।

ए कैटेगरी में उभरते हुए टैलेंट के लिए लगी जबरदस्त बोली

ए+ कैटेगरी में अमन राव (वारंगल वॉरियर्स), प्रज्ञय रेड्डी (पालमुरु स्ट्राइकर्स), अजय देव गौड़ (हैदराबाद ई-चैंपियंस), नितिन साई यादव, एरन जॉर्ज और रक्षण रेड्डी जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को चुना गया, जिससे फ्रेंचाइजी ने अपनी मुख्य टीमें मजबूत कीं। ए कैटेगरी में भी उभरते हुए टैलेंट के लिए जबरदस्त बोली लगी। अरफाज अहमद और अभिरथ रेड्डी 11-11 लाख रुपये में बिककर इस कैटेगरी में संयुक्त रूप से सबसे महंगे खिलाड़ी बने। चंदन साहनी (करीमनगर डायमंड्स), प्रणव वर्मा (हैदराबाद ई-चैंपियंस), और हिमा तेजा (अन्विता खम्मम एसेस) अन्य प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल थे। टीजी20 का पहला एडिशन 21 जून को राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, उप्पल में शुरू होगा। इसमें 8 टीमें 21 दिनों तक चलने वाले 32 मैचों में हिस्सा लेंगी।

लॉर्ड्स टेस्ट

इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को हराया 996 गेंद में मैच खत्म

एजेंसी ⏭ लंदन

इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में रविवार को 115 रनों से हरा दिया। लंदन के लॉड्र्स स्टेडियम में बारिश के कारण चौथे दिन परिणाम आया, लेकिन मैच में सिर्फ 166 ओवर ही गेंदबाजी हुई। कुल 996 गेंद फेंकी गई। चार तेज गेंदबाजों काइल जेमीसन, ओली रॉबिन्सन, नाथन स्मिथ और गस एटकिंसन ने पांच-पांच विकेट लिए। हैरी ब्रूक और एमिलियो ही अर्धशतक लगा पाए।

57 सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर रहा, जो गे ने इंग्लैंड की दूसरी पारी में बनाया। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। इंग्लैंड ने पहली पारी में 140 रन बनाने के बाद न्यूजीलैंड को 113 रन पर आउट कर दिया और 27 रनों की बढ़त हासिल की। इसके बाद दूसरी पारी में 226 रन बनाकर 254 रनों का लक्ष्य दिया। न्यूजीलैंड की टीम दूसरी पारी में 138 रनों पर सिमट गई।

न्यूजीलैंड के चार खिलाड़ी नहीं खोल पाए खाता

कॉनवे 41 और ग्लेन फिलिप्स नाबाद 44 रन ही थोड़ा संघर्ष दिखा पाए। इनके अलावा केन विलियमसन ने 18 रन बनाए। बाकी खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाए। चार खिलाड़ी कप्तान टॉम लैथम, विलियम ओ'रूर्के, डेरिल मिचेल और मैट हेनरी खाता नहीं खोल पाए।

एटकिंसन ने 5 विकेट झटके

रचिन रविंद्र 8, काइल जेमीसन 6, नाथन स्मिथ और टॉम ब्लंडेल ने 4-4 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए गस एटकिंसन ने 5 विकेट झटके। ओली रॉबिन्सन और जोश टंग ने 2-2 विकेट लिए। बेन स्टोक्स को 1 विकेट मिला। इंग्लैंड-न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टेस्ट ओवल में 17 जून से खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में डेब्यूटेंट एमिलियो गे ने 95 गेंद पर 8 चौकों की मदद से 57 रनों की पारी खेली। लॉर्ड्स में खेले जा रहे इस टेस्ट मैच में तीन पारियों में अर्धशतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने।

मुझे अपना व्यक्तित्व बदलने की जरूरत नहीं : अय्यर

मुंबई। भारतीय टी20 टीम के नए कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि उन्हें बचपन से ही चुनौतियों का सामना करना पसंद रहा है और राष्ट्रीय टीम की कप्तानी मिलने का मतलब यह नहीं है कि उन्हें अपना व्यक्तित्व बदलना होगा। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को शनिवार को भारतीय टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। उन्होंने सूर्यकुमार यादव की जगह ली है, जिनकी अगुआई में भारत ने मार्च में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। सुर्यकुमार को टीम में भी जगह नहीं मिली है। अय्यर ने कहा कि वह वही व्यक्ति बने रहना चाहते हैं, जिसने मुंबई के बेहद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट माहौल में खेलते हुए अपनी पहचान बनाई।

महिला फुटबॉल चैंपियनशिप: टूर्नामेंट में बनाया दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय महिला फुटबॉल टीम के सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 का खिताब जीतने पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और कई वरिष्ठ नेताओं ने टीम को बधाई दी है।

■ राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी विजेता टीम शुभकामनाएं, बढ़ाया उत्साह

भारत ने फाइनल मुकाबले में गत चैंपियन बांग्लादेश को 3-1 से हराकर रिकॉर्ड छठी बार दक्षिण एशिया की इस प्रतिष्ठित फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। गोवा के मडगांव में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे टूर्नामेंट में अपना दबदबा कायम रखा और एक बार फिर साबित किया कि महिला फुटबॉल में भारत क्षेत्र की सबसे मजबूत टीमों में से एक है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दी बधाई

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और बेहतरीन टीम भावना का प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति ने कहा कि टीम की यह उल्लेखनीय उपलब्धि देशभर की युवा लड़कियों को अपने सपनों को आत्मविश्वास और साहस के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी।

उपराष्ट्रपति बोले- देश के लिए गर्व का क्षण

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने अपने संदेश में कहा कि यह शानदार उपलब्धि भारत में महिला फुटबॉल की बढ़ती ताकत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड छठा खिताब जीतना पूरे देश के लिए गर्व का विषय है ।

प्रधानमंत्री मोदी ने सराहा टीम का प्रदर्शन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय महिला टीम को बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यह जीत आने वाले समय में अधिक से अधिक युवाओं को फुटबॉल खेलने और खेलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी।

आईटीएफ जे100 टूर्नामेंट: रनर-अप रहीं भारत की 13 वर्षीय सृष्टि किरण

सृष्टि ने ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दिखाया जज्बा

एजेंसी ⏭ ग्वाटेमाला सिटी

बेंगलुरु की 13 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी सृष्टि किरण आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स जे100 टूर्नामेंट में रनर-अप रहीं। सृष्टि को फाइनल में यूएसए की टॉप सीड एलेरी मेंडेल के हाथों 4-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। मैच के आखिरी दौर में क्रैम्प्स से जूझते हुए, इस युवा भारतीय खिलाड़ी ने अपनी ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जबरदस्त जज्बा दिखाया।

फाइनल की शुरुआत में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। सृष्टि ने 2-0 की बढ़त बनाने के बाद पहले सेट में 3-1 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन मेंडेल ने वापसी करते हुए सेट 6-4 से जीत लिया। दूसरे सेट में, भारतीय खिलाड़ी 3-3 की बराबरी पर थीं और उनके पास दो गेम प्वाइंट थे, जिनसे उन्हें 4-3 की अहम बढ़त मिल सकती थी। हालांकि, लगातार दर्द और क्रैम्प्स ने उनकी मूवमेंट को प्रभावित किया, जिससे अमेरिकी खिलाड़ी को मैच पर पकड़ बनाने और जीत हासिल करने का मौका मिल गया।

सृष्टि का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

सृष्टि ने सेमीफाइनल में इस हफ्ते का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए यूएसए की दूसरी सीड फिलिपा डेलगाडो को 6-2, 6-1 से हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की। सृष्टि पिछले हफ्ते अपनी करियर की बेहतरीन जूनियर रैंकिंग 461 पर पहुंची थीं और हाल ही में उपविजेता रहने के बाद उनकी रैंकिंग में और सुधार होने की उम्मीद है।

टूर्नामेंट मेरे लिए बहुत खास: सृष्टि

खिताबी मैच के बाद सृष्टि ने कहा, यह टूर्नामेंट मेरे लिए बहुत खास रहा है। फाइनल तक पहुंचना और कुछ बहुत मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना, इससे मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। बेशक, मैं टाइटल न जीत पाने से निराश हूं, लेकिन इस हफ्ते से मुझे कई अच्छी बातें सीखने को मिली हैं।

हार के बावजूद सृष्टि की अहम उपलब्धि

हार के बावजूद, यह टूर्नामेंट सृष्टि के लिए एक और अहम उपलब्धि रहा, जो लगातार पांच आईटीएफ जूनियर खिताब जीतने के शानदार सफर के बाद ग्वाटेमाला पहुंची थीं। फाइनल तक पहुंचने के इस युवा खिलाड़ी के सफर में सीडेड प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कई शानदार जीत शामिल रहीं। उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत पहले दौर में मेजबान शहर की काटिया मारिया पेमुएलर पर 6-1, 6-0 की दमदार जीत के साथ की। प्री-क्वार्टर फाइनल में सातवीं सीड सारा स्टोयानोव को 6-1, 7-6 (1) से हराया, जिसके बाद क्वार्टर फाइनल के कड़े मुकाबले में मैक्सिको की चौथी सीड हेन एस्ट्राडा कॉर्टेस को 6-4, 4-6, 6-2 से मात दी।

मई-जून की गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया है। पारा 45 डिग्री को पार कर गया है, कूलर-पंखा मानों बेअसर साबित हो रहे हैं। लेकिन, ऐसी गर्मी को देखकर आप सोच रहे हैं कि इस साल गर्मी ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, तो आप पूरी तरह से गलत हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने एक ऐसी खौफनाक चेतावनी दे ही है जिसके सामने अभी की गर्मी कुछ भी नहीं है।

दिसंबर तक 4 डिग्री और बढ़ेगा तापमान! 1997 और 2015 से भी बदतर होंगे हालात

वॉशिंगटन। सुपर कंप्यूटर और ग्लोबल वेदर मॉडल्स के नए डेटा ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। इस साल आने वाला अल नीनो गर्मी के सारे रिकार्ड को तोड़ेगा। प्रशांत महासागर की गहराइयों से एक ऐसा अल नीनो जन्म ले रहा है, जो सबसे भयानक गर्मी लाने वाला है। वैज्ञानिकों ने तो यह भी दावा कर दिया है कि इस साल आने वाला अल नीनो अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ देगा। दुनियाभर के मौसम पर नजर रखने वाली वैज्ञानिक संस्थाओं ने एक बहुत ही डरावनी चेतावनी दी है। यूरोपियन सेंटर फॉर मीडियम-रेंज वेदर फोरकास्ट्स के नए डेटा और प्रेडिक्शन मॉडल्स के अनुसार, इस साल आने वाला अल नीनो इंसानी इतिहास का सबसे खतरनाक और सबसे गर्म अल नीनो साबित हो सकता है।

इस साल का अल नीनो तोड़ेगा सारे रिकॉर्ड

खेती और फूड सप्लाई पर सीधा असर

वैज्ञानिकों के अनुसार, इस साल आने वाला अल नीनो के आने की संभावना सितंबर तक 80% और नवंबर तक 90% है। ऐसे में इस मौसम चक्र के कारण फसलों को भारी नुकसान पहुंच सकता है, जिससे महंगाई और भुखमरी का खतरा और बढ़ जाएगा।

क्या होता है अल नीनो और क्यों बढ़ी है चिंता?

इस साल भारत समेत कई देशों में अपना असर दिखाने आ रहा अल नीनो एक प्राकृतिक समुद्री चक्र है, जो हर दो से सात साल में प्रशांत महासागर में एक्टिव होता है। इसके कारण समुद्र की सतह का तापमान बहुत तेजी से बढ़ता है, जिससे हवाओं का रुख बदल जाता है। इसका परिणाम यह होता है कि दुनिया के कई हिस्सों में भयंकर सूखा, जंगलों में आग और कई देशों में भयंकर बाढ़ आती है। यूनाइटेड नेशंस के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अल नीनो पर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि अल नीनो पहले से ही तप रही धरती की आग में घी डालने का काम करेगा। इसका असर बहुत तेजी से सीमाओं को पार कर पूरी दुनिया को अपनी चपेट में लेगा।

गर्म होगा प्रशांत महासागर का पानी

मौसम वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया है कि इस साल दिसंबर तक प्रशांत महासागर के बीच में पानी का तापमान सामान्य से 5.4 डिग्री फॉरेनहाइट यानी 3 डिग्री सेल्सियस तक ज्यादा बढ़ सकता है। कुछ गंभीर परिस्थितियों में तो इसके 7.2 डिग्री फॉरेनहाइट यानी 4 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की भी संभावना है। अगर ऐसा हुआ, तो यह साल 1997-1998 और 2015-2016 में आए रिकॉर्ड-तोड़ अल नीनो से भी कहीं ज्यादा खतरनाक होगा।

रोचक खबरें

सिक्किम की नन्ही बच्ची ने पढ़ाया पर्यावरण बचाने का पाठ...

गंगटोक। सोशल मीडिया पर हर दिन हजारों वीडियो वायरल होते हैं, लेकिन कुछ वीडियो ऐसे होते हैं जो सीधे दिल को छू जाते हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर ऐसा ही एक वीडियो लोगों का ध्यान खींच रहा है। इस वीडियो में सिक्किम की एक नन्ही बच्ची बड़े ही प्यारे अंदाज में धरती को बचाने की बात करती नजर आ रही है। उसकी मासूम बातें और चेहरे की मुस्कान लोगों को इतनी पसंद आ रही है कि वीडियो तेजी से वायरल हो गया है। खास बात ये है कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी इस वीडियो को शेयर किया है। वीडियो में नजर आ रही बच्ची का नाम ग्रेस वांगचुक भूटिया है। वो सिक्किम के गंगटोक में स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल की एलकेजी छात्रा है। हरे-भरे पहाड़ों और खूबसूरत प्राकृतिक नजारों के बीच खड़ी ग्रेस जिस आत्मविश्वास के साथ अपनी बात कहती है, उसे देखकर हर कोई मुस्कुरा उठता है। उसकी मासूमियत ही इस वीडियो की सबसे बड़ी ताकत बन गई है। वीडियो में ग्रेस कहती है कि पेड़, पक्षी, नदियां और साफ वातावरण हमारी जिंदगी का हिस्सा हैं। वो लोगों से ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने और अपने आसपास सफाई रखने की अपील करती है। छोटी सी उम्र में प्रकृति के लिए उसका प्यार लोगों को खूब प्रभावित कर रहा है। उसकी बातें सुनकर ऐसा लगता है जैसे कोई बच्ची नहीं, बल्कि धरती मां की तरफ से संदेश दे रही हो।

इंसानियत अभी जिंदा है, केरल के युवक ने 14 घंटे सफर कर लौटाया डेबिट कार्ड

तिरुवनंतपुरम। आज के दौर में जहां लोग छोटी-छोटी बातों पर एक-दूसरे पर भरोसा करने से कतराते हैं, वहीं केरल से सामने आई एक कहानी ने लाखों लोगों का दिल जीत लिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में एक अमेरिकी महिला पर्यटक ने बताया कि कैसे एक अनजान युवक ने उसका खोया हुआ डेबिट कार्ड लौटाने के लिए 14 घंटे का सफर तय किया। इस घटना ने न सिर्फ महिला को भावुक कर दिया, बल्कि इंटरनेट पर लोगों का भरोसा भी इंसानियत पर फिर से मजबूत कर दिया। यही वजह है कि ये कहानी तेजी से वायरल हो रही है और लोग इसे दिल छू लेने वाली मिसाल बता रहे हैं। अमेरिका की रहने वाली इंडिया विटकिन केरल में अकेले घूम रही थीं। उन्होंने बताया कि एक दिन वो एटीएम से पैसे निकालने गईं, लेकिन गलती से अपना डेबिट कार्ड मशीन में ही छोड़कर आगे निकल गईं। उन्हें कार्ड के गायब होने का पता तब चला जब वो करीब पांच घंटे दूर तिरुवनंतपुरम पहुंच चुकी थीं। महिला ने तुरंत उस डीएचएल कर्मचारी से संपर्क किया, जिससे उनकी पहले बात हुई थी। उन्होंने उम्मीद की कि शायद कार्ड वहीं मिल जाए। कुछ समय बाद कार्ड मिल भी गया, लेकिन उसे वापस पहुंचाना आसान नहीं था।

खोज

50 साल बाद वैज्ञानिकों को मिली जानकारी

धरती के ऊपर 20 हजार सालों से चल रहा विशालकाय तूफान

वॉशिंगटन। रहस्यों से भरे हमारे ब्रह्मांड में आए दिन कुछ न कुछ नया खुलासा होते रहता है। वहीं, अब 50 सालों की खोज के बाद वैज्ञानिकों ने हमारी गैलक्सी में स्थित एक विशालकाय ब्लैक होल सैजिटेरियस ए स्टार से निकलने वाली शक्तिशाली हवाओं के प्रमाण खोजे हैं।

वैज्ञानिक हमेशा ये कहते आए हैं कि ब्लैक होकर मैटर को कंज्यूम करने के बाद एनर्जी प्रोड्यूस करते हैं, जिससे मैटर उनके आसपास के क्षेत्र से दूर धकेला जाता है। इसी प्रक्रिया को ब्लैक होल विंड्स नाम दिया गया है। ये बात सैजिटेरियस ए स्टार पर भी लागू होती है। हालांकि, यह डस्ट और ब्लैक होल गैस को बेहद कम मात्रा में ही निगलता है।



धरती के लिए खतरा है यह तूफान?

अब सवाल ये है कि क्या मिल्की वे के सेंटर में चल रहा यह तूफान खतरनाक है, तो बता दें कि इसका जवाब न है। वैज्ञानिकों का मानना है कि लगभग 20,000 सालों से यह तूफान चल रहा है, लेकिन हमारी धरती इस ब्लैक होल से 26,000 लाइट-ईयर की दूरी पर है। ऐसे में हमारी दुनिया पर इस तूफान का कोई सीधा असर नहीं पड़ने वाला है। इस खोज से साफ पता चलता है कि हमारा ब्लैक होल बेहद शांत है। वैज्ञानिकों ने इस खोज के लिए अलमा और चंद्रा एक्स-रे टेलीस्कोप की मदद ली। इसकी इमेज में पाया गया कि ठंडी गैस में स्थित खाली जगह से एक्स-रे एमिशन भी निकल रहा था। इस दौरान एक्स रे डाटा और मॉलिक्यूलर फीचर्स एक लाइन में आ गए. टीम की को-लीडर लीना मर्चिकोवा ने बताया कि जब उन्होंने देखा कि एक्स-रे इमेज और हमारी इमेज एक साथ मिली, तो स्पष्ट हो गया कि वहां वाकई में ब्लैक होल की हवाएं मौजूद हैं।

भविष्य पर इस रिसर्च का असर

स्पेस साइंस के इतिहास में यह खोज मील का पत्थर साबित हो सकती है। इससे ब्लैक होल के शांत जीवन को समझने का बड़ा अवसर मिला है। वहीं अब सैजिटेरियस ए स्टार से हमें पता चलेगा कि अपने शांत समय में ब्लैक होल क्या करते हैं। इसको लेकर मर्चिकोवा ने कहा,' इससे पता चलता है कि हमारा ब्लैक होल विश्व में अनोखा या अकेला नहीं है।' हमारे ब्लैक होल के पास भी गैस मौजूद है, जो उसे लगातार फीड कर रही है। आने वाले समय में वैज्ञानिक इस हवा की डायरेक्शन में होने वाले बदलावों के बारे में भी खोज करेंगे।

डरावना पेड़: जो भी चढ़ा, वो हुआ पागल दिन में भी कोई पास नहीं जाता

सुल्तानपुर। हमारे आसपास कुछ चीज ऐसी होती हैं जिस पर विश्वास करना मुश्किल हो जाता है, लेकिन जब हकीकत सामने होती है तो भरोसा करना ही पड़ता है। एक ऐसी ही रोचक कहानी है उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में. सुल्तानपुर जिले में एक गांव पड़ता है। यहां पर एक पेड़ है, जिसके बारे में माना जाता है कि उस पर जो भी चढ़ता है, वह पागल हो जाता है।

इस घटना के बाद टूटी हिम्मत : सावित्री बताती हैं कि उनके गांव में किशुन इस पेड़ पर चढ़े थे। पेड़ पर चढ़ते ही एक बड़ा हाड़ा ने उसे काट खाया। उसके बाद वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। बाद में उसने पेड़ पर तोड़े गए आम को यहां चढ़ाया और काफी प्रार्थना की तब जाकर उसके शरीर पर पड़े फफोले शांत हुए। इस घटना के बाद पेड़ पर कोई भी चढ़ने की हिम्मत नहीं करता है। सुल्तानपुर के लोहरा मऊ गांव में मौजूद इस आम के पेड़ के आसपास कुछ कटीली झाड़ियां हैं और एक पुराना भगवान शंकर का मंदिर है। गांव वाले बताते हैं कि इस मंदिर और इस पेड़ के आसपास आए दिन सांप देखे जाते हैं। माना जाता है कि इस पेड़ पर कोई अदृश्य शक्ति रहती है। जो भी इस पेड़ पर चढ़ता है या इस पेड़ की टहनियों को काटने की कोशिश करता है, वह मानसिक रूप से परेशान हो जाता है।

समंदर का सबसे शातिर शिकारी! आईने को हथियार बनाकर ऑक्टोपस ने ढूंढा छिपा भोजन

न्यूयार्क। समंदर की गहराइयों में रहने वाले ऑक्टोपस हमेशा से अपनी अनोखी बुद्धिमानी, इंसानों को चकमा देने की कला और जेलब्रेक जैसी अजीबो-गरीब हरकतों के लिए जाने जाते हैं। लेकिन, हाल ही में वैज्ञानिकों के हाथ एक ऐसी सफलता लगी है, जिसने जीव विज्ञान की दुनिया में तहलका मचा दिया है। डार्टमाउथ कॉलेज के शोधकर्ताओं ने एक नई रिसर्च में यह साबित कर दिया है कि ऑक्टोपस एक साधारण शीशे यानी आईने का इस्तेमाल करके अपना छिपा हुआ भोजन ढूंढ सकते हैं। यह एक ऐसी मानसिक क्षमता है जो अब तक केवल इंसानों, स्तनधारियों और कुछ खास पक्षियों में ही देखी गई थी. इस चौंकाने वाले खुलासे ने वैज्ञानिकों को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या बिना रीढ़ वाले जीवों का दिमाग भी इंसानों की तरह काम कर सकता है।

ऑक्टोपस लैब में बड़ा चमत्कार

डार्टमाउथ के ऑक्टोपस लैब में शोधकर्ताओं ने कैलिफोर्निया के तीन खास प्रजाति वाले ऑक्टोपस (ऑक्टोपस बिमैकुलोइड्स) पर यह प्रयोग किया. वैज्ञानिक यह देखना चाहते थे कि क्या ऑक्टोपस आईने को एक औजार की तरह इस्तेमाल करके अपने आसपास के माहौल को समझ सकते हैं। इसके लिए उन्होंने खाना ऐसी जगह छिपा दिया जहां ऑक्टोपस उसे सीधे नहीं देख सकते थे। खाना केवल आईने के प्रतिबिंब में ही दिखाई दे रहा था। हैरान करने वाली बात यह रही कि ऑक्टोपस आईने की परछाईं की तरफ नहीं झपटे, बल्कि उन्होंने समझ लिया कि असली खाना किस दिशा में छिपा है और वो सीधे उधर ही गए।

विज्ञान बिना बारिश की सटीक भविष्यवाणी

भोपाल। डिजिटल इंडिया के इस दौर में भी देश के ग्रामीण इलाकों में एक ऐसी अनोखी परंपरा जिंदा है, जो आधुनिक मौसम विज्ञान को भी हैरान कर देती है। विंध्य क्षेत्र के गांवों में किसान आज भी टिटहरी पक्षी के अंडों की स्थिति देखकर मानसून का एकदम सटीक देसी अंदाजा लगा लेते हैं। पीढ़ियों से चला आ रहा यह पारंपरिक ज्ञान आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना सदियों पहले था।

ग्रामीण इलाकों में टिटहरी के अंडों की संख्या का सीधा कनेक्शन मानसून के महीनों से जोड़ा जाता है। अमूमन टिटहरी चार अंडे देती है, जिसे हमारे बुजुर्ग चार महीने के मानसून यानी चौमासे का प्रतीक मानते हैं। मान्यता के अनुसार, हर एक अंडा मानसून के एक खास महीने जैसे आषाढ़, सावन, भादो और क्वार में होने वाली बारिश की स्थिति को बयां करता है।

ऊंचाई पर अंडे मतलब भारी बारिश का अलर्ट

टिटहरी अपने अंडे कहां दे रही है, इस बात पर ग्रामीण बहुत बारीक नजर रखते हैं। अगर टिटहरी ने अपने अंडे खेत की ऊंची मेड़ या किसी सुरक्षित ऊंचाई वाले स्थान पर दिए हैं, तो समझ लीजिए कि उस साल झमाझम बारिश होने वाली है। ग्रामीणों का मानना है कि पक्षी को बाढ़ या जलभराव का पहले ही अहसास हो जाता है, इसलिए वह सुरक्षित ऊंचाई चुनती है। इसके उलट, अगर अंडे किसी समतल या निचले स्थान पर मिलते हैं, तो उसे कम बारिश या सूखे का संकेत माना जाता है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com